* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in


02 अक्टूबर, 2023
अश्विन, शुक्ल पक्ष, तृतीया
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
सोमवार, वर्ष 08, अंक 342

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


गांधी जयंती की
हार्दिक शुभकामनाएं












## मुख्यमंत्री के खनन मामले पर राज्यपाल ने कहा

# 'गलतियों का खामियाजा हर किसी को भुगतना पड़ता है'

- राज्य में अनावश्यक रूप से राजनीतिक अशांति पैदा हो यह नहीं चाहतेः सीपी राधाकृष्णन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की कथित संलिप्तता वाले खनन पट्टा मामले पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि हर किसी को अपनी गलतियों का खामियाजा भुगतना पड़ता है। राधाकृष्णन 'पीटीआइ (भाषा)' के इंटरव्यू में बोल रहे थे। उन्होंने राज्य में संगठित अपराध और नक्सलवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

**राज्यपाल ने नक्सली घटनाओं पर जतायी चिंता :** राज्यपाल ने जेल से जारी आपराधिक गतिविधियों और नक्सलियों की ओर से सुरक्षाकर्मियों की हत्या को चिंताजनक और दुखदायी बताया। राज्यपाल ने कहा कि कानून-व्यवस्था की स्थिति का केवल आंकड़ों के जरिये अध्ययन नहीं किया जा सकता। हमें संगठित अपराध और अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी होगी। कोई जेल से गतिविधियों को अंजाम दे रहा है और कोई विदेश से काम कर रहा है। या तो लोगों (सरकार) को इससे निपटना होगा या हम उनसे इससे निपटने का अनुरोध करेंगे।



### नक्सलियों को लेकर सीएम से की बात

राधाकृष्णन ने कहा कि मैं सरकार से नक्सलियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए बार-बार कहता रहा हूं। आप तलाशी अभियान चलाते हैं और आप अपनी सारी खुफिया जानकारी का उपयोग करते हैं। आप चाहें तो मैं केंद्रीय खुफिया एजेंसियों से सारी जानकारी ले सकता हूं, ताकि हम झारखंड में नक्सलवाद को कुचल सकें। नक्सलियों की ओर से सुरक्षाकर्मियों की हत्या के बारे में मुख्यमंत्री से बात की थी।

### पक्षपातपूर्ण रवैये के आरोपों को किया खारिज

राधाकृष्णन ने पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाये जाने के आरोपों को खारिज किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह किसी आरक्षण के खिलाफ नहीं हैं। लेकिन संविधान का संरक्षक होने के नाते, वह झारखंड में एससी/एसटी, ओबीसी और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को नौकरियों में 77 फीसदी आरक्षण के प्रस्ताव वाले विधेयक को मंजूरी नियमों की अनदेखी कर नहीं कर सकते। सुप्रीम कोर्ट की ओर से आरक्षण को लेकर तय की गयी 50 फीसदी की सीमा संबंधी दिशा-निर्देश का उल्लंघन नहीं किया जा सकता।

**मैं भी गलती करूंगा तो परिणाम भुगतना होगाः** झारखंड में राजनीतिक विवाद खत्म नहीं हो रहे और मुख्यमंत्री के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने समन जारी किया है। इस पर राज्यपाल ने सोरेन से जुड़े कथित अवैध खनन मामले का जिक्र करते हुए कहा कि हम ऐसा कुछ भी नहीं करना चाहते, जिससे राज्य में अनावश्यक रूप से राजनीतिक अशांति पैदा हो और इसके विकास को नुकसान पहुंचे। अगर किसी से कोई गलती होती है, तो उसे उसका परिणाम भुगतना पड़ता है। अगर मैं भी कोई गलती करता हूं, तो मुझे उसका परिणाम भुगतना होगा।

### जल्दीबाजी में कोई काम नहीं करना चाहता

निर्वाचन आयोग ने 25 अगस्त 2022 को राज्य के तत्कालीन राज्यपाल रमेश बैस को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लाभ के पद मामले में अपना फैसला भेज दिया था। इस मुद्दे पर राज्यपाल ने कहा कि आयोग का फैसला पूर्व राज्यपाल को एक सीलबंद लिफाफे में प्राप्त हुआ था। मैंने इसे पढ़ा नहीं है। मैं उचित समय पर इस पर गौर करूंगा। बहुत सनसनीखेज मामलों से जल्दबाजी में नहीं निपटा जा सकता। आपको इसे ठीक से और पूरी तरह से समझना होगा। संविधान विशेषज्ञों की सलाह लेनी होगी। मैं ऐसा कोई कदम नहीं उठाना चाहता, जिस पर सवाल खड़े किये जायें। मैं कोई खराब मिसाल कायम नहीं करना चाहता।

# तेलंगाना में भी ईमानदार सरकार की जरूरतः मोदी

- प्रधानमंत्री ने राज्य में 13,500 करोड़ की परियोजनाएं लांच की

**आजाद सिपाही संवाददाता**

हैदराबाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तेलंगाना के महबूबनगर के दौरे पर थे। उन्होंने रविवार को यहां 13,500 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण और उद्घाटन किया। मोदी ने कहा कि तेलंगाना के लोगों ने बदलाव करने का मन बना लिया है। अब यहां पारदर्शी और ईमानदार सरकार की जरूरत है। राज्य के लोगों ने भाजपा को मजबूत किया है। अब तेलंगाना में भाजपा की सरकार होनी चाहिए।

इस दौरान प्रधानमंत्री ने मुरुगल जिले में सेंट्रल ट्राइबल यूनिवर्सिटी बनाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि नाम ट्राइबल देवियों के नाम पर समक्का सारक्का सेंट्रल ट्राइबल यूनिवर्सिटी रखा जायेगा। साथ ही उन्होंने हल्दी किसानों के हित के लिए नेशनल टर्मरिक बोर्ड का गठन भी किया है। तेलंगाना में मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये कृष्णा स्टेशन से हैदराबाद से काचीगुडा जाने वाली ट्रेन को हरी झंडी दिखायी। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में महिला आरक्षण बिल, उज्ज्वला योजना, शौचायलय योजना का जिक्र किया। साथ ही कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि तेलंगाना सरकार की कार की स्टीयरिंग किसी और के पास है। यहां के विकास को दो फैमिली पार्टियों ने रोक कर रखा है। इन दोनों ही पार्टियों की पहचान करप्शन और कमीशन से है। इन दोनों पार्टियों का एक ही फॉर्मूला है कि पार्टी ऑफ द फैमिली, बॉय द फैमिली एंड फॉर द फैमिली।



### मोदी ने बैयनपुरिया संग किया स्वच्छता श्रमदान

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को श्रमदान किया। उन्होंने हरियाणा के सोनीपत में सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर अंकित बैयनपुरिया के साथ साफ-सफाई में हिस्सा लिया। मोदी ने इसके बारे में अपने एक्स अकाउंट पर शेयर किया है। प्रधानमंत्री ने साफ-सफाई के अलावा अंकित के साथ फिटनेस पर हुई बात को भी लिखा है। करीब 4 मिनट 41 सेकंड के इस वीडियो में पीएम मोदी सबसे पहले अंकित से हाथ मिलाते हैं और उनका हाल-चाल पूछते हैं। इसके बाद देख सकते हैं कि पीएम मोदी और अंकित बैयनपुरिया झाड़ू लगा रहे हैं और कूड़ा उठा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने अंकित के साथ बातचीत में कहा कि मैं इतनी ज्यादा एक्सरसाइज नहीं करता, लेकिन रोजमर्रा के लिए जितना चाहिए उतना करता हूं। मैं डिसिप्लिन फॉलो करता हूं, लकिन खाने की टाइमिंग और सोने के लिए भी पर्याप्त समय में डिसिप्लिन फॉलो नहीं हो पा रहा।

# क्रिमिनल को टिकट क्यों दिया राजनीतिक दलों को बताना होगा

- चुनाव आयोग ने राजस्थान चुनाव से पहले किया एलान
- पहली बार बुजुर्ग-दिव्यांग घर से डाल सकेंगे वोट

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान में विधानसभा चुनाव की तैयारियां शुरू हो गयी हैं। चुनाव आयोग राजस्थान में पहली बार वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं को घर से वोट डालने की सुविधा भी देगा। इसके साथ ही राजनीति में अपराधियों के प्रवेश को रोकने के लिए एक नया कदम उठाया गया है। इसके तहत राजनीतिक दलों को अखबार में स्पष्टीकरण देना होगा कि उन्होंने क्रिमिनल बैकग्राउंड वाले व्यक्ति को टिकट क्यों दिया? मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस कर चुनाव आयोग की तैयारियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के मुताबिक राजस्थान में 80 साल से ऊपर के 11.8 लाख मतदाता हैं। वहीं 100 साल से ऊपर के भी 18,462 मतदाता हैं। इन्हें और 40% से ज्यादा विकलांगता वालों को वोट फ्रॉम होम की सुविधा दी जायेगी। चुनाव का नोटिफिकेशन जारी होने के बाद पांच दिन के अंदर अंदर वोट फॉर होम की सुविधा पाने वाले मतदाताओं को फॉर्म भरना होगा। इसके बाद चुनाव आयोग उनके घर से ही वोट डालने की व्यवस्था करेगा।

## न्यूज रील्स

### रामलला रथ में करेंगे अयोध्या भ्रमण

अयोध्या। अयोध्या में बन रहे राम मंदिर में 22 जनवरी को रामलला विराजेंगे। प्राण-प्रतिष्ठा से पहले सरयू पूजन कर उसके जल से रामलला का अभिषेक होगा। फिर उन्हें रथ से नगर भ्रमण कराया जाएगा। इसके बाद रामलला की मूर्ति को जल, फल और अन्न एक-एक दिन रखा जायेगा।

### कांग्रेस ने अजय माकन को बनाया कोषाध्यक्ष

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अजय माकन को पार्टी का कोषाध्यक्ष नियुक्त किया है। इसकी घोषणा पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने की। उन्होंने कहा कि यह फैसला तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

# निर्बल की रक्षा ही हिंदू धर्मः राहुल

- कांग्रेस सांसद ने एक्स पर दो पन्नों का लेख किया पोस्ट

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को सोशल मीडिया पर हिंदू धर्म को लेकर एक लेख लिखा। करीब दो पन्नों के इस लेख में राहुल ने हिंदू होने का मतलब बताया। राहुल ने सत्यम शिवम सुंदरम टाइटल वाले इस आर्टिकल में लिखा कि निर्बल की रक्षा का कर्तव्य ही उसका धर्म है। हिंदू इतना कमजोर नहीं होता, जो हिंसा का माध्यम बने। राहुल आगे लिखते हैं कि हिंदू वही है, जिस व्यक्ति में अपने भय की तह में जाकर इस महासागर को सत्यनिष्ठा से देखने का साहस है। उन्होंने लेख में कहा कि यह कहना कि हिंदू धर्म केवल कुछ सांस्कृतिक मान्यताओं तक सीमित है, उसका अल्प पाठ होगा। किसी राष्ट्र या भूभाग विशेष से बांधना भी उसकी अवमानना है।




### गोल्डन टेंपल पर मत्था टेकने जायेंगे

उधर, राहुल गांधी का सोमवार को अमृतसर जाने का कार्यक्रम है। इस दौरान वह सिर्फ गोल्डन टेंपल में माथा टेकेंगे। उनका यह कार्यक्रम उस समय बना है, जब कांग्रेस-आप के नेताओं के बीच विधायक सुखपाल सिंह खैहरा की गिरफ्तारी के बाद आइएनडीआइए गठजोड़ को लेकर खींचतान चल रही है। राहुल गांधी का यह कार्यक्रम पूरी तरह से व्यक्तिगत है। पार्टी से जुड़ी बैठक से साफ इनकार किया गया है।

### ओपीएस के लिए कर्मियों ने भरी हुंकार

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** दिल्ली के रामलीला मैदान में रविवार को लाखों सरकारी कर्मचारी इकट्ठा हुए। इनकी मांग है पुरानी पेंशन (ओपीएस) को लागू किया जाये। नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम से जुड़े संगठन इस रैली में शामिल हुए। दिल्ली पुलिस ने मैदान में टेंट लगाने की अनुमति नहीं दी। इसके बावजूद कर्मचारियों की भारी संख्या रैली में हिस्सा लेने पहुंची। कांग्रेस ने रैली का एक वीडियो शेयर करते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट किया और लिखा, पुरानी पेंशन कर्मचारियों का अधिकार है। कांग्रेस की राज्य सरकारों ने पुरानी पेंशन बहाल की है। इसे लेकर हमारी नीति साफ है। कर्मचारियों को उनका हक मिलना ही चाहिए। मोदी सरकार पुरानी पेंशन बहाल करे।



## आजसू महाधिवेशनः भारी बारिश भी कार्यकर्ताओं को नहीं रोक सकी

# सुदेश की मेहनत रंग लायी, जुटे हजारों हजार कार्यकर्ता

- नया सवेरा और झारखंड के नव निर्माण का लिया संकल्प

**सुनील कुमार सिंह**

**रांची (आजाद सिपाही)।** 'वाकिफ कहां जमाना हमारी उड़ान से, वो और थे जो हार गये आसमां से।' जी हां, आजसू ने अपने अधिवेशन के समापन मौके पर जहां ऊंची उड़ान दिखायी, वहीं कार्यकर्ताओं ने बारिश को परास्त करते हुए सुदेश महतो की ताकत बढ़ायी। भारी बारिश के बीच कार्यकर्ताओं के हुजूम ने साबित कर दिया कि आजसू पार्टी ऊंची उड़ान भरने के लिए तैयार है। कार्यकर्ताओं ने सुदेश महतो के नेतृत्व में झारखंड में नया सवेरा और नव निर्माण का संकल्प लेकर अपनी ख्वाहिश भी जता दी।

दरअसल, पिछले तीन दिनों से आजसू का रांची के मोहराबादी मैदान में महाअधिवेशन चल रहा था। रविवार को उसका आखिरी दिन था। इधर शनिवार से ही मौसम झारखंड को अपने आगोश में ले लिया। चारों तरफ झमाझम बारिश। इसने आवाजाही पर विराम लगा दिया। मौसम को देखते हुए आजसू महाधिवेशन पर भी इसकी साया पड़ने की उम्मीद थी, लेकिन हुआ इसका उलटा। रविवार को सुबह से ही बारिश की रफ्तार तेज हो गयी। एक समय तो आयोजकों को भी लगा कि शायद अपेक्षित भीड़ नहीं आ पाये, लेकिन यह क्या, बारिश से भी ज्यादा रफ्तार में कार्यकर्ताओं का जनसैलाब मोरहाबादी मैदान में उमड़ने लगा। स्थिति यह हो गयी कि आजसू का पंडाल छोटा पड़ गया, तो लोगों ने बारिश की परवाह न करते हुए खुले मैदान में खड़ा होकर अपने इरादे और चट्टानी एकता को प्रदर्शित किया। पार्टी के कार्यकताओं में जोश और जुनून इस कदर था कि विपरीत परिस्थितियां और बिजली की कड़क भी उन्हें रोक नहीं पायी। राज्य भर से आजसू कार्यकर्ताओं का जनसैलाब मोरहाबादी मैदान की ओर उमड़ पड़ा। क्या युवक, युवतियां और क्या प्रौढ़, लड़खड़ाते कदमों से बुजुर्ग भी कदमताल करते हुए मोरहाबादी मैदान में बने वाटरप्रूफ पंडाल में समा रहे थे। वह समय भी आया, जब वहां बना पंडाल कार्यकर्ताओं के लिए छोटा पड़ गया। इसके बाद कार्यकर्ता बाहर भीगते हुए वहां जमे रहे। आधी आबादी की संख्या, जोश और जुनून देखनेलायक था।



पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने एक बार फिर सर्वसम्मति से सुदेश कुमार महतो को आजसू पार्टी का केंद्रीय अध्यक्ष घोषित किया। चुनाव पर्यवेक्षक की भूमिका में थे डोमन सिंह मुंडा ने। उमाकांत रजक ने सभा के समक्ष सुदेश कुमार महतो का नाम रखा, जिसका सभी ने ध्वनिमत से समर्थन किया। नाम की घोषणा होते हुए सुदेश महतो के जयकारे से मोरहाबादी गूंज उठा। इसके बाद महाधिवेशन में भावी कार्यक्रम तय किये गये। नौ संकल्प और 24 राजनीतिक प्रस्ताव पारित किये गये। आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो जब मंच पर पहुंचे, तो पूरा मोरहाबादी मैदान नारों से गूंज उठा। सुदेश महतो ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। आजसू के संकल्प को दोहराया। झारखंड के प्रति अपनी जवाबदेही को बताया। झारखंड को संवारने का बीड़ा उठाया। उन्होंने कहा कि कमजोर सरकार के खिलाफ आजसू मजबूती से लड़ाई लड़ेगी और झारखंड को भ्रष्टाचार के दलदल से निकालेगी। झारखंडियों के हक-अधिकार, सम्मान और स्वाभिमान की खातिर आजसू हर कुर्बानी देने को तैयार है। झारखंड सचमुच में अब बदलाव चाहता है। आपके जोश और जज्बे ने इस बात के संकेत दे दिये हैं कि बदलाव होकर रहेगा। कार्यकर्ताओं ने पूरे जोश के साथ नया सवेरा और झारखंड के नव निर्माण का संपकल्प लिया और संकल्प पूरा होने का सपना लेकर विदा हुए।


(संबंधित खबर पेज 03)

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 54,500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 74,000 रु./प्रति किलो |



# कितना कारगर होगा भाजपा का 'मध्यप्रदेश फॉर्मूला'

## ■ गुटबाजी रोकने के उद्देश्य से सांसदों को टिकट देने का फैसला

## ■ प्रदेश के कई इलाकों से आने लगे इस्तीफे, हो गयी है बगावत की शुरुआत

आजाद सिपाही विशेष

**भारतीय जनता पार्टी ने मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल और त्रिपुरा का प्रयोग दुहराया है। भाजपा ने प्रदेश में तीन केंद्रीय मंत्रियों समेत कुल सात सांसदों को विधानसभा चुनाव मैदान में उतारा है। साथ ही पार्टी ने राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय को भी इंदौर की एक सीट से अपना उम्मीदवार बनाया है। माना जा रहा है कि हिमाचल प्रदेश समेत कुछ अन्य राज्यों में गुटबाजी के कारण सत्ता गंवाने के बाद पार्टी ने यह फैसला लिया। उसने बड़े कद वाले नेताओं को विधानसभा चुनाव लड़ा कर गुटबाजी रोकने की कोशिश की, लेकिन उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट आने के कुछ दिनों में ही पार्टी के भीतर से असंतोष की आवाज उठने लगी है। प्रदेश के कई इलाकों में भाजपा के नेता बगावत पर उतर आये हैं और इस्तीफों का दौर शुरू हो गया है। ऐसा माना जा रहा है कि भाजपा का यह दांव उल्टा पड़ गया है। क्या हो रहा है भाजपा के साथ मध्यप्रदेश में, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

यह पहला मौका नहीं है, जब भाजपा ने सांसदों को विधानसभा चुनाव लड़ाने का एलान किया हो। इससे पहले भी भाजपा ने राज्य विधानसभा चुनावों में इस तरह का फॉर्मूला आजमाया था। 2021 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा ने अपने पांच मौजूदा लोकसभा और राज्यसभा सांसदों को टिकट दिया था। इनमें से केवल दो भाजपा सांसद, जगन्नाथ सरकार और निशिथ प्रमाणिक जीतने में सफल रहे। उस चुनाव में भाजपा के दिग्गज नेता और सांसद स्वपन दासगुप्ता, लॉकेट चटर्जी और बाबुल सुप्रियो को हार का सामना करना पड़ा था। 2022 के उत्तरप्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा ने करहल की हाइ प्रोफाइल सीट पर केंद्रीय राज्यमंत्री एसपी सिंह बघेल को अखिलेश यादव के खिलाफ खड़ा किया था। उस चुनाव में भी समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने आगरा से मौजूदा भाजपा सांसद और केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल को बड़े अंतर से हरा दिया था।

फिर भाजपा ने प्रतिमा भौमिक को निर्वाचित सांसद और केंद्रीय राज्यमंत्री होने के बावजूद त्रिपुरा से विधानसभा का चुनाव लड़ने की अनुमति दी। उन्होंने धनपुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। मध्यप्रदेश के मामले में गौर करने वाली बात है कि भाजपा ने हाल के वर्षों में पहली बार किसी विधानसभा चुनाव में इतनी बड़ी संख्या में मौजूदा सांसदों को मैदान में उतारने का फैसला किया है।

भाजपा ने जिन सांसदों को टिकट दिया है, वे सभी मध्यप्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रीय इलाकों का प्रतिनिधित्व करते हैं। इन्हें मैदान में उतार कर भाजपा ने साफ संकेत दिया है कि इस बार पार्टी सामूहिक नेतृत्व में चुनाव लड़ने जा रही है और इसीलिए वह हर क्षेत्र से एक बड़ा चेहरा विधानसभा चुनाव में उतार रही है। लेकिन भाजपा का यह प्रयोग उसके लिए जोखिम भी पैदा कर रहा है।



### चाचौड़ा की भाजपा नेता ने थामा आम आदमी पार्टी का हाथ

भाजपा ने 18 अगस्त को उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की थी। तब से ही कुछ सीटों पर असंतोष की आवाजें उठ रही हैं। इनमें से प्रमुख हैं चाचौड़ा की ममता मीणा, जिन्होंने प्रियंका मीणा के नामांकन से नाराज होकर पार्टी छोड़ दी और आम आदमी पार्टी (आप) में शामिल हो गयीं। उम्मीदवारों को लेकर पार्टी के भीतर तनाव के बारे में पूछे जाने पर भाजपा के प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनी ने कहा, चुनाव के दौरान हर कार्यकर्ता सोचता है कि उसे टिकट मिलना चाहिए। पार्टी ने जीतने की सबसे ज्यादा संभावना वाले उम्मीदवारों को टिकट देने का फैसला किया है। भाजपा में गुटबंदी ज्यादा नहीं है, लेकिन ऐसे मामलों में हम उनसे बात करने की कोशिश करेंगे। संगठन उनसे बात करेगा।

### शुक्ला की जगह रीति पाठक

भाजपा ने सीधी विधानसभा क्षेत्र से तीन बार के विधायक केदारनाथ शुक्ला की जगह सांसद रीति पाठक को उम्मीदवार बनाया है। शुक्ला के समर्थक ने एक आदिवासी युवक पर पेशाब कर दिया था। इस कारण उनका भाजपा से नाता टूट गया। रीति पाठक को उम्मीदवार बनाये जाने के बाद पार्टी के पूर्व सीधी जिला अध्यक्ष राजेश मिश्रा ने विभिन्न पदों से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने कहा, मैंने पार्टी नहीं छोड़ी है, लेकिन सीधी में भाजपा के विभिन्न निकायों से इस्तीफा दे दिया है। मुझे इस फैसले से बहुत बुरा लगा। लेकिन मैं हमेशा की तरह भाजपा के लिए काम करता रहूंगा। यह मेरा विरोध का तरीका है। भाजपा एक लोकतांत्रिक पार्टी है और यहां असहमति के लिए जगह है।

### सतना में निर्दलीय चुनाव लड़ने का एलान

उधर सतना में चार बार के सांसद गणेश सिंह को पार्टी ने इस भरोसे से टिकट दिया कि वह यह सीट कांग्रेस से छीन लेंगे। मौजूदा विधायक डब्बू सिद्धार्थ उर्फ सुखलाल कुशवाहा ने पिछले चुनाव में भाजपा की लगातार जीत का क्रम तोड़ दिया था। 2003 के बाद भाजपा को सतना में पहली बार 2018 के विधानसभा चुनावों में ही हार मिली थी। लेकिन भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष रत्नाकर चतुर्वेदी ने इस फैसले के विरोध में पार्टी छोड़ दी है। उन्होंने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने का एलान भी कर दिया।

### मैहर में सिंधिया समर्थक को टिकट से भाजपा नेता नाराज

भाजपा को केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थकों और पार्टी के पुराने कार्यकर्ताओं के बीच गुटबाजी से भी जूझना पड़ रहा है। हाल के महीनों में सिंधिया के कई समर्थकों ने पार्टी छोड़ दी है और कांग्रेस में शामिल हो गये हैं। मैहर में सिंधिया समर्थक श्रीकांत चतुर्वेदी को टिकट दिया गया है, जिससे मौजूदा विधायक नारायण त्रिपाठी नाराज हैं। उन्होंने 2018 में कांग्रेस के टिकट पर लड़े श्रीकांत चतुर्वेदी को हराया था। त्रिपाठी ने अलग विंध्य प्रदेश की लड़ाई लड़ने के लिए विंध्य जनता पार्टी (विजपा) का गठन किया है। उन्होंने कहा, मैंने भाजपा से इस्तीफा नहीं दिया है। मुझे पार्टी से टिकट नहीं चाहिए था। मैं तय कर रहा हूं कि भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ना है या नहीं।

### श्योपुर में हार रहे कैंडिडेट को तीसरी बार टिकट

इधर श्योपुर में पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय को फिर से टिकट दिये जाने पर पार्टी के कार्यकर्ताओं में असंतोष है। विजय ने 2003 और 2013 का चुनाव जीता था, लेकिन 2008 और 2018 में वह हार गये थे। इसके बावजूद पार्टी ने उन पर भरोसा जताया है। भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राधेश्याम रावत ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं पर मनमानी का आरोप लगाते हुए गुरुवार को इस्तीफा दे दिया। रावत ने कहा कि पिछले 30 वर्षों से एक ही व्यक्ति को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि मीणा समाज के किसी भी व्यक्ति को पार्टी में कोई पद नहीं दिया गया है और एक ऐसे उम्मीदवार को टिकट दिया गया है, जो बड़े अंतर से हार जाता है।

### नागदा-खचरोद में भी बगावत

उज्जैन जिले के नागदा-खचरोद निर्वाचन क्षेत्र में डॉ तेज बहादुर सिंह की उम्मीदवारी का पार्टी के जिला समन्वयक (कानूनी शाखा) लोकेंद्र मेहता ने विरोध किया है। मेहता ने पार्टी छोड़ दी है और निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने का फैसला किया है।

मेहता ने कहा कि मैं 25 वर्षों से भाजपा में हूं और हिंदुत्व की विचारधारा और केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों को प्रचारित करने के लिए हर गांव गया हूं। उन्होंने जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं को दरकिनार कर चैंबर में बैठने वाले नेताओं को टिकट दे दिये हैं। हम कांग्रेस के गढ़ों में नेताओं को ऊपर से उतारने की रणनीति को नहीं समझ पा रहे हैं।

मध्यप्रदेश के इस परिदृश्य से भाजपा में चिंता है। इसलिए पार्टी अभी से डैमेज कंट्रोल में जुट गयी है। असंतुष्ट नेताओं के मान-मनव्वल का सिलसिला भी शुरू हो गया है। चुनाव में क्या होगा, यह तो नहीं कहा जा सकता, लेकिन नये प्रयोग से युवा कार्यकर्ताओं में असंतोष देखा जा रहा है।

# चुनावी हलचल

## एमपी चुनाव: ट्रैक्टर और बुलडोजर के बाद हार्वेस्टर ने की एंट्री

**मध्यप्रदेश** विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने जन आक्रोश यात्रा निकाली है। यह यात्रा एक साथ सात क्षेत्रों से निकाली गयी है, जिसमें बुंदेलखंड से कांग्रेस के नेता अरुण यादव के नेतृत्व में यह यात्रा निकाली जा रही है। कांग्रेस के नेता यात्रा को प्रभावी बनाने के लिए कभी ट्रैक्टर तो कभी कार या पैदल यात्रा निकाल रहे हैं। लेकिन बुंदेलखंड में यात्रा को प्रभावी बनाने के लिए कुछ अलग ही तरीका देखने को मिला है। कांग्रेस नेता अरुण यादव जन आक्रोश यात्रा में हार्वेस्टर से पहुंचे हैं। दरअसल, कांग्रेस की जन आक्रोश यात्रा विदिशा जिले से कुरवाई पहुंची है, जहां यात्रा का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस नेता अरुण यादव खुद हार्वेस्टर चला कर जन आक्रोश यात्रा में कार्यकर्ताओं के बीच पहुंचे हैं। यात्रा के दौरान कुरवाई में अरुण यादव ने जनसभा को संबोधित करते हुए बीजेपी पर जम कर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इस सरकार में किसान, युवा, मजदूर हर वर्ग के लोग परेशान हैं। अब इस सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकने का समय आ गया है। गौरतलब है कि बीजेपी की जन आशीर्वाद यात्रा के जवाब में कांग्रेस ने जन आक्रोश यात्रा निकाली है, जिसकी शुरूआत 19 सितंबर से हुई है। यात्रा पूरे प्रदेश में अलग-अलग क्षेत्रों से निकाली जा रही है, जो 11 हजार किलोमीटर का सफर तय करेगी। यात्रा के दौरान कांग्रेस के नेता कमलनाथ के किये गये 11 वादों को जनता के बीच पहुंचा रहे हैं।



## मध्यप्रदेश चुनाव: टिकट बंटवारे के बाद भाजपाइयों के मन बुझे हुए हैं: कमलनाथ

**विधानसभा** चुनाव को लेकर बीजेपी और कांग्रेस एक दूसरे पर जम कर तंज कस रही हैं। कांग्रेस के कमलनाथ ने बीजेपी पर हमला बोलते हुए कहा है कि बीजेपी के प्रदेश पदाधिकारियों को यह तक नहीं पता कि अगले उम्मीदवारों की सूची में किसका नाम आयेगा। कमलनाथ ने बीजेपी को एकाधिकार का शिकार बताया है। प्रदेश के पूर्व सीएम कमलनाथ ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर बीजेपी के टिकट बंटवारे को लेकर निशाना साधते हुए लिखा है कि अब भाजपा एक दल के रूप में शेष नहीं रही है। प्रदेश पदाधिकारियों और प्रभारियों तक को यह नहीं पता है कि कल को चुनावी लिस्ट में किसका नाम आयेगा। भाजपा की सभी कमेटियां दिखाने को कितनी भी बैठकें कर लें ,पर निर्णय लेने की हैसियत में नहीं है। कमलनाथ ने टिकट बंटवारे के बाद बीजेपी पर निशाना साधते हुए लिखा है कि भाजपा में पहले वे नाराज-नाखुश होते थे, जिनको टिकट नहीं मिलता था या जिन्हें कोई पद नहीं मिलता था, लेकिन अब वे नाराज-नाखुश हो रहे हैं, जिन्हें टिकट मिल रहा है और जो पदों पर होते हुए भी अधिकारहीन हैं। उन्होंने आगे बीजेपी पर हमला बोलते हुए लिखा कि अब जब भाजपा की राजनीतिक गणित एक-दो से आगे किसी और को गिनती ही नहीं है। तो ये दिन तो भाजपा को एक-न-एक दिन देखना ही था। भाजपा के नेताओं के बाहरी आवरण भले चमकते हुए दिखाई दे रहे हों, पर सच यह है कि भाजपाइयों के मन अंदर से बुझे हुए हैं। भाजपा एकाधिकारिता की शिकार हो गयी है।



## ओड़िशा के साथ सात राज्यों में भगवान जगन्नाथ की संपत्ति

## 60 हजार एकड़ से अधिक जमीन, 974 जगहों पर अतिक्रमण

**सत्तारूढ़** बीजू जनता दल के विधायक प्रशांत बेहरा के सवाल पर मंत्री ने बताया कि महाप्रभु जगन्नाथ के नाम पर ओड़िशा के 30 में से 24 जिलों में 60,426.943 एकड़ जमीन की पहचान की गयी है। ओड़िशा के कानून मंत्री जगन्नाथ सराका ने शनिवार को विधानसभा में बताया कि पुरी में स्थित जगन्नाथ मंदिर के नाम पर ओड़िशा और छह अन्य राज्यों में 60,822 एकड़ से अधिक जमीन है। महाप्रभु जगन्नाथ के नाम पर ओडिशा के 30 में से 24 जिलों में 60,426.943 एकड़ जमीन की पहचान की गयी है। बता दें, भगवान जगन्नाथ की यात्रा देश के कई बड़े शहरों में निकाली जाती है। इसमें गुजरात समेत दूसरे राज्यों के कई प्रमुख शहर है। इन शहरों में भगवान जगन्नाथ के मंदिर भी हैं। साराका ने बताया कि इनमें से जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) ने करीब 38,061.892 एकड़ जमीन के अंतिम अधिकार रिकॉर्ड (आरओआर) प्राप्त कर लिए हैं। इसी प्रकार छह राज्यों में भगवान जगन्नाथ के नाम 395.252 एकड़ जमीन की पहचान की गयी है। मंत्री ने बताया कि मंदिर प्रशासन ने पहले ही राज्य की विभिन्न तहसीलों में अतिक्रमण हटाने के लिए 974 मामले दाखिल किए हैं। उन्होंने बताया कि एसजेटीए अधिकारियों की उचित जांच के बाद जगन्नाथ मंदिर अधिनियम 1955 के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज कराया गया है।



## सपा गांव-मोहल्लों में चलायेगी स्टडी सर्किल, समझायेगी धर्म, जाति और कट्टरता से जुड़े मुद्दे

**कार्यकर्ता** प्रशिक्षण शिविरों से पहले सपा गांव-गांव और मोहल्लों में छोटे-छोटे स्टडी सर्किल चला कर अपने समर्थकों को धर्म, जाति, कट्टरता, उदारता और आर्थिक विकास पर लोहिया के विचारों से भी अवगत करा रही है। सपा अपने लोक जागरण अभियान के तहत 4-5 अक्तूबर को प्रतापगढ़ में प्रशिक्षण शिविर चलायेगी। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव समेत सपा के सभी प्रमुख नेता इसमें हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सपा के इस अभियान को अहम माना जा रहा है। अब तक लखीमपुर खीरी, सीतापुर और बांदा में कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन हो चुका है। इन शिविरों को कार्यकर्ताओं को जहां समाजवादी चिंतक डॉ. राममनोहर लोहिया, संविधान निर्माता भीमराव आंबेडकर और सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव की शिक्षाओं की जानकारी दी जाती है, वहीं बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने के गुर भी सिखाये जाते हैं। कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविरों से पहले सपा गांव-गांव और मोहल्लों में छोटे-छोटे स्टडी सर्किल चला कर अपने समर्थकों को धर्म, जाति, कट्टरता, उदारता और आर्थिक विकास पर लोहिया के विचारों से भी अवगत करा रही है। सपा सूत्रों के मुताबिक 4 और 5 अक्तूबर को प्रतापगढ़ में शिविर का आयोजन होगा, जिसमें पांच हजार से ज्यादा कार्यकर्ता भाग लेंगे। उन्हें विभिन्न सत्र चला कर समाजवादी पार्टी की रीति-नीति और समाजवादी सरकारों के कामों की जानकारी दी जायेगी, ताकि लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान कार्यकर्ता इन बातों को आम लोगों के बीच रख सकें। साथ ही कार्यकर्ताओं को अभी से लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुट जाने के लिए प्रेरित भी किया जायेगा। सपा सूत्रों के मुताबिक, प्रतापगढ़ के बाद शाहजहांपुर, सुल्तानपुर और हरदोई में यह आयोजन होंगे। इसके लिए तैयारियां की जा रही हैं। इनकी तिथियां भी शीघ्र ही संबंधित कार्यकर्ताओं को बता दी जायेंगी।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel 1
Subscribe NOW


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 28.4 °c | 22.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.38 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.41 बजे |



## आजसू का महाधिवेशन संपन्न : शहीदों के सपनों को समर्पित रहा नवनिर्माण संकल्प समागम

# स्वशासन से सुशासन लायेंगे : सुदेश महतो

### एक बार फिर सर्वसम्मति से पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष चुने गये सुदेश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** शासन कमजोर, गैर जवाबदेह, भ्रष्टाचार में संलिप्त हो और बेलगाम प्रशासन के हाथों खेलता हो, आम आदमी, पंच, गांव की चौपाल की सत्ता में भागीदारी नहीं हो, तो वहां सुशासन की बात बेमानी होगी। हेमंत सोरेन की सरकार में झारखंड की यही तस्वीर उभरी है। सुशासन और स्वशासन में आम सहमति, जवाबदेही महत्वपूर्ण होती है। हम और हमारी पार्टी ने नवनिर्माण के नौ संकल्पों के साथ स्वशासन से सुशासन का लक्ष्य रखा है। इसमें झारखंडी हक और अधिकार सुनिश्चित किये जायेंगे। राज्य के सपनों को जगाने के लिए आजसू पार्टी आगे बढ़ चुकी है। महाधिवेशन के आखिरी दिन अपने संबोधन में आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने ये बातें कहीं। सुदेश कुमार महतो ने कहा कि सुशासन से मेरा मतलब झारखंडी विचारों, विषयों, आम सहमति, जवाबदेही, उत्तरदायी का अनुसरण और आम आदमी को सत्ता का भागीदार बनाना होगा। सामाजिक न्याय और विकास आधारित होगा। उन्होंने कहा कि गिव एंड टेक की पॉलिटिक्स करने वालों को हमारे महाधिवेशन और विचार मंथन का समझ नहीं हो सकता। राजनीतिक परिदृश्य परतंत्र भारत में स्वतंत्रता संग्राम का उद्गम स्थल आज का झारखंड वर्तमान समय में राजनीतिक भटकाव आर्थिक, दिशाहीनता, प्रशासनिक कुव्यवस्था , टूटते भरोसे, डूबते उम्मीदें एवं बिखरते सपनों का खंडहर प्रदेश बन गया है। राजनीतिक नेताओं की घटती विश्वसनीयता गिरती प्रतिबद्धता, पलटती प्राथमिकता एवं बढ़ती लालसा ने राज्य के युवाओं को निराश किया है । झारखंड के जनमानस में उप घनघोर निराशा एवं सुलगते आक्रोश की यह हालत तब है झारखंड में सिंहासन पर झारखंड आंदोलन की कोख से जन्मे पार्टी के राजकुमार बैठे हैं । मूलवासी आदिवासी के लिए संघर्ष करते-करते आज के राजनैतिक नेतृत्व इस वर्ग का शोषक बन गया। इस अधिवेशन में राजनीतिक समूह ने राजनीतिक परिदृश्य में उपजे शून्यता में आजसू की भूमिका एवं जिम्मेदारी पर गहन मंथन किया। मुख्य राजनीतिक उद्देश्य पिछले, दलितों एवं अल्पसंख्यकों को राजनीतिक और सामाजिक तौर पर उनका वाजिब हक दिलाना तथा सत्ता तथा शासन में जनसंख्या के अनुपात में उनके हिस्सेदारी सुनिश्चित करना है। आजसू दलित, आदिवासी, ओबीसी, अल्पसंख्यक के सामाजिक आधार के दम पर झारखंडी अस्मिता एवं पहचान को पुनर्स्थापित करने के लिए संघर्ष करेगा। और अपने संगठनात्मक ढांचों में हर स्तर पर दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक एवं पिछड़े वर्ग का उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करते हुए युवाओं एवं महिलाओं को गोल बंद कर समाज के सभी वर्गों के सहयोग से स्वशासन से सुशासन तक के समाज एवं व्यवस्था परिवर्तन का आंदोलन प्रारंभ करेगा।



### हेमंत सोरेन से पूछा : आपका आदिवासी दर्शन क्या है

उन्होंने सभा के माध्यम से हेमंत सोरेन से पूछाः आपका आदिवासी दर्शन क्या है। हेमंत सोरेन ने आदिवासी, दलित, अल्पसंख्यक, पिछड़ों को छला है। आदिवासी समाज के वीरों के सपनों को हाशिये पर छोड़ा है। सोरेन का आदिवासी दर्शन यही है कि सत्ता के भागीदारों को पांच किलो चावल और धोती साड़ी देकर उन्हें हाशिये पर रखना है। जबकि सुदेश महतो का आदिवासी दर्शन क्रांतिकारी सिदो- कान्हू, वीर बिरसा, बुधू भगत, जयपाल सिंह, टाना भगत हैं।

झारखंड नवनिर्माण के लिए नौ संकल्पः उन्होंने नवनिर्माण समागम के नौ संकल्पों पर वचनबद्धता जाहिर करते हुए कहा कि आजसू पार्टी यह संकल्प लेती है कि झारखंडी मूलवासियों को उनका हक अधिकार हर हाल में दिलाना सुनिश्चित करेगी। रोजगार मुखी कृषि, उद्योग, खनन, निर्माण, पर्यटन एवं पर्यावरण के संरक्षण और संवर्धन के लिए काम किये जायेंगे। सामाजिक न्याय, राजनीतिक भागीदारी, महिला सशक्तिकरण, एवं जातीय जनगणना के लिए हर मोर्चे पर मुखर रहेंगे।

आजसू का हर एक कार्यकर्ता निर्माणकर्ताआजसू का एक-एक कार्यकर्ता हमारा लीडर है और राज्य का निर्माणकर्ता। हर कार्यकर्ता को नेता के रूप में काम करना होगा, जो सबकी चिंता करे सबकी बात करे। राजनीति उद्देश्य नहीं सेवा मुख्य उद्देश्य बनाना होगा।

### 24 राजनीतिक प्रस्ताव पारित

महाधिवेशन के अंतिम दिन 24 राजनीतिक प्रस्ताव पारित किया । इसमें प्रमुख रूप में वृहत झारखंड राज्य की स्थापना के लिए आजसू पहल तथा आंदोलन करेगी। पश्चिम बंगाल के मिदनापुर, बांकुड़ा एवं पुरूलिया और ओड़िशा के क्योंझर, मयूरभंज, संबलपुर तथा सुंदरगढ़ को झारखंड राज्य का हिस्सा बनाया जाये और झारखंड राज्य में विधानसभा सीटों की संख्या में राज्य गठन के बाद परिवर्तन नहीं किया गया है, राज्य की विधानसभा के लिए कुल सीटों की संख्या 162 कराने का संकल्प लिया और आरक्षण नीति में संशोधन करते हुए अनुसूचित जनजाति को 26 प्रतिशत बढ़ाकर 32 प्रतिशत अनुसूचित जाति को 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 14 प्रतिशत तथा पिछड़ी जाति को 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की जाये।

### सरकार बनायेंगे, हर गांव को पार्टी से जोड़ना है : चंद्रप्रकाश चौधरी

महाधिवेशन के आखिरी दिन सभा को संबोधित करते हुए आजसू पार्टी के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि जिस दिन हम हर गांव को और राज्य की अंतिम कड़ी को पार्टी से जोड़ लेंगे तब आजसू की सरकार बनेगी और सुदेश महतो राज्य के मुख्यमंत्री बनेंगे। उन्होंने कहा कि महाधिवेशन में झारखंड की बुनियादी जरूरतों और अहम विषयों पर सकारात्मक चर्चा हुई इसमें पार्टी के कार्यकताओं को भी अपने विचार रखने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने आरक्षण के नाम पर दिग्भ्रमित किया है। ओबीसी आरक्षण को नगर निकाय चुनावों में खत्म कर दिया। हमें अधिकार लड़कर लेना होगा। इसके लिए हमनें सड़क से लेकर सदन तक प्रदर्शन करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि भाषा और संस्कृति को बचना होगा। विस्थापन और पलायन की समस्या को दूर करना होगा।

### राज्य के नवनिर्माण का संकल्प हम सभी ने लिया है: डॉ लंबोदर

विधायक डॉ लंबोदर महतो ने कहा कि इस महाधिवेशन ने कार्यकर्ताओं को गोलबंद किया है। उसमें ऊर्जा भरी है। अलग- अलग विषयों पर कार्यकर्ताओं ने अपने विचार खुलकर रखे हैं। कार्यकर्ताओं की निश्चित जीत हुई है। युवाओं की पार्टी आजसू में पार्टी अध्यक्ष सुदेश महतो के नेतृत्व में हम सभी को काम करने का मौका मिला है। झारखंड राज्य का नवनिर्माण का संकल्प इस महाधिवेशन में हम सभी ने लिया है। सरकार जल, जंगल जमीन को लूटने में लगी है।

### सुदेश महतो के पास राज्य को विकसित बनाने का विजन है: उमाकांत रजक

पूर्व मंत्री उमाकांत रजक ने कहा कि इस महाधिवेशन में अलग अलग विषयों पर सार्थक चर्चा हुई है। झारखंड की लड़ाई का सपना पूरा नहीं हो पाया है। आज भी राज्य की जनता संघर्ष कर रही है। हम सभी झारखंड के अमर शहीद क्रांतिकारियों के ऋणी हैं। उनके सपनों का झारखंड बनाने के लिए मेहनत करने की आवश्यकता है। सुदेश कुमार महतो के पास राज्य को विकसित बनाने का विजन है।

### सुदेश जैसा दूरदर्शी लीडर राज्य में कोई भी नहीं है : राम चंद्र सहिस

पूर्व मंत्री राम चंद्र सहिस ने कहा कि खनिज संपदा से परिपूर्ण झारखंड राज्य बानने के इतने सालों के बाद भी यहां की जनता गरीब क्यों, युवा बेरोजगार क्यों, किसान परेशान क्यों, यह सबसे बड़ा सवाल है। राज्य में कई राजनीतिक दल हैं जो जनता को ठगना जानते हैं। सुदेश महतो ने पूरे झारखंड के बारे में सोचा है। सुदेश कुमार महतो जैसा दूरदर्शी लीडर राज्य में कोई भी नहीं है।

### महिलाओं को नेतृत्व करने के लिए तैयार रहना होगा: सुनीता चौधरी

रामगढ़ की विधायक सुनीता चौधरी ने कहा कि इस सरकार को कोई टक्कर दे सकता है तो वो है आजसू पार्टी। झारखंडी सभ्यता और संस्कृति को बचाना है। सभी कार्यकर्ताओं को मिलकर इस सरकार के झूठे वादों को जनता के सामने रखना है। महिला बिल के लिए नरेंद्र मोदी सरकार का आभार। इससे राजनीति में महिलाओं को अधिक अवसर प्राप्त होगा। सरकारी नौकरी में भी 50 प्रतिशत आरक्षण हो। महिलाओं को आने वाले समय में नेतृत्व करने के लिए तैयार रहना होगा। आजसू पार्टी ने महिलाओं को हमेशा उचित सम्मान दिया है।

### 2024 के चुनाव में कार्यकर्ता अपना जलवा दिखायेंगे:अकील अख्तर

पूर्व विधायक अकील अख्तर ने कहा कि पार्टी के संकल्प, इरादा, लक्ष्य के लिए हमें मिलजुल कर एक साथ काम करेंगे। सभी कार्यकर्ता पार्टी के संकल्प को गांवों तक पहुंचाने का काम करें। हर घर में पार्टी के संदेश को पहुंचा कर संकल्प लें। बिना डिबेट के हम विकसित नहीं हो सकते। 2024 के चुनाव में आजसू पार्टी के कार्यकर्ता अपना जलवा दिखायेंगे। रोशन लाल चौधरी ने भारी बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में आजसू महाधिवेशन में शामिल होने के लिए आजसू पार्टी के सिपाहियों को धन्यवाद कहा। साथ ही कहा कि पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता मिशन 2024 के लिए तैयार हैं।

### अपने एजेंडा को जन-जन तक पहुंचा कर जीतेंगे चुनाव: डॉ देवशरण भगत

डॉ देवशरण भगत ने कहा कि पार्टी प्रमुख के दूरदर्शी सोच का परिणाम है यह आयोजन। गांव से लेकर विदेश तक की आवाज इस महाधिवेशन में शामिल हुई। आने वाले चुनाव से पहले अपने एजेंडा को जन-जन तक पहुंचा कर इस सरकार को हटा कर दिखायेंगे। सभा को हसन अंसारी, राधेश्याम, माधावचंद्र महतो, तरुण गुप्ता, यशोदा देवी, तिवारी महतो, भरत कांशी, कुशवाहा शिवपूजन मेहता, नजमूल हसन हाशमी सहित अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया।


# फाइल, फोल्डर और बॉस से चल रही हेमंत सरकार: बाबूलाल मरांडी

### कहा-आदिवासी का मतलब क्या राज्य को लूटना और लुटवाना होता है

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गिरिडीह/गांडेय।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने गिरिडीह की संकल्प सभा में हेमंत सोरेन पर जम कर निशाना साधा। संबोधन से पूर्व श्री मरांडी ने बारिश के बीच हजारों की संख्या में सभा में पहुंचे लोगों का आभार प्रकट किया। कहा, यह उत्साह बता रहा कि 2024 के लोकसभा और विधानसभा चुनावों में जनता का मिजाज क्या है। उन्होंने कहा कि इडी जांच में जिस प्रकार हेमंत सरकार के कारनामे उजागर हुए हैं, उससे भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा उजागर हुई है। उन्होंने कहा कि जनता को आज पता चला कि कैसे फाइल का मतलब एक लाख, फोल्डर का मतलब एक करोड़ और बॉस का मतलब निश्चित तौर पर और कोई नही मुख्यमंत्री ही होगा। क्योंकि राज्य सरकार का बॉस तो मुख्यमंत्री ही होता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी अब तो मीडिया भी वही बात बोल रही, जो भाजपा आपके लिए बोल रही। जनता बोल रही। उन्होंने कहा कि क्या राज्य की जनता ने हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री इसीलिए बनाया था? आदिवासी का मतलब क्या राज्य को लूटना और लुटवाना होता है? हिम्मत है तो बताइए लगभग चार वर्षों में आपने आदिवासियों के विकास के लिए कौन सा काम किया। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन और उनके परिवार ने राज्य में दलालों, बिचौलियों, लुटेरों को कोयला, लोहा, पत्थर, बालू सब लूटने की छूट दे दी। खुद आदिवासियों की जमीन को नामी, बेनामी तरीके से हड़पा। महाजन के खिलाफ लड़ते लड़ते खुद राज्य के सबसे बड़े महाजन बन बैठे। आज संथाल परगना, रांची, बोकारो सभी जगह हेमंत सोरेन और शिबू सोरेन परिवार की जितनी जमीन है, उतनी किसी परिवार के पास नहीं है। कहा कि अंचल, थाना, ब्लॉक, जिला किसी ऑफिस में जायें, बिना पैसे के कोई काम नही होता। आय प्रमाण पत्र, आवास, जाति प्रमाण पत्र क्या मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए भी पैसे देने पड़ते हैं। राशन कार्ड में नाम जुड़वाने के लिए भी पैसे देने पड़ते हैं। कहा कि ऑफिसर बोलते हैं देकर आये हैं तो लेंगे ही। पद पोस्ट को मोबाइल की तरह रिचार्ज कराना पड़ता है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री, मंत्री सभी ट्रांसफर पोस्टिंग में पैसा ले रहे, तो फिर भ्रष्टाचार कैसे रुकेगा। उन्होंने कहा कि टेस्ट किया हुआ नुस्खा है, जिस दिन मंत्री ट्रांसफर पोस्टिंग में पैसा लेना बंद कर देंगे, भ्रष्टाचार वहीं से खत्म होने लगेगा। कहा कि इतना ही नहीं मुख्यमंत्री गरीबों का अनाज लूट कर अपनी तिजोरी भर रहे। श्री मरांडी ने कहा कि राज्य की कानून व्यवस्था ध्वस्त है। पुलिस अपराधियों को पकड़ने में नहीं, बल्कि वसूली में लगी हुई है। रोज हत्या, लूट, अपहरण, डकैती की घटनाएं हो रहीं। बहन बेटियों की इज्जत सुरक्षित नहीं है। कहा कि विगत छह महीनो में राज्य में 23 व्यापारियों की हत्या हुई है, जिसमे नौ ने पुलिस से लिखित आवेदन देकर सुरक्षा मांगी थी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री इसकी एसआइटी गठित कर जांच करायें या सीबीआइ जांच की अनुशंसा करें। और अगर ये सरकार नही करती तो भाजपा सरकार जांच करा कर दोषियों को कड़ी सजा दिलायेगी।





# हाइस्कूल शिक्षकों को सीएम हेमंत 16 अक्तूबर को देंगे नियुक्ति पत्र

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद राज्य में साल 2016 में निकाली गयी हाइस्कूल शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया को पूरा करने की प्रक्रिया चल रही है। इसी कड़ी में दूसरे चरण में 813 नव चयनीत शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दिया जायेगा। इस नियुक्ति पत्र में कई विषयों के शिक्षक शामिल हैं। इन नव चयनीत हाइस्कूल शिक्षकों को सीएम हेमंत सोरेन नियुक्ति पत्र देंगे। इससे पहले खेलगांव में 3469 शिक्षकों को सीएम हेमंत सोरेन नियुक्ति पत्र दे चुके हैं।

### 16 अक्टूबर को मिलेगा नियुक्ति पत्र



813 नव चयनीत शिक्षकों को नियुक्ति पत्र देने के लिए राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में कार्यक्रम आयोजित किया गया है। अब तक की जानकारी के अनुसार 16 अक्टूबर को नियुक्ति पत्र कार्यक्रम आयोजित होना है। यहां सीएम हेमंत सोरेन सभी 813 नव चयनीत शिक्षकों को नियुक्ति पत्र देंगे। इस संबंध में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव के रवि कुमार ने सभी जिलों के उपायुक्त को पत्र लिखकर आवश्यक कार्रवाई करने को कहा है।

### जल्द बुलायें जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव के रवि कुमार की ओर से भेजे गये पत्र में कहा गया है कि अनुशंसित स्नातक प्रशिक्षित अभ्यर्थियों के मूल प्रमाण पत्रों के मिलान के बाद नियुक्ति के लिए जिला शिक्षा स्थापना समिति की शीघ्र बैठक बुलायें। वहीं विद्यालय में पदस्थापना की कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। वहीं उन्होंने कहा है कि स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों का नियुक्ति पत्र तैयार कर संबंधित जिला पदाधिकारी अपने संबंधित अभ्यर्थियों के साथ 16 अक्टूबर को मोरहाबादी मैदान में उक्त समारोह में उपस्थित रहेंगे।

## नाली का गंदी पानी विद्यालय परिसर में घुसने से विद्यार्थियों को परेशानी



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड के मुख्य चौक स्थित आदर्श मध्य विद्यालय के प्रांगण में नाली का निर्माण नहीं होने के कारण नाली का पानी प्रवेश कर जा रहा है।आदर्श मध्य विद्यालय के मुख्य गेट के पास और साइड गेट के पास नाली का पानी जमा रहता है। विद्यार्थियों व शिक्षकों को आने-जाने में परेशानी होती है। लेकिन अभिकर्ता द्वारा अब तक काम शुरू नहीं किया गया है। जबकि अंबा प्रसाद ने अभिकर्ता को जल्द नाली बनाने का आदेश दी थी। नाली का पानी बीच सड़क में जमे रहने के कारण काली मंदिर में पूजा करने वालों और डॉ भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा में पुष्पांजलि अर्पित करने वाले जनप्रतिनिधियों और सड़कों में आने जाने करने वाले राहगीरों को हमेशा गंदे पानियों से गुजरना पड़ता है। विशेश्वर नाथ चौबे का कहना है कि स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा डीएमएफटी फंड से 40 लाख रुपए से नाली का निर्माण किया जायेगा। इसका शिलान्यास विधायक द्वारा की जा चुकी है। लेकिन अभिकर्ता को जल्द काम शुरू कर देनी चाहिए। शिक्षक को और छात्रों का कहना है कि अभिकर्ता द्वारा नाली निर्माण में लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। जल्द से जल्द निर्माण शुरू करने चाहिए।

## संदीप ने एनसीबी में पायी सफलता



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के घंघरी निवासी संदीप कुमार यादव पिता छोटी यादव का चयन एनसीबी (स्वापक नियंत्रण ब्यूरो) विभाग में हुआ है। संदीप यादव एसएससी द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षा में एनसीबी विभाग में ऑल इंडिया रैंक में 179 वां रैंक पाकर अपने माता-पिता और बरकट्ठा क्षेत्र का नाम रौशन किया। उन्होंने बताया कि मेरे पिता किसान है और दैनिक मजदूरी का काम करते हैं, माता गृहणी है ।मेरी प्राथमिक शिक्षा गांव के ही उत्क्रमित मध्य विद्यालय घंघरी, माध्यमिक शिक्षा प्लस टू उच्च विद्यालय बरकट्ठा, तथा इंटरमीडिएट और स्नातक की परीक्षा मार्खम कॉलेज ऑफ कॉमर्स हजारीबाग से हुई। सफलता के बाद परिवार के साथ-साथ पूरे क्षेत्र के लोगों में हर्ष का माहौल है। सक्सेस प्वाइंट कोचिंग संस्थान बरकट्ठा के द्वारा संदीप कुमार यादव को फुल माला पहनाकर व डायरी पेन देकर सम्मान किया गया। बताया गया कि संदीप माध्यमिक परीक्षा की संपूर्ण तैयारी इसी संस्थान से किया था।

## खरकी में दो घरों में चोरी



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** बीती रात सुदूरवर्ती गाव खरकी में चोरों ने दो घरों से नकदी समेत जेवरात ले उड़े। इस सम्बध मे बताया कि हरिहर सिंह और छोटन सिंह के घर के लोग 29 सितंबर की सुबह सो कर उठे तो घर का सारा समान इधर उधर बिखरा पड़ा था। गोदरेज का ताला तोड़कर सोना व चांदी के जेवरात और नकदी बीस हजार रुपये चोरी कर चोर ले गये। इसी तरह गत दिनों उच्चाघाना में भी एक घर मे चोरी की घटना हुई थी। इस सम्बंध में बताया कि घटना की सूचना विष्णुगढ़ पुलिस को दे दी गयी है।

## चार दिन पूर्व चोरी हुई स्कॉर्पियो का अब तक नहीं चला पता, वाहन मालिक परेशान




**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के नया खाप (मुकुंदगंज) से 27 सितंबर की रात चोरी हुई स्कॉर्पियो का चार दिन गुजरने के बाद भी कही अता पता नही चल पाया है, जिससे वाहन मालिक परेशान है। वाहन मालिक इचाक थाना क्षेत्र के भुसाईं गांव निवासी धर्मेंद्र कुमार सिंह ने बताया की मैने अपने स्कॉर्पियो संख्या जेएच 02 ए आर 5838 को 27 सितंबर को ड्राइवर कृष्णा प्रजापति के कहने पर मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के नयाखाप (मुकुंदगंज) निवासी हीरा लाल प्रजापति पिता गणेश प्रजापति को चलाने के लिए दिया था। दूसरे दिन ही सुबह सुबह ड्राइवर ने फोन कर बताया की गाड़ी की चोरी हो गयी। जब भागा भागा उस स्थान पर पहुंचा तो देखा की गाड़ी का शीशा टूटा हुआ नीचे बिखरा है। स्कॉर्पियो के भाड़ा से ही हमारे परिवार का गुजर बसर चलता है। अगर गाड़ी जल्द बरामद नही हुई तो परिवार पर आर्थिक संकट में आ जायेगा।

## एनएच 522 पर गिरा सुखा शीशम पेड़



**दारू (हजारीबाग) (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत उप स्वास्थ्य महेशरा के समीप रविवार को सुबह तकरीबन 8:00 बजे एनएच 522 के किनारे एक सूखे मोटे सिसम का पेड़ अचानक गिर जाने से आवागमन बाधित रहा। आसपास के लोगों ने दारू थाना एवं वनकर्मी को सूचित किया सूचना पाते ही मौके पर दारू पुलिस एवं वन विभाग के कर्मी घटनास्थल पर पहुंचकर जाम को धीरे धीरे हटवाया।प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि लगातार हो रही वर्षा के कारण गीली जमीन सूखे पेड़ को स्थिर नहीं कर पाया और यह अचानक बिजली के तार पर गिर गया। हालांकि किसी तरह का कोई दुर्घटना नहीं घटी। लोगो ने कहा कि यह पहली घटना नहीं है, यह घटना तब तक घटता रहेगा जब तक एनएच 522 के किनारे सारी सुखी पेड़ को हटाया नहीं जायेगा। वन कर्मी एवं आसपास के लोगों ने पेड़ों की पतली पतली टहनियों को काटकर हटाया इसके बाद आवागमन सुचारू रूप से प्रारंभ हुआ।

## एनटीपीसी ने लाइब्रेरी का उद्घाटन किया



**केरेडारी (आजाद सिपाही)** एनटीपीसी की चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना द्वारा शनिवार को पगार गांव के उच्च विद्यालय में लाइब्रेरी का उद्घाटन किया गया। चट्टी बरियातु परियोजना के परियोजना प्रमुख नवीन गुप्ता ने विद्यालय के प्रधानाचार्य और सभी अध्यापकों को बधाई दी। एनटीपीसी चट्टी बरियातु द्वारा इस लाइब्रेरी का निर्माण किया गया है,परियोजना द्वारा लाइब्रेरी के लिए टेबल कुर्सी और किताबें भी उपलब्ध कराई गयी है। विद्यालय में लाइब्रेरी होने से विद्यार्थियों को एकाग्रता से पढ़ने में सहायता मिलती है। परियोजना प्रमुख नवीन गुप्ता ने सभी अध्यापकों को आश्वासन दिया कि एनटीपीसी बच्चों की पढ़ाई के लिए सामाजिक कल्याण के कार्य करने में हमेशा तत्पर रहती है। बच्चों को समय समय पर स्कूल बैग, स्टेशनरी और अन्य पढ़ाई में आवश्यक चीजे उपलब्ध कराई जाती है।

## एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा।मामले को लेकर बड़कागांव थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने बताया कि बड़कागांव थाना कांड संख्या 310 / 23 धारा 341 , 323 , 324 , 307, 498, ( ए ) 504 भा. द. वि. के तहत मामला दर्ज कर गंगा दोहर निवासी रामकुमार उम्र 44 वर्ष को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### स्वच्छता को लेकर सामूहिक श्रमदान में कई सामाजिक संगठनों का रहा सहयोग

# घरों से निकलने वाले कूड़े कचरे को निर्धारित स्थान पर ही डालें : हर्षवर्धन

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** मेरा शहर मेरी जिम्मेदारी के तहत झुमरी तिलैया शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए कार्यपालक प्रशासक हर्षवर्धन के द्वारा की गयी अपील 1 अक्टूबर 1 घंटा एक साथ को रोटरी, आईएमए, लायंस, चैंबर ऑफ कॉमर्स आदि का आंशिक सहयोग मिला। हालांकि सभी ने निर्धारित समय में सड़कों पर उतरकर सामूहिक रूप से श्रमदान दिया। इसमें सबसे ज्यादा सक्रिय निवर्तमान वार्ड पार्षद पिंकी जैन व अनुराग सिंह नजर आये। स्वच्छता को लेकर कार्यपालक प्रशासक हर्षवर्धन के नेतृत्व में 1 घंटे के इस सामूहिक श्रमदान में लोगों ने अड्डी बंगला रोड स्थित नगर परिषद कार्यालय से निकलकर स्टेशन रोड झंडा चौक होते हुए महाराणा प्रताप चौक तक सफाई अभियान चलाया। लगातार बारिश होने के बावजूद लोगों में सफाई के प्रति काफी जागरुकता देखी गई। इसके लिए कार्यपालक प्रशासक ने रोटरी, आईएमए सहित अन्य संस्थाओं के प्रति आभार जताया। इस मौके पर रोटरी क्लब के सचिव नवीन जैन, चैंबर ऑफ कॉमर्स के रामरतन महर्षि, आईएमए के अध्यक्ष आर पी शर्मा, सचिव डॉ नरेश, डॉ सागरमानी, डॉ नीरज, सतीश, सिटी मिशन मैनेजर नीलम, संजीव, सुभाष, लिपिक राजेश, संगणक मिल्टन टंडन, विमल, बलराम, राजेश मोदी, सफाई निरीक्षक राजूराम, मिथिलेश के अलावा काफी संख्या में गणमान्य लोग व सफाई कर्मी शामिल थे। अभियान के क्रम में कार्यपालक प्रशासक हर्षवर्धन ने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे घरों से निकलने वाले कूड़े कचरे को इधर-उधर ना फेंक कर निर्धारित स्थान पर ही डालें या फिर नगर परिषद की गाड़ियों में ही कूड़े को डालें।





### चार अलग-अलग स्थान पर चला सामूहिक श्रमदान अभियान

**शहर के चार अलग-अलग इलाकों में सामूहिक स्वच्छता श्रमदान अभियान चलाया जा रहा था। इसमें शहर की अड्डी बंगाल रोड से झंडा चौक तक, कन्हैया स्वीट्स से महाराणा प्रताप चौक, रांची पटना रोड स्थित स्टेशन से तिलैया थाना तथा गुमो शामिल है।**

## हेमंत सरकार आमजनों के लिए कई योजनाएं चला रही : संजीव

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** प्रखंड के अंतर्गत मध्य पंचायत में झामुमो का कार्यकर्ता सम्मेलन किया गया । जिसकी अध्यक्षता मुख्य संयोजक संजय सिंह, संचालन इंद्रदेव राम व नंदकिशोर भुईंया ने किया। मुख्य अतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय सचिव सह झारखंड सरकार राज्य परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव बेदिया उपस्थित हुए। संगठन की मजबूती पर लोगों ने चर्चा किया और पंचायत कमेटी का गठन किया गया। इस दौरान लगभग दूसरे दल के 125 समर्थकों ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। पंचायत में संगठन की मजबूती के लिए मोती भुइयां को अध्यक्ष, सुनील सचिव, तनवीर आलम कोषाध्यक्ष उपाध्यक्ष दिनेश राणा, नरसिंह तुरी, संजय रवि, संयुक्त सचिव राजू, सुनील, अजय, संगठन सचिव गणेशा को बनाया गया इसके अलावा कई लोगों को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। नव चयनित पदाधिकारी और कार्यकारिणी सदस्यों को मुख्य अतिथि संजीव बेदिया, संजय सिंह और अन्य वरिष्ठ झामुमो कार्यकर्ताओं के द्वारा झामुमो का पट्टा देकर सम्मानित किया गया। मौके पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संजीव बेदिया ने कहा कि झारखंड सरकार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा आदिवासी मूल निवासी के लिए भिन्न-भिन्न प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही है एसी, एससी ओबीसी के लिए कल्याण विभाग में विशेष प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही है एसी, एससी ओबीसी के लिए कल्याण विभाग में विशेष प्रकार का योजनाएं चलाई जा रही हैं। मुख्यमंत्री सृजन रोजगार योजना, पशु निधि योजना,सावित्रीबाई फुले योजना विधवा पेंशन योजना वृद्धा पेंशन योजना, विकलांग पेंशन योजना, फूलों जानो योजना सीधे तौर ग्रामीणों को लाभ मिल रहा है। वहीं पर संजय सिंह ने कहा पूरे बड़कागांव विधानसभा में 50 हजार नये सदस्य बनाने का लक्ष्य है, जो 2 महीने के अंदर पूरा किया जायेगा।

## शिक्षकों की मांग विद्यालयों और इंटर कॉलेज को अधिग्रहण या घाटानुदान दिया जाये



**माण्डू (आजाद सिपाही)।** विधानसभा क्षेत्र के वित्त रहित इंटर कॉलेज और उच्च विद्यालय के सभी शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने झारखंड वित्त रहित संयुक्त संघर्ष मोर्चा के द्वारा चलाये जा रहे चरण वद आन्दोलन के तहत माण्डू विधानसभा के विधायक माननीय जय प्रकाश भाई पटेल के हजारीबाग स्थित आवास का घेराव किया और अपनी मांगों को रखा। इन शिक्षकों ने 25-30वर्षों से विद्यालयो में विना वेतन के सेवा दे रहें हैं। साल में एक बार अनुदान मिलता है जो एक दैनिक मजदूर से भी कम है। उसमें भी हर वर्ष कोई न कोई बहाना बना कर अनुदान रोक दिया जाता है। इन विद्यालयों के शिक्षकों की स्थिति काफी दयनीय हो गया है। इन विद्यालयो और इण्टर कालेजों मे लगभग 98% छात्र छात्राएं ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब, दलित, आदिवासी, पिछडी और अल्पसंख्यक समुदाय के शिक्षा ग्रहण करते हैं। शिक्षकों का एक ही मांग है कि इन विद्यालयो एवं इण्टर कालेज को अधिग्रहण या घाटानुदान दिया जाय। विधायक जी ने इन विद्यालयो को अधिग्रहण करने हेतु मुख्यमंत्री कोआग्रह पत्र लिखे और इन संस्थाओं के हर समस्या के समाधान के लिए आश्वासन दिये।

## विधायक ने किया कब्रिस्तान घेराबंदी का शिलान्यास



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत बेडोकला के केन्दुआ में विधायक अमित कुमार यादव ने कल्याण विभाग के दो विकास योजनाओ का शिलान्यास किया। विधायक ने सर्वप्रथम ग्राम केन्दुआ में होने वाली कब्रिस्तान घेरा बंदी की आधारशिला रखीं. इसके पश्चात ग्राम बेडोकला टोला बरसोती टांड में कब्रिस्तान घेरा बंदी निर्माण कार्य का आधारशिला रखा। दोनों कार्य कल्याण विभाग मद से लगभग 23 लाख 20 हजार 400 रुपये की लागत से किया जायेगा। मौके पर बरकट्ठा जिप सदस्य कुमकुम देवी, मुखिया रिंकी, स्वास्थ्य शिक्षा मंत्री पंसस यूसुफ, रामचन्द्र, पूर्व पंसस किताबुन, पूर्व मुखिया सरयु मौजूद थे। विधायक अमित यादव ने कहा की दोनों स्थानों पर कब्रिस्तान की चारदीवारी हो जाने से पवित्र स्थल सुरक्षित रहेगा। ग्रामीणों के द्वारा वर्षों से इसकी घेरा बंदी कि मांग आज साकार हुआ है। उन्होन कहा की क्षेत्र की बुनियादी जरूरतो को प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। यूसुफ ने विधायक से नौनिया दहा घाट नदी में मुस्लिम टोला के बगल बेडोकला से घंघरी होते हुए गोरहर एनएच को जोड़ने वाली सड़क व पुल बनाने की मांग किया।

## बरही कोबरा वाहिनी 203 ने अनुमंडलीय अस्पताल में चलाया स्वच्छता अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरही।** गृह मंत्रालय भारत सरकार और इस वाहिनी के उच्च कार्यालय के आदेशानुसार 15 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2023 तक स्वच्छता पखवाड़ा स्वच्छता ही सेवा पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। 02 अक्टूबर 2023 को महात्मा गांधी की जयंती की पूर्व संध्या पर उन्हें श्रद्धांजलि के रूप में देश भर में 01 अक्टूबर 2023 को एक तारीख एक घंटा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा हैं। जिसमें 203 कोबरा वाहिनी बरही हजारीबाग के अधिकारियों व कार्मिकों की ओर से सुबह 10 बजे से 11 बजे तक बरही अनुमंडलीय अस्पताल में विशेष स्वच्छता अभियान 203 कोबरा वाहिनी के कमांडेंट पवन कुमार सिंह के नेतृत्व में चलाया गया और सभी को कचरा निपटान और गिला और सुखा कचरा को अलग-अलग रखने की विधि की भी जानकारी दी गयी। पवन सिंह कमान्डेण्ट 203 वाहिनी ने बताया कि 203 कोबरा वाहिनी नक्सल विरोधी अभियान के साथ स्वच्छ जीवन शैली के प्रति आम जनमानस को प्रेरित करने के लिए प्रतिबद्ध है। स्वास्थ्य और स्वच्छता में अन्योन्याश्रय संबंध है क्योकि कई ऐसी बीमारियां है। जिनका मुख्य कारण अस्वच्छता और गंदगी हैं। इससे बचाव का एक मात्र उपाय है कि स्वच्छता को बढ़ावा देना। यदि हम अपने आस पास साफ सुथरा रखेंगे तभी मच्छरों और कीटाणुओं का प्रकोप कम होगा।

## शौर्य जागरण रथ यात्रा पहुंची कोडरमा और झुमरीतिलैया

आजाद सिपाही संवाददाता

### धर्म सभा में शामिल हुए सैकड़ों लोग



**कोडरमा।** विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल द्वारा निकाला गया शौर्य जागरण रथ यात्रा रविवार को कोडरमा पहुंचा। जिले के चंदवारा, झुमरीतिलिया, कोडरमा नगर, डोमचांच, नवलशाही और बरियारडीह में कई संगठनों ने जगह-जगह यात्रा का भव्य स्वागत किया। झुमरीतिलैया झंडा चौक और कोडरमा हनुमान मंदिर के पास धर्म सभा का भी आयोजन किया गया। धर्म सभा में लोगों को सनातन धर्म के बारे में बताया गया। वक्ताओं ने अयोध्या में बना रहे भव्य राम मंदिर के बारे में कई जानकारी लोगों के साथ साझा की। धर्म सभा में महावीर मंदिर में विशेष पूजा अर्चना और महा आरती का भी आयोजन किया गया। भारी बारिश के बाद भी रथ के स्वागत में लोग जूट रहे, वहीं कोडरमा नगर में पैदल भ्रमण में भी शामिल हुए। यहां बताते चलें कि अयोध्या राम मंदिर में राम लल्ला की प्रतिष्ठा को लेकर शौर्य जागरण रथ यात्रा झारखंड भ्रमण पर निकला है वही 8 अक्टूबर को रांची स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर मैदान में धर्म सभा का आयोजन किया गया है।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## आकलन परीक्षा में सफल हुए सहायक अध्यापक ने योग्यता को किया साबित : सुकर ठाकुर

**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के एकीकृत सहायक अध्यापक संघ के प्रखंड सचिव सुकर ठाकुर ने कहा आंकलन परीक्षा में सफल होकर सहायक अध्यापकों ने अपनी योग्यता साबित किया। प्रखण्ड के तमाम आकलन पास सहायक अध्यापकों को उन्होंने बधाई दी।कहा कि सरकार को जल्द से जल्द आकलन पास, टेट पास और प्रशिक्षित शिक्षकों को वेतनमान देने की प्रक्रिया शुरू करें, अन्यथा हम लोग उग्र आंदोलन करने को विवश होंगे। सरकार पारा शिक्षकों को वेतनमान देकर वादा पूरा करे। वेतनमान नही मिलने की स्थिति में पारा शिक्षक आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। हेमंत सरकार अपने चुनावी वादा को जल्द से जल्द पूरा करें। वरना रघुवर सरकार की तरह हेमंत सरकार को भी हश्र किया जायेगा। कहा आकलन परिणाम के अवलोकन से परिलक्षित होता है कि, राज्य के हमारे जुझारू साथियों ने कठिन परीक्षा के स्तर को लगभग 75 प्रतिशत सफल होने में कामयाब हुए। सहायक अध्यापक सफल होकर कर,सरकार के साथ साथ, आलोचना करने वाले के मुहं मे ताला जड दिया,जो आए दिन हमारी योग्यता पर अंगुली उठाने से बाज नहीं आते थे।

## जन वितरण प्रणाली की दुकान में साड़ी धोती को काट रहे हैं चूहे



**बरही (आजाद सिपाही)।** सोना सोबरन योजना के तहत लाभुकों को मिलने वाली साड़ी धोती को चूहे काटकर बर्बाद कर रहे हैं। बताते चलें कि सोना सोबरन योजना के तहत मिलने वाली साड़ी धोती का आवंटन जुलाई माह में ही राशन दुकानों को कर दिया गया था। परंतु विधायक उमा शंकर के जिद्द के आगे राशन दुकानों में आज तक पड़ा है और चूहे उसे बर्बाद कर रहे हैं। विधायक का कहना है कि पूरे विधान सभा में एक एक जन वितरण प्रणाली की दुकान में जाकर बाटेंगे तभी बंटेगा। विचारणीय है कि कटे फटे साड़ी धोती को लेकर लाभुक क्या करेंगे। आगामी सात अक्तूबर को भगत सिंह का प्रतिमा अनावरण एवं पोते का जन्म दिवस मनाने की तैयारी में विधायक जुटे हैं। आजाद सिपाही के संवाददाता ने जन वितरण प्रणाली की दुकान में पहुंच कर डीलर से पूछने पर डीलर ने कहा कि सभी डीलर को सख्त मनाही है कि जब तक विधायक जी उद्घाटन नहीं करेंगे तब तक कोई डीलर नहीं बांट सकता है। विधायक से पूछने पर बताया कि कुछ दुकानों में बांट दिया गया है बाकी 9 अक्तूबर से बांटना प्रारंभ हो जायेगा।

## एक साथ एक घंटे स्वच्छता श्रमदान का चला अभियान



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर मारखम कॉलेज महाविद्यालय परिसर में एक घंटे स्वच्छता श्रमदान के तहत स्वच्छता श्रमदान का कार्यक्रम चलाया गया जिसमें मुख्य रूप से महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट और एनएसएस यूनिट 1 एवं यूनिट 2के प्रोग्राम ऑफिसर प्रो अंतर गुप्ता और प्रो संतोष रविदास के अगुवाई में सैकड़ों विद्यार्थियों ने स्वच्छता हेतु श्रमदान की भूमिका निभाई, उक्त अभियान में महाविद्यालय के सभी विभागों के विभागाध्यक्ष,प्राध्यापक गण एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया, संतोष रविदास ने कहा कि इस तरह के अभियान होने से हमे गंदगी से मुक्ति मिलेगी और हमारा देश भारत स्वच्छ हो सकेगा, आज डेंगू जैसी बीमारी जो फैल रही है उसे हम आसानी से भगा सकते हैं। इस कार्यक्रम में एन. एस. एस. के सक्रिय स्वयं सेवकों ने भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

## इग्नू में नामांकन की तिथि बढ़ी

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** इग्नू में जुलाई 2023 शैक्षिक सत्र में नामांकन व पुनः पंजीकरण की तिथि 10 अक्टूबर 2023 तक बढ़ा दी गयी है। इच्छुक छात्र और छात्राएं स्नातक, स्नातकोत्तर, पीजी डिप्लोमा, डिप्लोमा के कोर्सों में ऑनलाइन और ओडीएल में निर्धारित तिथियों में नामांकन ले सकते है। यह जानकारी जेजे कॉलेज में संचालित इग्नू अध्ययन केंद्र की समन्वयक प्रो संगीता बारला ने दी। उन्होंने बताया कि इग्नू के स्नातक, स्नातकोत्तर या डिप्लोमा कार्यक्रमो में छात्र इग्नू के वेबसाइट पर ऑनलाइन नामांकन ले सकते है। जो पूर्व से इग्नू के छात्र है वो अपना री रजिस्ट्रेशन भी 10 अक्टूबर तक करा सकते है। प्रो बारला ने बताया कि जो छात्र ऑनलाइन नामांकन के दौरान डिजिटल अध्ययन सामग्री का विकल्प चुनते है उन्हें कार्यक्रम शुल्क पर 15 प्रतिशत की छूट मिलेगी।

## ग्राम सभा शपथ पत्र को लेकर उपायुक्त ने की बैठक



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयन्ती के अवसर पर ग्राम सभा शपथ पत्र का आयोजन किया जाना है। इस हेतु उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, पंचायत सचिव व रोजगार सेवक के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयन्ती के अवसर पर ग्राम सभा शपथ पत्र का आयोजन किया जाना है। इस हेतु सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी अपने स्तर पर पंचायत सेवक से समन्वय स्थापित करते हुए सभी ग्रामों में ग्राम सभा शपथ पत्र का आयोजन करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया कि ग्राम सभा शपथ पत्र में अधिक से अधिक जनभागीदारी हो, सुनिश्चित करेंगे। इस विशेष ग्राम सभा को सफल बनाने का निर्देश दिया गया।

## बीएसएफ मेरू कैंप ने विशेष श्रमदान का अयोजन किया



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154 वीं जयंती से पूर्व 1 अक्टूबर को स्वच्छता के लिए एक घंटे के श्रमदान के आह्वान पर देशभर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसके तहत देशभर में विशेष सफाई अभियान चलाकर स्वच्छ राष्ट्र के निर्माण में योगदान कर महात्मा गांधी को स्वच्छाजंलि दी गयी। इसी कड़ी के तहत बीएसएफ मेरू कैंप द्वारा राष्ट्रव्यापी अभियान स्वच्छता ही सेवा एवं स्वच्छता दिवस-2023 (कैम्पेन 3.0) के तहत 1 अक्टुबर 2023 को एक तारीख, एक घंटा कार्यक्रम के अतंर्गत समय 10 बजे के एस बन्याल, जिसमें कैंप के अधिकारी, अधिनस्थ अधिकारी और अन्य कार्मिकों के साथ-साथ हजारीबाग नगर निगम के कार्मिक व आम जन-मानस ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। भारी बारिश होने के बावजूद यह श्रमदान किया गया।

## पंचायत संयोजक सह संयोजक का वेरिफिकेशन



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश एवं जिला नेतृत्व के निदेर्शानुसार बड़कागांव पूर्वी उरीमारी मंडल के सभी पंचायतों, बुथों और मंडल कार्यकारिणी का वेरिफिकेशन के लिए मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो के नेतृत्व में मंडल प्रभारी सह लोकसभा सांसद प्रतिनिधि सुरेंद्र सिन्हा के द्वारा हरली पंचायत भवन में संगठनात्मक बैठक किया गया, जिसमें मंडल कार्यसमिति के सदस्यों, पंचायत संयोजक, सह संयोजक, पंचायत प्रभारियों, सभी बुथ अध्यक्षों का जांच वेरिफिकेशन किया गया और वेरिफिकेशन कर केंद्रीय नेतृत्व को भेजा जायेगा।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 02अक्टूबर, 2023
www.azadsipahi.in


## धनहिंद यूटिलिटी कंपनी के रिटेलर से लाखों रुपया की ठगी

27 सितंबर को पौने दो लाख की ठगी का मामला प्रकाश में आया है।

**हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के नावाडीह पनारी गांव निवासी मो रिजवान उल्लाह के रिटेलर मजहर हुसैन से 27 सितंबर को पौने दो लाख की ठगी का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में रिजवान ने स्थानीय थाना में आवेदन देकर उचित कारवाई की मांग की है। थाना में दिये गये आवेदन में बताया कि बशिष्ठ नगर थाना के दंतार गांव निवासी मजहर, जो अभी शेरघाटी थाना के चापी गांव में रह रहा है। उसके धनहिंद कंपनी के आईडी पर ठगी करने वाला ने पासवर्ड और ओटीपी मांग की और नही देने पर आईडी बंद हो जाने की बात बताया। साथ ही केवाईसी अपटूडेट करने को कहा। उसके बाद ठगी करने वाला ने धनहिंद यूटिलिटी कंपनी के अकाउंट से 1 लाख 78 हजार 473 रूपया उड़ाकर के अपना अकाउंट में पैसा ट्रांसफर कर लिया। रिजवान का कहना है कि वह तीन दिनो से इस ठगी होने का आवेदन लेकर थाना का चक्कर काट रहा है। लेकिन अभी तक शिकयत दर्ज नहीं हुआ है।

## एंट्री करप्शन एंड क्राइम कंट्रोल कमेटी ने आयोजित किया कार्यकर्ता सम्मेलन

# युवाओं की समस्या के समाधान के लिए बनना चाहिए युवा आयोग:राजलाल पटेल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** भारत में युवा शक्ति को हर राजनीतिक पार्टी इस्तेमाल करती है। लेकिन उन्हीं युवाओं को पीठ में छुरा भोंकने का काम भी सरकार ही कर रही है। जब भी सत्ता की बारी आती है, युवाओं का भरपूर उपयोग किया जाता है। लेकिन जब उन्हीं युवाओं को रोजगार देने की बारी आती है, तो लाठियां बरसाई जाती हैं। यह बातें रविवार को भरेच नगर में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान एंटी करप्शन एंड क्राइम कंट्रोल कमेटी के संस्थापक सह राष्ट्रीय अध्यक्ष राजलाल सिंह पटेल ने कहीं। उन्होंने कहा कि देश के युवाओं की समस्या का समाधान तभी हो सकता है जब केंद्र एवं राज्य की सरकारें युवा आयोग का गठन करें। संगठन के



अध्यक्ष ने कहा कि अब एक बार फिर युवाओं को अपनी ताकत दिखाने की बारी आ गयी है। युवा आयोग के गठन की मांग को लेकर आंदोलन करना होगा।

**ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित होगा जनसंवाद कार्यक्रम**

राजलाल सिंह पटेल ने कहा कि वर्तमान समय में ग्रामीण स्तर पर भ्रष्टाचार चरम सीमा पर पहुंच चुका है। गरीब, दलित, वंचित, पिछड़ा, अति पिछड़ा, कमजोर वर्ग के लोगों को भ्रष्टाचार की वजह से विकास योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। लोगों की शिकायत प्राप्त कर 15 दिन के अन्दर अधिकारियों से मिलकर कार्रवाई करायी जायेगी।

### ये थे उपस्थित

संस्था के साइबर क्राइम कंट्रोल सेल राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश शर्मा, अल्पसंख्यक सेल राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहमद अब्बास, सुनील मिश्रा, मोहम्मद सबीर अंसारी, कृष्णा यादव, प्रकाश रंजन, पिंटू मालाकार, मनोरमा राणा, सुधीर शर्मा, केदार यादव, राजकुमार महतो, गौरव झा आदि ने उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र राणा और संचालन रामगढ़ जिला अध्यक्ष राम कुमार ने किया।

**अपराध रोकने के लिए पुलिस पब्लिक मित्र कार्यक्रम आयोजित होगा:** राजलाल सिंह पटेल ने कहा कि अपराध पर अंकुश लगाने के लिए सूचना तंत्र को मजबूत करना पड़ेगा।

**महिलाओं की सहायता हेतु 31 अक्टूबर को हेल्प वीमेन एप्प होगा लांच:** राजलाल सिंह पटेल ने कहा कि देश एवं प्रदेश में महिला अपराध की घटनाएँ दिन प्रतिदिन हो रही है। जिस पर अंकुश लगाने के लिए 31 अक्टूबर को नये फीचर के साथ हेल्प वीमेन एप्प को लांच किया जाएगा। मोबाइल में एक क्लिक पर जीपीएस लोकेशन के आधार पर सहायता पहुंच जाएगी।

**मनरेगा योजना में हुए घोटालों की जांच करायेगी संस्था**

राजलाल सिंह पटेल ने कहा कि सूबे में मनरेगा योजना में भयंकर लूट किया गया है। संस्था द्वारा घोटालों की जांच एवं कार्रवाई करवाना शुरू कर दिया गया है। गढ़वा से इसकी पहल हो चुकी है। रामगढ़ और अन्य जिलों में भी जल्द टीम पहुंचेगी।

## तोपा में सीसीएल का स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का भव्य समापन



**कुजू (आजाद सिपाही)।** सीसीएल कुजू क्षेत्र का स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का भव्य समापन तोपा में किया गया। समापन कार्यक्रम में मुख्य रूप से सीसीएल निदेशक (पीएंडपी) बी साईराम शामिल रहे। इस दौरान उन्होंने जीएम कुजू नीरज सिन्हा, कुजू क्षेत्र के अधिकारियों-कर्मियों संग तोपा शापिंग सेंटर के आसपास झाड़ू लगाकर साफ-सफाई की। साथ ही, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती से पूर्व संध्या पर स्वच्छता कर्मियों को सम्मानित करते हुए उपहार भेंट किया। कार्यक्रम का संचालन उप प्रबंधक कार्मिक प्रताप रंजन ने किया। इस अवसर पर बी साईराम ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया था। हम स्वच्छ रहकर ही स्वस्थ रह सकते हैं। मौके पर अजीत कुमार सिंह, पीसी साहू, सुशील कुमार सिंह, अभिमन्यु सिंह, शाह खान, मनोज सिंह, नीलेश कुमार, अविनाश श्रीवास्तव, राजेश कुमार, श्रमिक प्रतिनिधि गणेश सिंह, प्रदीप राम, सुरक्षा विभाग के हेमंत सिंह, मुकेश कुमार, सोहेल अंसारी, अजय ठाकुर शामिल रहे।

## जेएम कॉलेज में चलाया गया स्वच्छता अभियान, कॉलेज परिसर की हुई साफ-सफाई



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** पटेलनगर स्थित जेएम कॉलेज में रविवार को एनएसएस इकाई 1 के तत्वावधान में श्रमदान कर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान कॉलेज परिसर की साफ-सफाई की गई। मौके पर कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. शीला सिंह के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने झाड़ू लगाकर कॉलेज परिसर की साफ-सफाई की। अभियान के दौरान कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. शीला सिंह ने कहा कि मनुष्य के जीवन में स्वच्छता का बड़ा महत्व है। व्यक्ति स्वच्छता नहीं अपनाता है तो गंदगी से होने वाली कई बीमारियों का शिकार हो सकता है। उन्होंने कहा कि अपने घर सहित आसपास के क्षेत्रों का स्वच्छ रखना हमसबों का दायित्व है। स्वच्छता अभियान में आस्था, गणेश सहित कई स्वयंसेवक मौजूद थें।

## परमवीर चक्र से सम्मानित शहीद अब्दुल हमीद का सम्मान समारोह आयोजित



**चतरा (आजाद सिपाही)।** स्थानीय नगर भवन में मरणोपरांत भारत के सर्वोच्च सैन्य पुरस्कार परमवीर चक्र से सम्मानित शहीद अब्दुल हमीद का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष ममता देवी इदरीसिया दर्जी फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अली इमाम भारती, विशिष्ट अतिथि फाउंडेशन के राष्ट्रीय महासचिव डॉक्टर मुर्तजा द्वारा दीप प्रज्वलित कर समारोह का उद्घाटन किया गया तथा शहीद अब्दुल हमीद की तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शहीद अब्दुल हामिद 27 दिसंबर 1954 को भारतीय सेना की ग्रेनेडियर रेजिमेंट में शामिल हुए। बाद में उन्हें रेजिमेंट की चौथी ग्रेनेडियर बटालियन में तैनात किया गया। उन्होंने अपनी सैन्य सेवा के दौरान कई महत्वपूर्ण योगदान दिये। जिसके लिए उन्हें सैन्य सेवा पदक, ग्रीष्मकालीन सेवा पदक और रक्षा पदक से सम्मानित किया गया। भारत-चीन युद्ध के दौरान, अब्दुल हमीद की बटालियन 7वीं इन्फैंट्री ब्रिगेड का हिस्सा थी, जिसने ब्रिगेडियर जॉन दलवी की कमान के तहत नामका-चू की लड़ाई में पीपुल्स लिबरेशन आर्मी से लड़ाई लड़ी थी। 1965 के भारत-पाक युद्ध के दौरान खेमकरण सेक्टर के उत्तर में लड़ते हुए वे शहीद हो गये। जिसके लिए उन्हें मरणोपरांत भारत के सर्वोच्च सैन्य पुरस्कार परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। इस मौके पर स्थानीय विधायक सह झारखंड सरकार के मंत्री सत्यानंद भोगता ने वीर शहीद अब्दुल हमीद की स्मृति में बनने वाले भवन को अपने विधायक निधि से दो मंजिला भवन बनाने की घोषणा किया।

## रजरप्पा मंदिर परिसर में दामोदर भैरवी नदी का जलस्तर उफान पर

दर्जनों दुकानदारों को लाखों रुपया का दुकानदारों को नुकसान हुआ, नदी किनारे बसने वाले दुकानों को भी नुकसान पहुंचा है।

आजाद सिपाही संवाददाता



**रजरप्पा।** रजरप्पा दामोदर भैरवी संगम स्थल पर पानी का जलस्तर बहुत अधिक बढ़ गया इन दो दिनों से लगातार हो रही लगातार बारिश के कारण उत्तर भारत का सुप्रसिद्ध सिद्ध पीठ स्थल रजरप्पा मंदिर का दामोदर भैरवी संगम स्थल पर बाढ़ का पानी बहुत अधिक बढ़ गया है जिससे भैरवी नदी पर बना छिल्का पुल पूरी तरह से डूब गया और ऊपर से पानी बहने लगा है जिस कारण पूर्वी छोर से आने वाले श्रद्धालुओं को आवागमन में काफी परेशानी बड़ी है और पश्चिम बंगाल, बर्दवान गिरिडीह धनबाद, बोकारो और आदि जगहों से आनेवाले श्रद्धालुओं को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। नदी में लबालब पानी भरा होने के बावजूद भी श्रद्धालु और अन्य स्थानीय लोग जान जोखिम में डालकर इस पुल को पारकर माँ भगवती के दर्शन को पहुँच रहे हैं। हालांकि मन्दिर न्यास समिति के द्वारा समय-समय पर लाउडस्पीकर के माध्यम से चेतावनी दी जा रही है तेज रफ्तार जल स्तर में प्रवेश नहीं करें और 1 किलोमीटर ऊपर भैरवी नदी पर बना पुल के द्वारा ही मंदिर स्थल तक आवागमन का कार्य करें।

दो दिनों से हो रही वर्षा के कारण नदी किनारे बने दैनिक दुकानदारों का झुग्गी- झोपड़ियां से बना हुआ दुकान नदी की तेज धार में बह गयी। जिससे दर्जनों दुकानदारों को लाखों रुपया का दुकानदारों को नुकसान हुआ, नदी किनारे बसने वाले दुकानों को भी नुकसान पहुंचा है। कई बांस-बल्ली की दुकानें जलमग्न हो गयी हैं। वहीं नदी किनारे की दुकानों को जलमग्न होने से दुकानदारों को भारी आर्थिक क्षति हुई है।

## सीसीएल: स्वच्छता सेवा अभियान के तहत चुंदरू धाम में आम्रपाली जीएम ने चलाया सफाई अभियान



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** आम्रपाली परियोजना चंद्रगुप्त क्षेत्र के सीसीएल के सीएसआर के तहत रविवार की सुबह 10:00 बजे से एक साथ स्वच्छता श्रमदान चुंदरु धाम,सूर्य मंदिर परिसर में चलाया गया। इस मौके पर विधायक किशुन कुमार दास,आम्रपाली चंद्रगुप्त जीएम अमरेश कुमार सिंह,सूर्य मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष मिथलेश गुप्ता, अक्षवट पांडे, विधायक प्रतिनिधि महेश वर्मा,जयमंगल नायक, रमेश वर्मा, ओम कुमार, अनुग्रहा सिंह, स्टाप ऑफिसर विपिन बिहारी, सीएस आर के पदाधिकारी सतेंद्र, प्रेम, राजू और सैंकड़ों लोगों के द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा चलाया गया बताया गया की यह अभियान अभी निरंतर जारी रहेगा।

## बाल विद्या मंदिर में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन



**कुजू (आजाद सिपाही)।** बाल विद्या मंदिर, आरा में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक - शिक्षकेतर, कर्मचारी, सुरक्षा प्रहरियों और विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर के अंदर और बाहर की साफ-सफाई की। वही, सभी ने आगे भी साफ- सफाई करने का संकल्प लिया। मौके पर प्राचार्य रंजीत सिंह ने कहा कि हमारे देश में स्वच्छता मिशन तभी संभव होगा, जब हम गांधी जी के स्वच्छता संबंधी विचारों को जीवन में अपनाएंगे। स्वच्छता मानव जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। स्वच्छता को सेवा भाव से अपने जीवन में अपनाना चाहिए। वही, समापन संबोधन में प्रशासनिक अधिकारी गुरमीत धीमान ने कहा कि स्वच्छता जीवन का बहुत ही आवश्यक के अंग है। विकसित समाज का पता स्वच्छता से ही लगाया जा सकता है। स्वच्छता की आवश्यकता व्यक्ति और समाज दोनों को है। मौके पर शिक्षक शिक्षिकाएं छात्र और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शहर स्वच्छ और सुंदर हो इसके लिए अभियान जारी रहेगा: शिवकुमार

भाजपा रामगढ़ कैंट मंडल ने बिजुलिया तालाब में चलाया स्वच्छता अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से चलाए जा रहे हैं सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत रविवार को भाजपा रामगढ़ कैंट मंडल अध्यक्ष शिवकुमार महतो को नेतृत्व में शहर के बिजुलिया तालाब में श्रमदान कर स्वच्छता अभियान चला कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान भारी बारिश के बावजूद भाजपा कार्यकर्ता और नेताओं ने तालाब परिसर की साफ सफाई कर कचरा निकाला। मौके पर शिवकुमार महतो ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम चलाया जा रहा है। श्री महतो ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वच्छता की सेवा के लिए श्रमदान कर सकते हैं तो हम क्यों नहीं कर सकते। इसलिए हम सभी मिलकर जनसहभागिता से इस अभियान को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि इस स्वच्छता अभियान में हम सभी की सहभागिता जरूरी है, कचरा मुक्त देश बनाने में श्रमदान कर अपना सहयोग दें। उन्होंने कहा कि शहर स्वच्छ और सुंदर हो इसके लिए इस अभियान को जारी रखा जाएगा, श्रमदान कर रामगढ़ को स्वच्छ सुंदर हम सभी मिलकर बनायेंगे।

### स्वच्छता अभियान में ये थे शामिल

स्वच्छता अभियान में भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रो संजय सिंह, कैंट मंडल के सांसद प्रतिनिधि रविन्द्र शर्मा, कैंट मंडल महामंत्री सह सांसद प्रतिनिधि सूर्यवंश श्रीवास्तव, ऋषिकेश सिंह, ब्रजेश पाठक, अंजनी कुशवाहा, संतोष जायसवाल, टिंकू जायसवाल, राजू कुशवाहा, मनीष कुशवाहा, बबलू साहू आदि शामिल थे।

**दामोदर नदी तट पर चलाया गया स्वच्छता अभियान**

भाजपा रामगढ़ कैंट मंडल के उपाध्यक्ष सुशांत पांडे के नेतृत्व में रविवार को दामोदर नदी तट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान नदी के आसपास फैली गंदगी को साफ सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया।

## भदानीनगर कोल कंपनी तेतरिया खदान से लापता सुजल करमाली का शव बरामद



**भदानीनगर (आजाद सिपाही)।** भदानीनगर से लापता सुजल करमाली का शव का शव मिलने से फैली सनसनी। बताते चलें कि भुरकुंडा पटेल नगर करमाली टोला के सुजल करमाली उम्र 22 वर्ष कल दोपहर से ही लापता बताया जा रहा था। जिसका मिसिंग कंप्लेन भुरकुंडा ओपी में दी गयी थी। शाम में दोस्तो से बात हुआ था जिसपर उसने तेतरिया खदान में होने की बात कही। काफी देर रात तक घर नहीं आने पर परिजनों, आसपास के लोगों व भुरकुंडा पुलिस द्वारा खोजबीन करने के बाद नहीं मिलने पर मोबाइल पर संपर्क करने पर उसका मोबाइल, हेलमेट, चपल भदानीनगर ओपी क्षेत्र के तेतरिया पोखर खदान में मिला। जिसके बाद भदानीनगर पुलिस और स्थानीय लोगों द्वारा भारी बारिश में काफी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला गया। जिसके बाद भदानीनगर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम में भेजने में जुटी और आगे की जांच पड़ताल जारी है। वहीं घटनाक्रम के बाद लोगों के बीच चर्चा बना हुआ है कि बढ़ती नशाखोरी नशा के कारण यह हादसा हुआ है।

## राष्ट्रीय सेवा मंच ने दर्जनों गरीबों को कराया भोजन




**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** समाजसेवी संस्था राष्ट्रीय सेवा मंच ने प्रत्येक सप्ताह की भांति रविवार को भी भारी बारिश के बीच साप्ताहिक बाजार में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुल-पत्तल बेचने आये अत्यंत गरीब महिला-पुरूष व बच्चों के बीच भोजन का वितरण किया। इस दौरान मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जयसवाल, प्रो. रामानुज सिंह, भाजपा भदानीनगर मंडल उपाध्यक्ष अनूप ठाकुर व शिक्षक भुपेंद्र वर्णवाल उर्फ रिंकु द्वारा दर्जनों गरीबों के बीच पुरी-सब्जी एवं जलेबी का वितरण किया गया। मौके पर मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने बताया कि भदानीनगर निवासी स्व. चण्डी मिश्रा के श्राद्धक्रम के अवसर पर उनके पुत्र राजू मिश्रा के सौजन्य से गरीबों को भोजन कराया गया है। उन्होंने कहा कि सबों के सहयोग से पिछले 8 वर्षों से मंच द्वारा गरीबों को भोजन कराया जाता रहा है जो आगे भी जारी रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, डॉ. जय श्री मेहता, राकेश शर्मा, परमेश्वर नायक, अफजल अंसारी, कमलेश कुमार, संजू सिंह, विजय तुरी, कन्हैया कुमार आदि का विशेष योगदान रहा।

## अधिकारी और प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कार्यालय परिसर में श्रमदान कर सफाई की

**चतरा (आजाद सिपाही)।** गांधी जयंती के पूर्व 1 अक्टूबर को स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत जिले के विभिन्न कार्यालय परिसर और प्रखंड मुख्यालय में स्वच्छता के लिए श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला मुख्यालय में स्थित विभिन्न कार्यालय के कार्यालय प्रधान और प्रखंड क्षेत्र के प्रखंड विकास पदाधिकारियों और कर्मियों ने श्रमदान देकर अपने कार्यालय परिसर की साफ-सफाई किया। इस मौके पर वन स्टाप सेंटर चतरा में डीआरडीए के निदेशक अरुण कुमार एक्का, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सूरजमुनी कुमारी, जिला उत्पाद अधीक्षक शिव कुमार साहू, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बड़ाइक व जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र ने श्रमदान कर सफाई किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि अपने घर एवं आस-पड़ोस की साफ-सफाई करना हम सभी की व्यक्तिगत जिम्मेदारी है।

## धनगडा में बजरंगदल विहिप की बैठक संपन्न



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के धनगड़ा में विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल की बैठक किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य हिंदू जागरूकता अभियान चलाने को लेकर था। इस बैठक की मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रांत विद्यार्थी प्रमुख अमित पासवान, चतरा जिला बजरंग दल संयोजक अंकित पांडेय शामिल हुये। बैठक में इन दिनों हिंदू देवी देवताओ के साथ अपमान की बिषय छाया रहा। इस मौके पर बजरंग दल जिला सुरक्षा प्रमुख नकुल राम, विश्व हिंदू परिषद प्रखंड अध्यक्ष जीत गुप्ता, कार्य अध्यक्ष मुकेश प्रजापति, उपाध्यक्ष सोनू भुईयॉ, प्रखंड मंत्री अरुण महतो, सेवा प्रमुख दीपक पाल, बजरंग दल प्रखंड संयोजक रितेश गुप्ता, सत्संग प्रमुख हिंदूवादी राकेश, गौ रक्षा प्रमुख राजू महतो, धर्म प्रचार प्रमुख अजय मोरिया, प्रचार प्रमुख विकास महतो, पंचायत अध्यक्ष संदीप सिंह, सुधीर सिंह, गणेश, बालेश्वर, नीरज दीपक मोनू सैकड़ो कार्यकर्ताओं उपस्थित थे।

# एक देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस के साथ चार अपराधी गिरफ्तार

चारों अपराधी शहर में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में थे

आजाद सिपाही संवाददाता



**चतरा।** शहर में एक बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में जूटे चार अपराधियों को सदर थाना की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इन अपराधियों के पास से एक देसी कट्टा, एक जिंदा कारतूस तथा 4 हजार 60 रुपया नगद एवं दो मोटरसाइकिल और तीन मोबाइल बरामद किया गया। इस संबंध में सदर थाना में आयोजित प्रेस वार्ता में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अविनाश कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक को कुछ दिनों से सूचना मिल रही थी कि जिले में चल रहे विकास योजनाओं में वसूली के लिए अपराधियों का गिरोह तैयार हो रहा है। इसी बीच गुप्त सूचना के आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में दो छापामारी टीम का गठन किया गया जिसमें एक टीम का नेतृत्व सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अविनाश कुमार तथा दूसरे टीम का नेतृत्व सिमरिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कर रहे थे। बीती रात सदर थाना की पुलिस द्वारा दो स्थानों बरैनी चौक और तिलैया चौक के पास वाहन चेकिंग अभियान लगाकर वाहनों की जांच की जा रही थी। संदेह होने पर उनकी सघन जांच की गयी। इनके पास से एक पिस्तौल, एक जिंदा कारतूस तथा तीन मोबाइल और 4 हजार 60 रुपये नगद बरामद किया गया। इसके साथ ही इनके पास से लाल रंग का और काले रंग का पट्टा भी बरामद किया गया है गिरफ्तार लोगों में जीतू विश्वकर्मा, मनोज कुमार, बृजेश कुमार तथा विजय कुमार का नाम शामिल है। जिसमें दो अपराधी लावालौंग थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। छापामारी टीम में एसडीपीओ अविनाश कुमार के अलावे सदर थाना प्रभारी शिव प्रकाश कुमार अव निरीक्षक प्रकाश सेठ के अलावा सदर थाना के जवान शामिल थे।

### छह पेटी अवैध शराब बरामद

पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त एक हुंडई कार से छह पेटी में रखें 96 बोतल अवैध शराब बरामद किया है। थाना प्रभारी अपने दल बल के साथ घटना स्थल पहुंचकर किया तो चार कार्टून में 750 मल की 48 बोतल और दो कार्टून में 350 मल की 48 बोतल अवैध शराब बरामद किया गया इस मौके पर कर का चालक मोहम्मद सिकंदर को गिरफ्तार किया गया। वह पटना का रहने वाला है उन्होंने बताया कि कार से अवैध शराब बिहार ले जाया जा रहा था।

## भुरकुंडा पंचायत में चलाया गया स्वच्छता अभियान, स्वच्छता के प्रति लोगों को किया जागरूक



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा पंचायत के मुखिया अजय पासवान के नेतृत्व में रविवार को श्रमदान कर भुरकुंडा छठ घाट, नलकारी नदी तट, मुक्तिधाम आदि क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया। मौके पर अजय पासवान ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अपने घर सहित आसपास के गली-मोहल्लो व सार्वजनिक स्थानों को साफ रखें। उन्होंने कहा कि यदि इंसान स्वच्छ रहता है एवं अपने आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखता है, तो कई संक्रामक बीमारियों को रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि यदि व्यक्ति स्वच्छता नहीं अपनाता है तो गंदगी से होने वाली कई बीमारियों का शिकार हो सकता है। बताया गया कि 2 अक्टूबर सोमवार को भुरकुंडा पंचायत सचिवालय में 11 बजे गांधी जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित की गई है। पंचायतवासी उक्त कार्यक्रम में ससमय पहुंच बापू को श्रद्धांजलि देंगे। स्वच्छता अभियान में सामू खान, कृष्ण करमाली, सुदीप सिंह उर्फ फुची, शंकर राम, मुन्ना कुमार, नरेश करमाली, महेश करमाली सहित कई लोग शामिल थें।

# हकीकत से आंखें नहीं मिलायेगा पाकिस्तान तो झुलसता रहेगा

पाकिस्तान के बलूचिलूस्तान में एक बार फिर बड़ा बम विस्फोट हुआ। जुमे की नमाज और ईद-ए-मिलाद उन नबी के मौके पर जब लोग इकट्ठा थे, दो मस्जिदों के बाहर जबरदस्त धमाके हुए, जिसमें कम से कम छप्पन लोगों के मारे जाने और करीब एक सौ तीस के गंभीर रूप से घायल होने की पुष्टि हुई है। आजादी के बाद से ही बलूचिलूस्तान में चरमपंथी गतिविधियां बढ़ती रही हैं। मगर पाकिस्तान सरकार उस पर काबू पाने के लिए राजनीतिक रास्ता अख्तियार करने के बजाय बंदूक का सहारा लेती रही है। इसका नतीजा यह हुआ है कि उस इलाके में चरमपंथी संगठन अब सेना को चुनौती देने की स्थिति में पहुंच गए हैं। 2005 के बाद जब पाकिस्तानी सेना ने बड़े पैमाने पर बलूचों का सफाया करना शुरू किया, तो चरमपंथ और ताकतवर होता गया। उसके बाद से उस इलाके में कई बड़े बम धमाके हुए हैं, जिनमें बड़े पैमाने पर लोग मारे जा चुके हैं। पाकिस्तान की सुरक्षा व्यवस्था अब इस पर काबू पाने में पूरी तरह विफल नजर आती है। उल्टा कुछ मौकों पर पाकिस्तानी हुक्मरान पलट कर बलूचिलूस्तान में अशांति का जिम्मेदार भारत को ठहराने की कोशिश करते देखे गए। दरअसल, बलूच लोगों की शुरू से शिकायत रही है कि भूभाग के हिसाब से उन्हें न तो राजनीतिक हिस्सेदारी मिली है और न आर्थिक। बलूचिलूस्तान पाकिस्तान का करीब चालीस फीसद हिस्सा है, मगर इतना गरीब और पिछड़ा हुआ है कि बच्चों के लिए माकूल मदरसे तक नहीं हैं। बलूच लोग पाकिस्तान से अलग अपना स्वायत्त शासन चाहते हैं। मगर पाकिस्तान की हुकूमत उन्हें बंदूक के बल पर खामोश करने की कोशिश करती रही है। विचित्र है कि पाकिस्तान अपने यहां के एक बड़े हिस्से में व्याप्त अलगाववाद को तो संभाल नहीं पाता, मगर भारत के कश्मीर में अलगावाद की आग जलाए रखने की हर कोशिश करता है। वह खुद जिस आग में जल रहा है, वही आग भारत में लगाए रखना चाहता है। इसके लिए उसकी सेना और खुफिया एजंसी बेपनाह पैसा खर्च करती हैं। अभी कुछ दिनों पहले वहां के विदेश मंत्री ने संयुक्त राष्ट्र के मंच पर फिर से कश्मीर की स्वायत्तता का राग अलापा। इसके पहले अनेक मौकों पर उसके प्रधानमंत्री और दूसरे आला नेता अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कश्मीर का मुद्दा उठाते रहे हैं। इस मामले को सुलझाने के लिए तीसरे पक्ष की मध्यस्थता तक की बात करते रहे हैं। मगर बलूचिस्तान, जो उसकी जमीन का हिस्सा है, वहां फैले असंतोष को दूर करने को लेकर वह कभी इस तरह फिक्रमंद नहीं दिखा। दरअसल, पाकिस्तान अपनी जमीनी हकीकत पर परदा डालने के मकसद से भी भारत के हिस्से वाले कश्मीर में अशांति पैदा करने की कोशिश करता है। जिस दिन वह अपनी असल समस्याओं को सुलझाने को लेकर संजीदा होगा, उस दिन शायद उसे बलूचिस्तान का दर्द समझ में आएगा और कश्मीर में नाहक दखलंदाजी का मोल भी। मगर शुरू से ही वह महाशक्तियों का मोहरा बन कर कभी इस तरफ तो कभी उस तरफ करवट बदलता रहता है।

**पाकिस्तान अपनी जमीनी हकीकत पर परदा डालने के मकसद से भी भारत के हिस्से वाले कश्मीर में अशांति पैदा करने की कोशिश करता है।**

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

पिछले तीन-चार महीनों से इन विपक्षी पार्टियों के बीच बातचीत का जो सिलसिला चल रहा है, उससे यह पूरी तरह से स्पष्ट नहीं हुआ है कि इस गठबंधन का प्रारूप क्या होगा? अभी चर्चा तो यही है कि एक सीट पर एक उम्मीदवार को खड़ा किया जाएगा, लेकिन इस मुद्दे पर ठोस चीजें धरातल पर उतरती नजर नहीं आई हैं। दूसरी ओर, पिछले एक महीने में कई ऐसी भी चीजें हुई हैं, जिनसे कई लोगों में यह आशंका प्रबल हो गई है कि कहीं चुनाव आते-आते इसमें दरार न पड़ जाए।

# जिन चुनौतियों से विपक्ष को टकराना है

**राहुल वर्मा**



**अभी यह पता नहीं चल रहा है कि इंडिया के नेता किस मुद्दे पर क्या कहेंगे, किस बात पर टिके रहेंगे? नेतृत्व किस नेता के हाथों में होगा, यह भी अभी तय नहीं है और शायद यह फैसला जल्दी करना गठबंधन को मुश्किल में डाल सकता है। फिर भी विपक्षी गठबंधन को सोचना होगा कि जहां भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लड़ रही है, वहां उसका नेतृत्व कौन करेगा?**

लोकसभा चुनाव जैसे-जैसे करीब आ रहे हैं, वैसे-वैसे सियासी सरगर्मियां बढ़ती चली जा रही हैं। लोगों के मन में यह सवाल उमड़ रहा है कि चुनावी मैदान में कैसी बिसात बिछेगी, किन मुद्दों के पासे फेंके जाएंगे, कहां, किसमें और किसका पलड़ा भारी रहेगा? फिलहाल, यह तो तय हो गया है कि 2024 का आम चुनाव दो राष्ट्रीय महागठबंधनों के बीच होगा। एक तरफ, सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन है, जिसकी रूपरेखा और एजेंडा लगभग तय है, तो दूसरी तरफ, विपक्षी गठबंधन है, जिसे 'इंडिया' कहा जा रहा है, परंतु क्या इंडिया का स्वरूप यही रहेगा या आने वाले दिनों में बदल जाएगा, यह देखने वाली बात है।

पिछले तीन-चार महीनों से इन विपक्षी पार्टियों के बीच बातचीत का जो सिलसिला चल रहा है, उससे यह पूरी तरह से स्पष्ट नहीं हुआ है कि इस गठबंधन का प्रारूप क्या होगा? अभी चर्चा तो यही है कि एक सीट पर एक उम्मीदवार को खड़ा किया जाएगा, लेकिन इस मुद्दे पर ठोस चीजें धरातल पर उतरती नजर नहीं आई हैं। दूसरी ओर, पिछले एक महीने में कई ऐसी भी चीजें हुई हैं, जिनसे कई लोगों में यह आशंका प्रबल हो गई है कि कहीं चुनाव आते-आते इसमें दरार न पड़ जाए। जिन मुसीबतों से यह गठबंधन जूझ रहा है, उसे हम तीन भागों में बांटकर देख सकते हैं।

**विपक्षी गठबंधन अपने विवादों को जितनी जल्दी सुलझा ले, उसके लिए उतना ही अच्छा होगा।**

पहला पहलू तो यही है कि कौन-कौन सी पार्टियां इस गठबंधन के साथ अंत तक रहेंगी? गत दिनों में कई जगह इस गठबंधन की पार्टियों में अंदरूनी टूट हुई है या उसकी आशंका दिखी है। इसका बड़ा उदाहरण महाराष्ट्र में शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का विभाजन है। फिर इसके घटक दलों के बीच लगातार आपस में कहा- सुनी भी हो रही है। लोग देख रहे हैं कि कांग्रेस पार्टी के दिग्गज नेता अधीर रंजन चौधरी पश्चिम बंगाल में किस तरह से तृणमूल कांग्रेस और ममता बनर्जी पर तंज कसते रहते हैं, तो तृणमूल कांग्रेस और सीपीएम के बीच भी तनातनी बनी रहती है।

दूसरा पहलू यह भी है कि ऐसी कुछ पार्टियां हैं, जो इस विपक्षी महागठबंधन का हिस्सा होना चाहती थीं या जिन्हें इसका हिस्सा होना चाहिए, पर ये अपनी-अपनी वजहों से साथ नहीं आ पाई हैं। बहुजन समाज पार्टी विपक्षी गठबंधन की किसी बैठक में नहीं गई है, इसी तरह से असम, आंध्र प्रदेश आदि की कुछ ऐसी पार्टियां हैं, जो विपक्षी गठबंधन को मजबूत कर सकती थीं। क्या विपक्ष के नेता इस पर ध्यान दे रहे हैं?

तीसरा, विपक्षी गठबंधन में वैचारिक सहमति भी नहीं बन पाई है, जातिगत गणना और सनातन ऐसे ही कुछ मुद्दे हैं। सनातन के मामले में द्रमुक विपक्षी गठबंधन की समस्या को लगातार बढ़ा रहा है। द्रमुक नेता उदयनिधि स्टालिन व अन्य नेताओं ने सनातन पर लगातार बयानबाजी की है, तो मध्य प्रदेश में कांग्रेस नेता कमलनाथ ने हिंदू राष्ट्र के अनुकूल एक अलग राग छेड़ा है। कांग्रेस की ओर से भी यह कोशिश यदा-कदा दिखती ही है कि उसे भी सनातन या हिंदू धर्म के मुद्दों के लिए खड़ी होने वाली पार्टी के रूप में देखा जाए।

समग्रता में देखें, तो अभी यह पता नहीं चल रहा है कि इंडिया के नेता किस मुद्दे पर क्या कहेंगे, किस बात पर टिके रहेंगे? नेतृत्व किस नेता के हाथों में होगा, यह भी अभी तय नहीं है और शायद यह फैसला जल्दी करना गठबंधन को मुश्किल में डाल सकता है। फिर भी विपक्षी गठबंधन को सोचना होगा कि जहां भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लड़ रही है, वहां उसका नेतृत्व कौन करेगा? अभी शायद इस बात पर भी सहमति नहीं है कि 2024 के आम चुनाव में विपक्षी गठबंधन मोदी पर कितना हमलावर होने जा रहा है।

एक बड़ी समस्या सीटों के बंटवारे को लेकर भी दिख रही है। इसका मान्य फॉर्मूला क्या होगा? इंडिया को आने वाले दिनों में जल्द फैसला करना होगा। अपनी योजनाओं व मकसद का एक ब्लूप्रिंट बनाना पड़ेगा, ताकि उसमें नीतिगत या रणनीतिगत दृढ़ता आ सके। आगे का एजेंडा अगर विपक्षी गठबंधन पहले तय कर ले, तो उसके घटक दलों और नेताओं में किसी प्रकार का भ्रम नहीं रहेगा और इससे सीटों के बंटवारे में भी ज्यादा परेशानी नहीं आएगी। गौरतलब है, अभी विधानसभा के चुनाव होने हैं। मुख्य रूप से चार राज्यों- मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में लड़ाई होनी है। परिणामों का पता तो दिसंबर में चलेगा, पर उसके बाद विपक्षी गठबंधन में कांग्रेस और राहुल गांधी की क्या भूमिका होगी, यह भी देखना होगा, क्योंकि जैसे ही दिसंबर में विधानसभा चुनाव पूरे होंगे, वैसे ही लोकसभा चुनाव की घोषणा सिर पर होगी।

विपक्षी गठबंधन को ध्यान रखना होगा कि उनका मुकाबला एक संगठित पार्टी से है। सत्तारूढ़ गठबंधन के विचार को आप सही मानें या गलत मानें, उसकी विचारधारा में तुलनात्मक रूप से ज्यादा स्पष्टता है। सत्तारूढ़ गठबंधन को पता है कि उसका नेता कौन है और किसके फैसले पर आगे बढ़ना है। उसके नेता की अपनी लोकप्रियता है, उसके मुकाबले का कोई नेता विपक्षी गठबंधन में अभी उभरा नहीं है। फिर इंडिया को यह भी ध्यान रखना होगा कि सत्तारूढ़ गठबंधन के पास गिनाने के लिए मुद्दे हैं, चाहे वे लोक-कल्याणकारी योजनाएं हों या विदेश नीति संबंधी कोई कामयाबी। सत्तारूढ़ गठबंधन परिवारवाद की राजनीति और भ्रष्टाचार पर भी हमला करने वाला है।

पहले यह लग रहा था कि विपक्ष एकजुट नहीं होगा, लेकिन कई दलों के साथ आ जाने से भाजपा के लिए भी चुनौती बढ़ गई है। कई जगह सरकार विरोधी लहर, कनार्टक में कांग्रेस की जीत, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में कांग्रेस की मजबूत पकड़ और भारत जोड़ो यात्रा के दौरान लोगों का उत्साह भी विपक्ष की ताकत बना है। विपक्षी गठबंधन की बुनियाद में एक व्यापक सामाजिक गठजोड़ भी है, जो कई राज्यों में कड़े मुकाबले की स्थिति में है। ऐसे में, चिंता भाजपा में भी है। हमने मध्य प्रदेश में देखा है, भाजपा अपने आला नेताओं व केंद्रीय मंत्रियों को भी उतार रही है।

दरअसल, भाजपा केंद्रीय स्तर पर बहुत मजबूत है और इसके दूरगामी परिणाम हो सकते हैं। आज भारतीय राजनीति में विपक्ष एक बहुत संगठित पार्टी के सामने खड़ा है और इसके लिए उसे दो- तीन मुद्दों को जल्दी सुलझाना होगा कि जैसे विचार, नेतृत्व और टीम संबंधी अड़चनों को जल्दी दूर करना होगा। विपक्षी गठबंधन अपने विवादों को जितनी जल्दी सुलझा ले, उसके लिए उतना ही अच्छा होगा। भाजपा से अगर मजबूती से लड़ना है, तो ऐसा करना ही होगा।

## जमशेदपुर की खबरें

### सारजामदा पुराना बस्ती में लगा जनता दरबार, विधायक ने सुनी ग्रामीणों की समस्या

# कई समस्याओं का मौके पर ही किया समाधान

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधान सभा क्षेत्र मे जनता की समस्या को लेकर विधायक मंगल कालिंदी काफी गंभीर है। विधायक ने विधानसभा के अलग-अलग क्षेत्र में जन समस्याओं को लेकर ग्रामीणों से सीधे संपर्क कर समाधान की दिशा में अग्रेसर है। रविवार को सरजमदा पुरानी बस्ती 2 उदय करवा के घर मे जनता दरवार में विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए। मौके पर स्थानीय सैकड़ो ग्रामीणों ने क्षेत्र की समस्याओं से विधायक को अवगत कराया। इस अवसर पर बच्चों के स्कूल का फीस चूकाने में असमर्थ महिला ने न्याय के लिए गुहार लगाई। विधायक ने समस्या की जानकारी मिलते ही परसुडीह संत रोबोट विद्यालय के बच्चे का फीस तत्काल माफ कराया। मौके पर एक गरीब महिला का राशन कार्ड बनाने के लिए विभाग के अधिकारियों को फोन कर निर्देश दिया। पेयजल की समस्या का समाधान के लिए जल्द चापाकल लगवाने का आश्वासन दिया।जनता दरबार में विधायक ने कहा जनता की समस्याओ का उचित समाधान निकालना एक जनप्रतिनिधि का कतब्य बनता है। राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पहल पर जनता की वर्सो पुरानी मांग गोबिंदपुर से परसुडीह तक जर्जर सड़क का जल निर्माण कराया जायेगा। जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र में जनता की मांग पर कई मंदिरों का निर्माण कराया जा रहा है। आगे भी किसी प्रकार की छोटी बड़ी समस्या का समाधान करने का हर संभव प्रयास करते रहेंगे। विधायक ने कहा जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का समाधान करना उनकी प्राथमिकता है। जुगसलाई विधानसभा में लगातार तेजी से विकास हो रहा है। इस अवसर पर विधायक ने ग्रामीणों संग ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कर डेंगू के बीमारी बचने के लिए स्वच्छ रहने व पानी को उवाल कर पीने की अपील की।मौके पर मुखिया श्रीमती नागी मुर्म, मिथुन चक्रवर्ती, उप मुखिया नानीका हसदा, समाजसेवी जितेंद्र सिंह, मुखिया प्रतिनिधि ज्ञान राज, समाजसेवी संतोष, राकेश, मानिक चंद्र महतो, अवधेश, मंगल, जोबा, सूक्मती, सुकमा, मुर्मू, ननिका, सीता, आलादी हसदा,पानु सोरेन,सोमवारी सिद्धू सहित अन्य सैकड़ो ग्रामीण शामिल रहे।

# मेडिट्रीना में इलाज के अभाव में महिला ने तोड़ा दम, मुआवजा और कार्रवाई की मांग

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मौके पर पहुंची पुलिस, परिजनों ने जमकर काटा बवाल**






**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिला के आदित्यपुर थाना अंतर्गत मेडिट्रीना सुपरस्पेशलिटी अस्पताल में इलाज के दौरान महिला की मौत होने पर परिजनों ने लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। रविवार को परिजनों ने 45 वर्षीय महिला पूनम कश्यप की मौत होने पर जमकर बवाल काटा। उन्होंने बताया बीते 9 माह से मरीज का डायलिसिस हो रही है। महिला बिल्कुल स्वस्थ्य थी।रविवार को खाना बनाकर घर से डायलिसिस कराने पहुंची थी। डॉक्टरों ने एक के बाद एक पांच- छः इंजेक्शन दे दिया। जिससे महिला की तबीयत बिगड़ने लगी। जबतक महिला को दूसरे अस्पताल ले जाने लगे उन्होंने दम तोड़ दी। उधर घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुच कर परिजनों को शांत कराया। परिजनों के अनुसार पूर्व में भी अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाई का आरोप लगा है। कभी ईलाज में लापरवाही, कभी अधिक पैसे वसूली की बात सामने आती है। परिजनों ने शव को लेने से इनकार कर जमकर हंगामा की। उन्होंने मुआवजा व दोषी मैनेजमेंट पर कार्रवाई की मांग को लेकर अड़े रहे। मौके पर पुलिस ने पूरे मामले की जांच की बात कर लोगों को समझा बुझाकर मामले को शांत कराया। इधर डॉक्टर ने अपना पक्ष रखते हुए कहा यह सभी आरोप बेबुनियाद है। फिलहाल मैनेजमेंट के तरफ से कोई भी बात करने सामने नहीं आया है। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

### टीएसडीपीएल में 20% बोनस मिलने पर कर्मचारियों ने यूनियन पाधिकारियो का किया स्वागत



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** टाटा स्टील डाउन स्ट्रीम प्रोडक्ट लिमिटेड कंपनी में प्रबंधन व यूनियन के बीच बेहतर बोनस समझौते से खुश होकर कर्मचारियों ने सम्मान समारोह का आयोजन किया। रविवार को कर्मचारियो ने बिस्टुपुर आवास में यूनियन अध्यक्ष राकेश्वर पांडे व सभी यूनियन पदाधिकारी का स्वागत किया। मौके पर अस्थाई कर्मचारियों ने भी 2014 के बाद बहाली प्रक्रिया आरंभ होना व लिखित व मौखिक परीक्षा संपन्न होने पर स्वागत करते हुए आभार प्रकट की। उन्होंने बाकी प्रक्रिया भी जल्द संपन्न करने के लिए आग्रह किया। मौके पर दिनेश कुमार ने बताया यूनियन काफी सजग है। छः माह पूर्व ही पहल कर ग्रेड से संबंधित चार्टर ऑफ डिमांड प्रबंधन को सौपा है। अध्यक्ष राकेश्वर पांडे ने कहां 20% बोनस के लिए कमिटी ने टीम वर्क के साथ कार्य किया।सभी पैसे का सदुपयोग करे। उन्होंने कहा अस्थाई कर्मचारियों के लिए प्रबंधन से वार्ता निरंतर होरही है। साथ ही कालिंगनगर, सानंद व अन्य स्थानों पर भी जमशेदपुर के स्किल्ड कर्मचारियों को स्थाई की जायेगी। इसके लिए यूनियन संगठित हो कर कार्य कर रही है। मौके पर अमन, संजीव, शशि वीर राणा, रंजन राकेश, अनीश, आर, रमेश चौधरी, दिनेश, मनोज, हरी शंकर सहित अन्य शामिल रहे।

# मॉर्निंग वॉक ग्रुप की तीसरी वर्षगांठ आज, एकता की दौड़ सहित बच्चों के लिए कई कार्यक्रम का होगा आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**अमरप्रीत सिंह काले होंगे मुख्य अतिथि**



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी विधान सभा क्षेत्र के बागुनहातु में बीते तीन साल से मॉर्निंग वॉक ग्रुप जन सेवा के भाव से विकास की क्षेत्र में अग्रसर है। रविवार को बागुनहातु फुटबॉल मैदान के विकास भवन में मार्निंग वॉक ग्रुप के अध्यक्ष एस बी राणा व उपाध्यक्ष रविन्द्र मिश्रा के नेतृत्व सोमवार को तीसरी वर्षगांठ व गांधी जयंती के उपलक्ष में होने वाले कार्यक्रम की जानकारी दी गई। मौके पर उपाध्यक्ष रविन्द्र मिश्रा ने बताया 2 अक्टूबर को सुबह 7 बजे आम लोगो के लिए दो किलोमीटर एकता की दौड़ सहित बच्चों के लिए कई कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम का शुभारंभ समाज सेवी अमरप्रीत सिंह काले के द्वारा किया जायेगा। लगभग दो सौ महिला व पुरुष भाग लेंगे। वही बच्चों के लिए कई प्रकार के खेलकूद का आयोजन किया जायेगा। प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर हौसला अफजाई की जायेगी। ताकि युवा स्वस्थ रहने के लिए खेलखुद के प्रति जागरूक हो सके। मौके पर संस्था के अध्यक्ष शशि वीर राणा ने बताया बीते 2020 में कोरोना काल के दौरान सस्थ रहने के लिए संस्था का गठन किया गया था। उसके बाद से ही मॉर्निंग वॉक ग्रुप बस्ती के रहने वाले सभी समाज के लोगों को सेवा के भाव से मदत पहुचा रही है। ग्रुप में लगभग बुद्धिजीवि व सीनियर सिटीजन लोगो का उचित मार्ग दर्शन मिलता है। आने वाले समय मे बड़े पैमाने में सेवा के कार्य किया जाएगा। उन्होंने शहर में लोगो से एकता की दौड़ में ज्यादा से ज्यादा की संख्या में शामिल होने की अपील की। स्थापना दिवस को यादगार बनाने के लिए आतिशबाजी व जरुरतमंदों के बीच नया वस्त्र का वितरण किया जायेगा। मौके पर शशि वीर राणा, सुरेन्द्र दास उर्फ मास्टर, अनुभव सिन्हा,रविन्द्र मिश्रा उर्फ चंदन, प्रभात कुमार सिंह सहित अन्य शामिल रहे।

### सिंगल यूज प्लास्टिक का लोग परित्याग करें, यह स्वास्थ्य के लिए हानिकारक : शिशिर धमीजा



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** आयकर विभाग जमशेदपुर के द्वारा गांधी जयंती की पूर्व संध्या देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के आह्वान स्वच्छता ही सेवा के तहत सोनारी डोबो डैम व चांडिल में स्वच्छता अभियान चलाया। रविवार को अभियान के दौरान आयकर आयुक्त जमशेदपुर शिशिर धमीजा शामिल हुए। उनके नेतृत्व में आयकर विभाग के 110 से अधिक अधिकारियों व कर्मचारियों ने डोबो डैम के गाड़ी पार्किंग क्षेत्र,सड़क व दोनो तरफ झाड़ियों व जल क्षेत्र के आसपास से कचड़े व अन्य गंदगी की साफ सफाई की। कचड़े में सबसे ज्यादा पॉलीथीन के पैकेट्स मिले जो कुरकुरे,चिप्स, पान मसाला, गुटखा आदि के थे। साथ ही पानी के खाली प्लास्टिक बोतल व प्लास्टिक के ग्लास की सफाई कर जुस्को से मंगाए गए कचड़ा गाड़ी में डंप किया गया। मौके पर आयकर आयुक्त धमीजा ने अभियान में आम जनता व अन्य संगठनों से भी भागीदारी के लिए आहवान किया। मौके पर सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष विजय आनद मुनका, महासचिव मानव केडिया के नेतृत्व में चैंबर के कई सदस्यों ने अभियान में हिस्सा लिया। जमशेदपुर सीए सोसायटी के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने भी अपने सदस्यों के साथ अभियान का हिस्सा बनें। साथ ही कुछ स्थानीय लोगों व पुलिस विभाग की टीम का जोड़दार समर्थन स्वच्छता ही सेवा अभियान को मिला। सफाई अभियान सुबह 10 बजे से 11.30 तक चला। लगभग 15- 16 छोटी बोरी कचड़े की सफाई की गयी। सप्ताह में एक दिन अपने घर व आस पास के क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाने की जरूरत है।

महत्वपूर्ण न्यूज

## दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर सातवीं बार सुनील कुमार बने जय मां शेरावाली संघ के अध्यक्ष



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** दुर्गा पूजा महोत्सव धूमधाम से मनाने को लेकर जय मां शेरावाली संघ भगलपुर में मुकेश कुशवाहा के आवास पर संयोजक दौलत सोनी और संजय चौधरी की अध्यक्षता में बैठक की गयी। जिसमें सुनील कुमार को सभी के सर्वसम्मति से सातवीं बार अध्यक्ष बनाया गया। उपाध्यक्ष चंदन गुप्ता, चन्दन पासवान, धर्मेंद्र कुमार (मुन्ना), सचिव महिपाल कुमार, विशाल गुप्ता, राहुल कुशवाहा, दीपक गुप्ता, कोषाध्यक्ष आनंद कुमार, उपकोषाध्यक्ष रोहित साव तथा संगठन मंत्री सकेन्द्र कुमार, आकाश कुमार, मीडिया प्रभारी सोनू कुमार साव, सुमित कश्यप कसौधन को बनाया गया। साथ ही मुख्य सलाहकार संत कुमार (गुरुजी), दिनेश गुप्ता, मुकेश कुशवाहा, उमेश कश्यप और संजय चौधरी को बनाया गया। इसके साथ ही सरंक्षक में गौरीशंकर गौड़, संजय साव, राजेन्द्र गुप्ता, भरत पासवान, संजय पासवान, विनय गुप्ता, विजय साव, संतोष कुमार, मोतीचंद साव, राजकुमार साव, शिवपूजन गुरुजी, सतेंद्र गुरुजी, शिवशंकर गुप्ता, प्रहलाद विश्वकर्मा, राजकुमार विश्वकर्मा, सुरेंद्र गुप्ता, गणेश गुप्ता, रामनाथ पासवान, अशोक सोनी, सदस्य शिवशंकर गुप्ता, शुभम सोनी, सत्यम गुप्ता, शुभम गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता आदि को बनाया गया। मौके पर संरक्षक दौलत सोनी ने कहा कि सभी का सहयोग लगातार मिलते आ रहा है और जय मां शेरावाली हर साल की भांति इस साल भी दुर्गा पूजा भव्य रूप से मनायी जाएगी।

## मेराल प्रखंड झामुमो युवा मोर्चा का गठन, ज्ञानरंजन अध्यक्ष और अभिषेक बने सचिव



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर रविवार को एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मेराल प्रखंड झामुमो युवा मोर्चा का गठन किया गया। जिसमें ज्ञान रंजन मिश्र को अध्यक्ष, अभिषेक मेहता को सचिव, मो. रेयाज अंसारी को कोषाध्यक्ष, रविंद्र गुप्ता को मीडिया प्रभारी, अजीज अंसारी, इलहाद अंसारी को संगठन सचिव तथा सुरेंद्र गोस्वामी, राजेंद्र चौधरी, अनिल चौधरी, मंसरेश यादव, मुन्ना राम, अनीश अंसारी, बिपुल तिवारी, श्रीकांत चंद्रवंशी, मोहसिन रजा को उपाध्यक्ष बनाया गया है। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को संगठन को मजबूत करने, प्रत्येक बूथ पर 10 सक्रिय युवाओं को जोड़ने, युवाओं के बीच खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने आदि की जिम्मेवारी दी गई। बैठक में मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला सचिव मनोज ठाकुर, युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष संजय सिंह छोटू, शरीफ अंसारी, अतहर अली अंसारी, दशरथ प्रसाद, राजेश बैठा, सुड्डु, फुजैल अहमद आदि लोग उपस्थित थे।

## 67वीं राष्ट्रीय विद्यालय प्रतियोगिता के लिए गढ़वा के आठ खिलाड़ियों का चयन, टेबल टेनिस संघ ने दी बधाई



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** 67 वी राष्ट्रीय विद्यालय टेबल टेनिस प्रतियोगिता के लिए राज्य टीम में गढ़वा जिले के आठ खिलाड़ियों का चयन होने पर टेबल टेनिस संघ के पदाधिकारी व खेल प्रेमियों ने बधाई दी है। झारखंड शिक्षा परियोजना की ओर से टेबल टेनिस खेल का रांची में ओपन ट्रायल शिविर का आयोजन किया गया था, ओपन ट्रायल शिविर में जिले के 12 खिलाड़ी शामिल हुए थे। ओपेन ट्रायल शिविर में गढ़वा जिला टेबल टेनिस के विद्यालय प्रतियोगिता में अंडर-14 बालक वर्ग हर्षित कुमार पांडेय, अभिजीत यादव, सचिन कुमार स्टेंड बाई। अंडर 17 बालिका वर्ग में अंजली कुमारी, बालक वर्ग में अनिमेष कुमार पांडेय, नितीश कुमार मेहता, उज्ज्वल कुमार, अंडर 19 बालिका वर्ग में आयुषी कुमारी पाण्डेय, बालक वर्ग में अमल कुमार ठाकुर का चयन किया गया है। जिले के आठ खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए किए जाने पर संघ के पदाधिकारी सदस्य और खेल प्रेमियों ने बधाई दी है। बधाई देने वालों में संघ के संरक्षक अलख नाथ पांडे, अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी, सचिव आनंद सिन्हा, उपाध्यक्ष धनंजय सिंह, नंदकुमार गुप्ता, सुशील केसरी, अशोक कुमार दुबे, सिस्टर रौशना, नागेन्द्र चौधरी, प्रिंस सोनी, मुजीबुद्दीन खान, अशोक कुमार विश्वकर्मा, संजय सोनी, अमित सिंह, मिथिलेश सिंह, धनंजय तिवारी, उमेश यादव, अमोद कुमार पांडे, अजय ठाकुर, नवनीत शुक्ला, सुधीर पाठक, ललन सोनी, पंकज सोनी, संतोष , अभय कुमार, अंजली रानी, आयुषी कुमारी,गुड्डु प्रसाद सहित कई लोग शामिल हैं।

**कार्यक्रम :** स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने विश्व बुजुर्ग दिवस मनाया

# बुजुर्गों की सेवा व देखभाल करना हमारी परंपरा और संस्कृति : सीएस

**माता-पिता को बुजुर्ग होने पर वृद्धा आश्रम ना भेजें, यह समाजहित के लिए अच्छी बात नहीं है**




आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिला सदर अस्पताल परिषद स्थित यक्ष्मा केन्द्र सभागार में विश्व बुजुर्ग दिवस मनाया गया। मौके पर सिविल सर्जन डॉक्टर अवधेश सिंह, नोडल पदाधिकारी एनसीडी सेल कौशल सहगल, चिकित्सा पदाधिकारी एनसीडी सेल डॉ प्रशांत प्रमोद, जिला कार्यक्रम प्रबंधक जेवियर एक्का, जिला कुष्ठ परामर्श डॉक्टर भारत भूषण, साइकोलॉजिस्ट एनसीपी कुमार संजीव शरण, सोशल वर्कर एनसीपी विनय कुमार शर्मा, फिजियोथैरेपिस्ट अभिषेक कुमार सिंह, काउंसलर एनसीडी राजकुमार वर्मा, डीपीसी यूनिसेफ शुभम कुमार उपस्थित थे।

कार्यक्रम के दौरान सिविल सर्जन अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि बुजुर्गों की सेवा व सेवा करना हमारी परंपरा और संस्कृति है। लगातार बुजुर्गों को उनके बच्चे ढलती उम्र के बाद अनदेखा कर देते हैं, यह उचित नहीं है। क्योंकि हर किसी को एक दिन उसे घड़ी से गुजरना है। यदि आप अपने माता-पिता के वृद्ध होने पर उनकी सेवा, संस्कार व सम्मान करते हैं। तभी आपकी आने वाली पीढ़ी भी आपकी सेवा संस्कार और सम्मान करेगी। लोग वृद्ध होने पर माता-पिता को वृद्ध आश्रम में भेज देते हैं। यह कतई समाज हित के लिए अच्छी बात नहीं है। क्योंकि एक सजग व्यक्ति को वृद्ध होने पर ही अपने बच्चों की जरूरत होती है।

वहीं नोडल पदाधिकारी कौशल सहगल ने कहा कि लगातार हमें यह देखने और सुनने को मिलता है की वृद्धि होने पर लोग अपने ही माता-पिता से दुर्व्यवहार करने लगते हैं। साथ ही जो स्त्री अपने माता-पिता को अच्छे संस्कार के साथ सेवा करती है। वही स्त्री अपने ससुराल जाने के बाद ससुर एवं सास के साथ दुर्व्यवहार करने लगती है। स्वास्थ्य विभाग लगातार सप्ताह में दो दिन कैंप लगाकर भी वृद्ध जनों की आंख जांच एवं शरीर से जुड़े हड्डी में दर्द के लिए जांच भी कर उन्हें दवा देकर उचित इलाज करता है। साथ ही यह अपील करता है कि लोग जगें और जागरूक हों कि वृद्ध होने पर अपने माता-पिता की सेवा करना ना भूलें।

कार्यक्रम के दौरान परवेज कुमार, फहीम खान, एएनएम संध्या दुबे, संगीता कुल्लू, नेहा, नीतू सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## भाजपा महिला मोर्चा ने सदर अस्पताल पहुंच कर घायल इमली देवी का हालचाल लिया

**एक गरीब महिला की निर्वस्त्र कर पिटाई की घटना में ना ही पुलिस और ना ही गढ़वा विधायक ध्यान दे रहे हैं : अध्य अनीता गुप्ता**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भाजपा महिला मोर्चा की महिलाओं ने रविवार को सदर अस्पताल पहुंच कर सदर प्रखंड के जाटा गांव निवासी घायल ईमली देवी का हालचाल लिया। वहीं पुलिस प्रशासन से न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। सदर अस्पताल से लौटने के बाद पत्रकार वार्ता आयोजित कर महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष अनीता गुप्ता ने कहा कि शहर से सटे जाटा गांव में एक गरीब महिला की निर्वस्त्र कर पिटाई की घटना घट रही है। इस मामले में ना ही पुलिस रुचि ले रही है और ना ही गढ़वा विधायक कोई ध्यान दे रहे हैं। खासकर कुछ दिन पूर्व महिला की सम्मान में सड़क पर प्रदर्शन करने वाली झामुमो की महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष रेखा चौबे और अन्य महिलाएं नजर आ रही हैं। गरीब महिला को निर्वस्त्र कर पिटाई की गई है। यहां भी एक महिला को सम्मान दिलाने के लिए झामुमो की महिलाओं को सड़क पर उतरना चाहिए था। महिला को अपमानित ही नहीं किया गया बल्कि इस घटना में महिला को शर्मसार भी किया गया है। इसे ही भाजपा अदमियांईन कहती है। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार में महिलाएं पूरी तरह से असुरक्षित हैं। ना घर में सुरक्षित हैं और ना ही बाहर। सरकार का तंत्र पूरी तहर से फेल है। जब पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी आम-आवाम, गरीब की आवाज को बुलंद करते हैं उनके हित में झामुमो के लोग सरकार को घेरने का काम करते हैं तो पूर्व विधायक के खिलाफ गढ़वा के विधायक और झामुमो के लोग साजिश रच कर उन्हें बदनाम करने में कोई कसर नहीं छोड़ते हैं। इतना ही नहीं पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी के लगातार बढ़ते जनाधार को देखकर झामुमो के लोगों की खासकर मंत्री मिथिलेश ठाकुर का रातों की नींद गायब हो गई है। झामुमो के सरकार में चारों तरफ भ्रष्टाचार व्याप्त है। इस सरकार में विधि-व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो गयी है। अच्छे व ईमानदार अधिकारियों का तबादला कर दिया जाता है। जिले में भी वैसे ही अधिकारियों व पदाधिकारियों का जमावड़ा लगा हुआ है जो जनता की कम मंत्री के ज्यादा सुनते हैं। जनता का कोई भी काम नहीं हो रहा है। चारो तरफ त्राहि-त्राहि लोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी से ही गढ़वा का भला होगा।

सरोज सिंह ने कहा कि एक अक्टूबर को देश स्तर पर सफाई अभियान चलाया जा रहा है। लेकिन सदर अस्पताल गढ़वा की स्थिति बद से बदतर है। इतनी गंदगी का अंबार सदर अस्पताल में लगा हुआ है। जबकि मंत्री मिथिलेश ठाकुर सदर अस्पताल का निरीक्षण करने भी पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि घायल महिला मंत्री के आवास के नजदीक गांव की है लेकिन घटना के पांच दिन बीतने के बाद भी उक्त महिला का हालचाल लेना और उसे न्याय दिलाना वे ठीक नहीं समझे। क्योंकि वह महिला गरीब परिवार की है।

सदर अस्पताल घायल महिला से मिलने पहुंचने वाली भाजपा महिला मोर्चा की महिलाओं में मीना गुप्ता, पार्वती सिंह, गिरिजा देवी, मधुलता देवी आदि शामिल थीं।

## स्वच्छ भारत अभियान सरकार की सराहनीय पहल : डॉ असजद

**रंका हॉस्पिटल में स्वास्थ्य कर्मियों ने सफाई कर दी बापू की सच्ची श्रद्धांजलि**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** नौ साल पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में स्वच्छता के लिए एक स्पष्ट संदेश देकर आह्वान किया था कि स्वच्छता को हमें प्राथमिकता में लेनी चाहिए। सभी क्षेत्रों में आने वाले नागरिकों नें इसका स्वागत किया और सक्रियता दिखाते हुए स्वच्छ भारत के लिए अत्यधिक उत्साह भी दिखाया। परिणाम स्वरूप स्वच्छता एक राष्ट्रीय स्वभाव में परिवर्तन हो गया और हर किसी की जुबान पर स्वच्छ भारत मिशन एक घरेलू नाम की तरह बन गया। प्रधानमंत्री ने 1 अक्टूबर 2023 को सुबह 10 बजे सभी नागरिकों द्वारा सामूहिक रूप से स्वच्छता के लिए एक घंटे के श्रमदान की अपील की थी। इसी क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रका सभी स्वास्थ्य कर्मियों नें एक घंटा श्रमदान कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी अर्थात बापू को सच्ची श्रद्धांजलि दी। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ असजद अंसारी ने सरकार की एक सराहनीय पहल बताया। हर व्यक्ति को इसे गंभीरता से लेनी होगी तभी मिशन सफल हो पायेगा। वहीं चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कुलदेव चौधरी ने कहा कि साफ सफाई हमारे जीवन का हिस्सा है। मौके पर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रिद्धि कुमारी, डॉ महजबी, डॉ गोरखनाथ पाण्डे, डॉ प्रीति सिंह तिवारी, डॉ मो. इश्तेयाक, डॉ भानु प्रताप सिंह, बीपीएम सुधीर कुमार, बीएएम दिनेश गुप्ता, एएनएम शहनाज नयन सिन्हा, किरण कुमारी, ललन राम, एमटीएस पंकज विश्वकर्मा, एमपीडब्ल्यू मंदीप प्रसाद गुप्ता, मुकेश ठाकुर, अनिल ठाकुर, अनिल राम आदि उपस्थित थे।

## भाजपा नगर मंडल ने महापुरुषों की प्रतिमाओं की साफ-सफाई कर किया माल्यार्पण



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** रविवार को भाजपा नगर मंडल गढ़वा के अध्यक्ष उमेश कश्यप की अध्यक्षता में स्वछता पखवाड़ा के अवसर पर महापुरुषों की प्रतिमा पर साफ सफाई का कार्यक्रम किया गया। सहिजना मोड़ पर डॉ भीमराव अंबेडकर, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा की साफ-सफाई कर माल्यार्पण किया। मौके पर उपस्थित भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सूरज गुप्ता, युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विनय चौबे, पूर्व जिला अध्यक्ष गिरेंदर पांडेय, ब्रजेश उपाध्याय, नगर मंडल महामंत्री यशवंत मिश्रा, विजय केसरी, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता, महामंत्री रविंद्र जायसवाल, मंत्री गौरी बिंद, ब्रजेंद्र पाठक, कैलाश कश्यप, अनवर शाह, दिनेश कुशवाहा, मनीष गुप्ता, टिंकू गुप्ता, अनिल गुप्ता, मनोज गुप्ता, मुन्ना कश्यप, संतोष कश्यप, सुरेंदर राम आदि लोग उपस्थित रहे। मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप ने कहा कि आज पूरा भारत देश स्वच्छता दिवस के रूप में मना रहा है। हमारे देश के प्रधानमंत्री ने अमृत महोत्सव के शुभ अवसर पर पूरे एक माह तक स्वच्छता दिवस मनाने का संकल्प लिया है, जिसके तहत हम सभी साफ-सफाई कर रहे हैं।

मौके पर सूरज गुप्ता ने कहा कि देश मोदी जी के नेतृत्व में निरंतर प्रगति के नए-नए आयाम लिख रहा है। आज हम सब बड़े भाग्यशाली और गौरवशाली हैं कि समाज से कुरीतियों को हटाकर नई दिशा की ओर आगे बढ़ रहे हैं। उसी का यह परिणाम है कि हम सभी साफ-सफाई करते हैं। सिर्फ गंदगी नहीं बल्कि लोगों के मन की गंदगी को भी मिटाने का काम कर रहे हैं। इसी कड़ी में विनय चौबे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में आज भारत देश विश्व पटल शिखर पर इतिहास रच रहा है। हम चांद पर भी कदम रख चुके हैं। हम लोगों के मन की गंदगी को भी मिटाएंगे और देश और समाज को भी स्वच्छ रखेंगे आज यह संकल्प लेने की जरूरत है।

## बाबूलाल मरांडी का लातदाग में होगा भव्य स्वागत, कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों में उत्साह : गिरिनाथ सिंह



**मेराल (आजाद सिपाही)।** भाजपा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा को लेकर कार्यकर्ताओं तथा ग्रामीणों में काफी उत्साह है। 5 अक्टूबर को गढ़वा-रंका विधानसभा क्षेत्र में प्रवेश करने पर लातदाग में उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। उक्त बातें रविवार को लातदाग स्थित गोपीनाथ सिंह बीएड कॉलेज में स्वागत की तैयारी का जायजा लेने पहुंचे गढ़वा रंका विधानसभा के पूर्व विधायक सह भाजपा नेता गिरिनाथ सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि 5 अक्टूबर को श्री मरांडी का बंशीधर नगर के कार्यक्रम के बाद गढ़वा विधानसभा में प्रवेश करने पर लातदाग बीएड कॉलेज में भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा। उनके आगमन से स्थानीय कार्यकर्ताओं तथा ग्रामीणों में काफी उत्साह है। मौके पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष गिरेन्द्र पांडे, राजकुमार मद्धेशिया, अमित कुमार सिंह, संजय कांस्यकार, सुरेश केसरी, अरुण कुमार चौबे, रंजन कुमार चौबे सहित अन्य कई लोग थे।

## जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा ने श्रमदान कर चलाया स्वच्छता अभियान




**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के द्वारा गांधी जयंती के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के द्वारा श्रमदान कर पूरनचंद चौक एवं आसपास साफ-सफाई की गयी एवं पलामू के गांधी के रूप में जाने जाने वाले पूरन चंद की प्रतिमा की सफाई कर उन्हें माल्यार्पण किया गया। इस मौके पर जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन 8 के निवर्तमान अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय, स्पेशल कमेटी के पूर्व सदस्य विजय केशरी, फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी, फेडरेशन उपाध्यक्ष नंद कुमार गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित थे। मौके पर पदाधिकारियों ने महात्मा गांधी को याद किया एवं उनके बताए मार्ग पर चलने की बात कही। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त जायन्ट्स ग्रुप गढ़वा के सचिव चंद्रभूषण सिन्हा, पूर्व अध्यक्ष ध्रुव केशरी एवं विनोद गुप्ता के साथ संदीप केशरी, रविन्द्र केशरी आदि लोग मौजूद थे।

## पतंजलि योग समिति मेराल ने चलाया स्वच्छता अभियान

**मेराल (आजाद सिपाही)।** योग गुरु स्वामी रामदेव महाराज के आह्वान पर पतंजलि योग समिति सह भारत स्वाभिमान न्यास के प्रखंड प्रभारी बलराम शर्मा के नेतृत्व में रविवार को मेराल अस्पताल चौक के समीप सरस्वतीया नदी छठ घाट शिव स्थान पर स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया। समिति के कार्यकर्ताओं तथा स्थानीय लोगों द्वारा करीब एक घंटा तक स्वच्छता अभियान चलाकर पूरे छठ घाट की साफ सफाई की गई तथा स्वच्छता का संदेश देकर बापू को 'स्वच्छांजलि' दी गई। इस महाअभियान में वरिष्ठ पत्रकार ब्रजेश कुमार मिश्रा, डॉ दीपक कुमार यादव, संजय प्रसाद, मृतुंजय पांडे, जगदीश मेहता, नान्हु मेहता, सोनू सोनी, रामगति ठाकुर, आकाश शर्मा थाना के कंप्यूटर ऑपरेटर नीरज पांडे, सुभाष कुमार, रोहित मेहता सहित कई अन्य लोगों ने श्रमदान किया।

## सगमा प्रखंड में चलाया स्वच्छता अभियान

**सगमा (आजाद सिपाही)।** गांधी जयंती के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर रविवार को प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान ग्रामीणों जनप्रतिनिधियों व विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने सामूहिक रूप से सार्वजनिक स्थानों पर साफ सफाई अभियान चलाया गया। प्रखंड मुख्यालय में प्रखंड कर्मी, पंचायत सचिवालय में जनप्रतिनिधि व पंचायत सेवक जबकि ग्रामीण इलाकों में ग्रामीणों ने स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया। इस मौके पर उप प्रमुख अर्जुन पासवान, सगमा मुखिया तेजलाल, कटहर कला में मुखिया कलावती देवी, बिरवल में इन्द्रजीत कुशवाहा, घघरी में सरोज देवी, पंचायत सेवक सूर्य देव सिंह, सुरेंद्र ठाकुर, बीपीओ प्रभाष पाण्डेय, रोजगार सेवक चन्द कुमार, उप मुखिया मंगलेश यादव, ग्रामीण जनार्दन यादव, अजय यादव, भूपेंद्र यादव, चन्द्र कान्त यादव, हरिदर्शन यादव, फुलेन्दर यादव, रविरंजन यादव आदि लोगों शामिल थे।

**बैठक :** एसपी ने रंका अनुमंडल कार्यालय में सभी पंचायती राज जनप्रतिनिधियों के साथ की बैठक, कहा

# जनता की सेवा और उनकी समस्याओं का समाधान करना हम सबकी जिम्मेवारी है

**महिला एवं लड़की को प्रताड़ित करने, ब्लात्कार, हत्या आदि विषय में पैरवी नहीं चलेगी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** रंका अनुमंडल कार्यालय में रविवार को गढ़वा जिला पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने रंका अनुमंडल के सभी पंचायती राज जनप्रतिनिधियों की एक बैठक की। जिसमें रंका, रमकंडा , चिनियां, बड़गड़ एवं भंडरिया थाना क्षेत्र के पंचायत जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया और अपनी-अपनी पंचायत, प्रखंड थाना क्षेत्र की समस्याओं से पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया और समस्या का समाधान करने का आग्रह किया। जिसके आलोक में पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने कहा कि आप सब भी जनता के सेवक हैं और वे भी हैं, जनता की सेवा एवं उनकी समस्याओं का समाधान करना हम सबों की जिम्मेवारी है। जनप्रतिनिधियों ने प्रधानमंत्री आवास निर्माण में बालू की समस्या को रखा, जिसमें उन्होंने बीडीओ एवं एसडीओ से मिल कर उपाय निकालने का सुझाव दिया। शराब की समस्या पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इस पर रोक लगाई जाएगी, आप सब पुलिस को सहयोग करें। वाहन चेकिंग के मामले में उन्होंने कहा कि वाहन चेकिंग में ज्यादातर मामले हेलमेट के होते हैं जो सुरक्षा की दृष्टिकोण से बहुत जरूरी है, इसके लिए पैरवी नहीं करें बल्कि हेलमेट खरीद कर देने का काम करें। चिनियां के रनपुरा में पुलिस पिकेट बनाने का भी आश्वासन दिया गया। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने कहा कि महिला एवं लड़की को प्रताड़ित करने, उनका ब्लात्कार, हत्या आदि विषय में भी पैरवी नहीं चलेगी बल्कि इस तरह की समस्या उत्पन्न नहीं हो आपका प्रयास होना चाहिए। हल्की फुल्की समस्या भाई भाई के बीच भूमि विवाद का निपटारा गांव घर में कर सकते हैं। उनहोंने थाना दिवस का आयोजन कराने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जिला परिषद उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, झामुमो अनुमंडल अध्यक्ष जैनुल्लाह अंसारी, जिला परिषद सदस्य राहुल तिवारी, प्रमिला देवी, रंका बीस सूत्री अध्यक्ष अहमद अली अंसारी, रंका प्रमुख हेमंत लकड़ा, रमकंडा प्रमुख, रंकाकला पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि राजेश कुमार मद्धेशिया, झामुमो रंका प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता, चिनियां के बनारसी सिंह, रमकंडा बीस सूत्री अध्यक्ष राजकिशोर यादव, मुखिया इजहार अंसारी, खालिद अंसारी, खरडीहा मुखिया प्रतिनिधि सह झामुमो रंका प्रखंड युवा सचिव पप्पू यादव, मानपुर मुखिया हासिम अंसारी, चुटिया पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि शंभु गुप्ता, मदगड़ी पंचायत के मुखिया प्रेमी देवी, पूर्व प्रमुख लिलावती देवी, रंका उप प्रमुख अनुभा सिंह, सोनदाग मुखिया पति हेमंत पासवान, असदुद्दीन बीडीसी मानपुर, रंका अनुमंडल पदाधिकारी संतोष कुमार, रंका इंसपेक्टर रामजी महतो, रमकंडा थाना प्रभारी शिव लाल गुप्ता, भंडरिया थाना प्रभारी संजय कुमार खाखा, चिनियां थाना प्रभारी मंटू कुमार सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## बस की टक्कर से टेंपो सवार एक व्यक्ति की मौत, चार घायल

**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका थाना क्षेत्र के लरकोरिया में राष्ट्रीय राजमार्ग 343 पर रविवार को पोपुलर बस सं. सीजी15 एबी 0921 के द्वारा टेम्पो को जोरदार टक्कर मार देने से टेम्पो में सवार गढ़वा के महुलिया गांव निवासी हासिम अंसारी (25) पिता जसमुदीन अंसारी की मौत घटना स्थल पर ही हो गई। वहीं चार घायल हो गये। घायलों की इलाज गढ़वा सदर अस्पताल में हो रही है। घायलों में अजमुदीन अंसारी पिता समसुदीन अंसारी, अजमुदीन की बीबी मैरू एवं पुत्री खुश्बू समां, आरीश अंसारी अरिना खातुन के नाम शामिल हैं। रंका बीडीओ देवानन्द राम ने आर्थिक सहायता के रूप में मृतक के परिवार को 10 हजार रुपये प्रदान किया है। मौके पर महुलिया पंचायत के मुखिया बिरेंद्र राम, पूर्व मुखिया श्रीनिवास राम, युवा समाजसेवी मुक्कदर अंसारी मौजूद थे।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 02 अक्टूबर, 2023
www.azadsipahi.in



### अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा का भव्य सम्मान समारोह आयोजित

# संगठित होकर शिक्षित होने की जरूरत :सांसद डीपी साहू

**चंद्रवंशी धर्मशाला निर्माण में सांसद को से मिलेगा सहयोगः सुदर्शन भगत**

आजाद सिपाही संवाददाता






**लोहरदगा।** अखिल भारत वर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा की राष्ट्रीय कार्यसमिति और सम्मान समारोह का आयोजन बलदेव साहू शिव प्रसाद साहू धर्मशाला में किया गया। कार्यक्रम का उद्धघाटन राज्य सभा सांसद धीरज प्रसाद साहू समेत अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि लोहरदगा में राष्ट्रीय स्तर का सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन सराहनीय प्रयास है। पिछड़ा चंद्रवंशी समाज संगठित होकर शैक्षणिक और राजनीतिक भागीदारी निभाने सुनिश्चित करे। कहा, चंद्रवंशी समाज का सत्य और बुराइयों से लड़ने का गौरवशाली इतिहास रहा है पिछड़ा चंद्रवंशी समाज के उत्थान और विकास में साहू परिवार का सहयोग हमेशा रहा है। सांसद डीपी साहू ने चंद्रवंशी समाज के उत्थान व विकास के लिए सांसद कोष से विवाह भवन बनाने की घोषणा किया।

कार्यक्रम में लोहरदगा सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि चंद्रवंशी समाज देश के प्रथम चक्रवर्ती सम्राट जरासंघ महाराज के वंसज है। निडरता और साहसिक कार्यों के लिए प्रसिद्धि रहा है। विभिन्न कारणों से वर्तमान में अति पिछड़ापन है। चंद्रवंशी समाज केविकास में साथ रहूंगा। चंद्रवंशी समाज के उत्थान और विकास हेतु अपने सांसद कोष से धर्मशाला निर्माण की घोषणा करता हुँ।

इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार आजाद ने कहा कि, चंद्रवंशी समाज की घोर उपेक्षा किया जाता रहा है लेकिन अब चंद्रवंशी समाज जागरूक हो गया है। अब भिक्षा नहीं रण होगा। चंद्रवंशियों के साथ अन्याय बर्दास्त नहीं किया जायेगा। इस अवसर पर झारखंड प्रदेश अध्यक्ष नितेश चंद्रवंशी ने कहा कि, झारखण्ड के चंद्रवंशी समाज को हासिये में डालने का प्रयास निंदनीय है। सीएनटी जैसे संवेदनशील मुद्दे पर झारखंड सरकार को विचार करना चाहिए। कई जिलों में चंद्रवंशी समाज का आरक्षण समाप्त होना निंदनीय है। इस अवसर पर डॉक्टर आकाश वर्मा, रोहिणी वर्मा, छितिज वर्मा, अरविंद वर्मा, अंकुर वर्मा, आंचल वर्मा, अनुराधा वर्मा, संजना वर्मा, को प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। अवनि वर्मा, अमित वर्मा और किशोर वर्मा को पत्रकारिता के क्षेत्र में और माया देवी को सिलाई प्रशिक्षक के सराहनीय कार्य करने पर मेडल देकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन राजकुमार वर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय कमिटी के सुरेंद वर्मा, सुरेश सिंह, प्रियरंजन उर्फ डिंपल, अनूप कुमार, ओम प्रकाश सिंह, परसु राम, जितेंद्र उर्फ गुड्डू, उदय, सुनील, सुरेश चंद्र, दिलीप, बिनोद आदि सैकड़ो चंद्रवंशी समाज के महिला पुरुष उपस्थित थे।

# ग्रामीणों को डीवीसी के हाथों लुटने नहीं देंगे : सत्येंद्र यादव

**जमीन लेने के समय जनता से एकरारनामा किया गया है उसे पूरा करे : रवि डे**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार जिले में डीवीसी कोल कंपनी के नीति के खिलाफ दर्जनों गांवों के ग्रामीणों ने झारखंड खनिज मजदूर संघ और बिरसा मुंडा मजदूर यूनियन के संयुक्त नेतृत्व में नवाडी मध्यविद्यालय के मैदान में रविवार को सैकड़ों ग्रामीणों ने आम सभा का आयोजन किया।

सभा में भारी संख्या में महिला, पुरुष और बच्चे शामिल होकर डीवीसी कंपनी के खिलाफ नारे लगाये और 9 सूत्री मांग किया है। नेता और ग्रामीणों ने शपथ लिया की कंपनी के खिलाफ लड़ाई अंतिम तक लड़ेंगे। जो की बिना भय, लोभ, लालच और संकोच के कानून से लड़ेंगे।

झारखंड खनिज मजदूर संघ के अध्यक्ष सत्येंद्र यादव ने कहा कि डीवीसी कोल कंपनी द्वारा दर्जनों गांव के हजारों ग्रामीण को हम लूटने नहीं देंगे, उनके हक और अधिकार के लिए हमें चाहे जितनी लड़ाई लड़नी पड़े, उनका अधिकार मिलने तक हम लड़ेंगे। हम इन कंपनियों के चरित्र को जानते हैं। डीवीसी कंपनी को क्षेत्र के लोगों को उनका उचित मुआवजा और 9 सूत्री मांगों को मनाना ही होगा, उनके हक और अधिकार के लिए हमें जो करना पड़े कानून तरीके से हम करेंगे।

जुझारू नेता रवि कुमार डे ने कहा की डीवीसी द्वारा ग्रामीणों के बीच जमीन के बदले में जो एकरारनामा हुआ है। उसे हम ग्रामीणों को उनका पूरा हक दिलवाकर ही दम लेंगे। हमें चाहे जितना आंदोलन क्यों न करना पड़े। हम लड़ेंगे और इन कंपनियों के चरित्र को उजागर करेंगे। मजदूर नेता मनोज यादव ने कहा कि डीवीसी की अंग्रेजों वाली फूट डालो और शासन करो नीति नही चलने देंगे। ग्रामीणों को अब ठगने नही दिया जायेगा।

कोयला ट्रांसपोटिंग के कार्य में परिवहन कार्य स्थानीय ट्रकों से परिवहन का कार्य किया जाये जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार मिल सके, कोयला उत्पादन का 50% कोयला को डीओ के माध्यम से लोकल सेल करने की व्यवस्था की जाये। जिससे स्थानीय कोयला व्यवसाईयों को रोजगार की व्यवस्था हो सके, प्रभावित क्षेत्र में स्वास्थ्य के लिए लातेहार में 500 बेड का अस्पताल, उच्च शिक्षा के लिए कॉलेज, निशुल्क बिजली व्यवस्था, शुद्ध पेय जल की व्यवस्था और इंजीनियरिंग कॉलेज की व्यवस्था की जाए। प्रभावित गांवों के महिला को प्रशिक्षण देकर उसको रोजगार उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाये। मौके पर सत्येंद्र यादव, रवि कुमार डे, दिलेश्वर यादव सिलिस्टेन कुजूर, मनोज यादव, दिलीप कुमार, किरण कुमार चंद्रवंशी, विकास उरांव, डॉक्टर चंदन सिंह ,दीपक यादव, आर्सेन तिर्की, दिलीप, उमेश, अवधेश, विकास, मो इस्लाम, मो अमीन मियां, रवि, अर्पणा, मंजू, संगीता, अंजू समेत दर्जनों मजदूर नेता मौजूद थे।

## मंत्री रामेश्वर उरांव ने कुडू में किया झारखंड हॉप हॉस्पीटल का उद्घाटन



**कुडू-लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कुडू बस स्टैंड स्थित ग्रामीण बैंक की शाखा के पास झारखंड हॉप मल्टी स्पेशियलिटी प्राइवेट हॉस्पिटल का रविवार को शुभारंभ किया गया। हास्पिटल का उद्घाटन स्थानीय विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने किया। मंत्री और अन्य अतिथियों का अस्पताल के प्रबंधक एनामुल अंसारी ने पुष्प गुच्छ देकर और शॉल ओढ़ाकर गर्म जोशी से स्वागत किया। मौके पर रामेश्वर उरांव ने प्रबंधक एनुल अंसारी को अस्पताल प्रारंभ करने के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उम्मीद करता हूँ कि ये अस्पताल कुडू प्रखंड सहित आसपास के मरीजों को व्यवसायिकता से उपर उठकर मानवीयता के सिद्धांत को अपनाते हुए काम करेगा। अस्पताल में उल्ट्रा साउंड, ईसीजी, एक्सरे, पैथोलॉजी, फामेर्सी जैसी अत्याधुनिक स्वास्थ सेवाओ को एक छत के नीचे न्यूनतम शुल्क में पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा। मौके पर जिला अध्यक्ष सूखैर भगत, कार्यकारी अध्यक्ष शकील अंसारी, प्रदेश महासचिव अजय नाथ शाहदेव, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, वरिष्ठ कॉग्रेसी जमील खान, युवा मोर्चा प्रदेश महासचिव फहद खान, बीस सूत्री अध्यक्ष सदरूल अंसारी सहित कई गणमान्य लोग और स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## तीन महीने के बाद खुला बेतला पार्क



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत एक अक्टूबर (रविवार) से बेतला नेशनल पार्क को पर्यटकों के लिए खोल दिया गया है। पलामू टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर कुमार प्रजेशकांत जेना सहित कई विभागीय पदाधिकारियों ने पूजा-अर्चना कर व फीता काटकर बेतला नेशनल पार्क में पर्यटकों के लिए खोला। खुलने से बेतला की रौनक बढ़ गयी है। गौरतलब हो कि वन्य प्राणियों के प्रजनन काल के कारण प्रति वर्ष एक जुलाई से 30 सितंबर को पार्क को बंद कर दिया जाता है। ऐसा होने से बेतला नेशनल पार्क से जुड़े होटल व्यवसायी, वाहन मालिक, गाइड का रोजगार बंद हो जाता है।

## एक साथ, एक घंटे स्वच्छता, श्रमदान का आयोजन



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** स्वच्छ भारत मिशन शहरी और ग्रामीण के संयुक्त सहयोग से दिनांक 01 अक्टूबर 2023 (रविवार) को "स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा-2023" अभियान अंतर्गत "एक साथ एक घंटे स्वच्छता हेतु श्रमदान" का आयोजन रेलवे स्टेशन परिसर, लोहरदगा में किया गया। यह कार्यक्रम उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता के नेतृत्व में किया गया। जिसमें सभी जिला स्तरीय पदाधिकारीगण और लोहरदगा रेलवे स्टेशन के पदाधिकारी व कर्मीगण, नगरपरिषद के कर्मी और जिला जल एवं स्वच्छता समिति के सदस्य शामिल हुए।

## बरवाडीह में चार जविप्र डीलर को शो कॉज

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह के प्रभारी एमओ अनुज कुमार शरण ने राशन वितरण में गड़बड़ी की शिकायत पर चार जविप्र के डीलरों को शो कॉज किया है। एमओ ने उन डीलरों को 48 घंटे के अंदर शो कॉज का जवाब देने का निर्देश दिया है। संतोष जनक जवाब नही मिलने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी है। एमओ अनुज कुमार शरण ने बताया कि छेन्चा के जविप्र डीलर नेजाम खां, चपरी जविप्र डीलर नागेश्वर राम, हरातू के डीलर सहादुर सिंह और बेतला तुरी टोला किरण समूह जविप्र डीलर को शो कॉज किया गया है। किसी डीलर पर कम राशन वितरण करने तो किसी के खिलाफ पर्ची निकाल कर राशन नही देने की शिकायत कार्डधारियों से मिली थी। कुछ जगह के कार्डधारी प्रखंड कार्यालय में आकर राशन नही मिलने पर प्रदर्शन भी किया था। उन्होने बताया कि उन डीलरों से 48 घंटे के अंदर शो कॉज का जवाब मांगा गया है। शो कॉज का जवाब मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## कुडू ब्लॉक में चला सफाई अभियान



**कुडू (आजाद सिपाही)।** कुडू में प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोरंजन कुमार के नेतृत्व में सफाई अभियान चलाया गया। जिसमे ब्लॉक के लगभग सभी विभाग के कर्मचारी के साथ उप प्रमुख ऐनुल अंसारी, कुडू मुखिया आशा लकड़ा, कुडू उप मुखिया राहुल उरांव, ऑपरेटर सबरेज आलम, मुमताज, मुकेश, रोहित, नसीर तथा जेएसएलपीएस, संखधरा, ग्रामीण विकास विभाग के सभी लोग एक साथ शामिल होकर पूरा प्रखंड परिसर से लेकर अब्दुल हमीद चौक ब्लॉक मोड़ तथा आसपास के स्थलों को साफ सफाई की गयी।

# अपने आसपास सफाई रखना भी सेवा है : हिमांशु मोहन

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार गांधी जयंती के पूर्व आज दिनांक 01 अक्टूबर 2023 को स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत समाहरणालय परिसर लातेहार में स्वच्छता के लिए श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। उपायुक्त लातेहार हिमांशु मोहन समेत जिले के पदाधिकारियों और कर्मियों ने श्रमदान देकर समाहरणालय की सफाई किया। इस मौके पर उपायुक्त लातेहार ने कहा अपने घर और आस-पड़ोस की साफ-सफाई करना हम सभी की व्यक्तिगत जिम्मेदारी है। परंतु यह अभियान तभी सफल हो सकता है जब हम अपने घर में जैविक कचरा और प्लास्टिक को अलग-अलग डस्टबिन में रखें। ऐसा कर हम जैविक कचरा और प्लास्टिक कचरे को मिक्स होने से रोक सकते हैं। इस स्वच्छता अभियान में जिला पंचायती राज पदाधिकारी जितेंद्र गुप्ता, जिला गोपनीय शाखा प्रभारी श्रेयांश, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, कार्यपालक अभियंता पेयजल और स्वच्छता प्रमंडल दीपक महतो, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत राजीव रंजन, जिला खेल पदाधिकारी संजीत कुमार और समाहरणालय के कर्मी शामिल थे।

## बापू के सपनों को देशवासी पूरा करें, देश स्वच्छ और सुंदर हो: न्यायाधीश अखिल कुमार



**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार माननीय उच्च न्यायालय झारखंड, रांची के तत्वाधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार के द्वारा व्यवहार न्यायालय, लातेहार के परिसर में स्वच्छता ही सेवा अभियान-2023 के अवसर पर माननीय प्रधान जिला सह सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार अखिल कुमार के दिशा निर्देश में व्यवहार न्यायालय के पदाधिकारीगण और कर्मचारीगण के द्वारा साफ-सफाई अभियान चलाया गया। इस अवसर पर माननीय प्रधान जिला सह सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार अखिल कुमार के द्वारा बताया गया कि जैसा कि हमलोग जानते हैं कि 02 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छ भारत दिवस मनाया जाता है। बापू का सपना था कि हमारा भारत देश स्वच्छ और सुंदर हो। उन्हीं के सपना को दृष्टिगत रखते हुए पूरे देश में स्वच्छता के लिए जनआंदोलन चलाया जा रहा है। इस स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन 15 सितंबर 2023 से 02 अक्टूबर 2023 तक होना है। जो गांधी जयंती के पूर्व संध्या पर बापू को पूर्ण श्रद्धांजली होगी। इस अवसर पर अपर जिला और सत्र न्यायाधीश अमित कुमार मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, लातेहार मो अब्दुल नसीर, अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, लातेहार श्री शशि भुषण शर्मा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार स्वाति विजय उपाध्याय सहित व्यवहार न्यायालय के कर्मचारीगण, नगर पंचायत के कर्मचारी और पीएलवी नीतिश कुमार और जितेंद्र ठाकुर इत्यादि उपस्थित रहे।

# लगातार बारिश के बाद लोध फॉल की बढ़ी खूबसूरती, दिख रहा अदभुत नजारा

देवानंद, आजाद सिपाही



**महुआडांड।** पिछले दो दिनों से हुई लागातर बारिश के बाद लातेहार जिले के महुआडांड़ में झारखंड के सबसे ऊंचे जलप्रपात लोध फॉल की खूबसूरती चरम पर पहुंच गई है। ऐसे में आसपास के पर्यटकों की भारी भीड़ यहां जुटने लगी है। यहां करीब 43 मीटर की ऊंचाई से नदी का पानी नीचे गिरता है जो लोगों का मन मोह लेता है।

महुआडांड़ प्रखंड मुख्यालय से लगभग 18 किलोमीटर की दूरी पर स्थित प्रसिद्ध लोध फॉल की प्राकृतिक सौंदर्यता काफी अनुपम है। लगभग 143 मीटर की ऊंचाई से यहां बूढ़ा नदी का पानी झरने के रूप में सीधे पहाड़ी से नीचे गिरता है। लोध फॉल को देखने के लिए नवंबर से फरवरी माह तक पर्यटकों की भारी भीड़ लगती है। बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड, ओडिशा के अलावा देश के कई अन्य हिस्सों से भी पर्यटक यहां पहुंचते हैं। लोध फॉल पहुंचने के लिए सड़क मार्ग एकमात्र रास्ता है। रांची से इसकी दूरी लगभग 218 किलोमीटर है। रांची-घाघरा- बनारी के रास्ते से महुआडांड़ होते हुए यहां पहुंचा जा सकता है। वहीं रांची-लातेहार-महुआडांड़ के रास्ते भी यहां पहुंचा जा सकता है। लातेहार जिला मुख्यालय से इसकी दूरी लगभग 110 किलोमीटर है। लोध फॉल के अलावा महुआडांड प्रखंड में स्थित कई अन्य फॉल की खूबसूरती भी इन दिनों लोगों को लुभा रही है।

# किसानों को मशीनीकरण की ओर जाना चाहिए : रामेश्वर उरांव

**कृषि उपकरण बैंक स्थापना हेतु कृषि उपकरण यंत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** डॉ. रामेश्वर उरांव, मंत्री, वित्त विभाग, योजना और विकास विभाग, वाणिज्यकर विभाग तथा खाद्य, सार्वजनिक वितरण और उपभोक्ता मामले विभाग, झारखंड रांची रविवार को भूमि संरक्षण कार्यालय, लोहरदगा की ओर से नगर भवन, लोहरदगा में आयोजित आरकेविवाई रफ्तार योजनांतर्गत सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मेकनाइजेशन स्वयं सहायता समूहों को कृषि उपकरण बैंक स्थापना हेतु कृषि उपकरण यंत्र वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। मौके पर उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 में ही वर्तमान राज्य सरकार ने निर्णय लिया था कि गांवों को विकसित किया जायेगा। किसानों के लिए कृषि, मत्स्य, भूमि संरक्षण आदि, गरीबों कब लिए स्वास्थ्य के क्षेत्र, ग्रामीण विकास अंतर्गत सड़के, खाद्य आपूर्ति अंतर्गत राशन कार्ड के क्षेत्र में कई कार्य किये। मंत्री ने कहा कि किसानों को मशीनीकरण की ओर जाना चाहिए। कृषि कार्य के लिए कई उन्नत किस्म की मशीनें आ गयी हैं जो आपका समय और खर्च दोनों बचाती है। साथ ही उत्पादन में भी काफी फर्क पड़ता है।

**वित्तीय प्रबंधन में झारखंड को 5वां स्थानः** कैब की रिपोर्ट के अनुसार वित्तीय प्रबंधन के मामले में झारखंड राज्य देश के अन्य राज्यों में 5वें स्थान पर है। सरकार की आमदनी बढ़ी है। वर्ष 2019 से अब तक राजस्व सात हजार करोड़ रुपये तक पहुंच गया है।

**पथों के निर्माण और मरम्मति हेतु भेजा प्रस्ताव** : लोहरदगा जिला में 39 नए पथों के निर्माण और जर्जर हो चुके 16 पथों का प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजा गया है। इससे सड़कों की स्थिति में काफी सुधार आयेगा। किसानों को धान की खेती के लिए अब समय से धान का बीज दिया जा रहा है। अब समय से धान की रोपनी से किसान बेहतर उत्पादन कर पा रहे हैं। हालांकि इस वर्ष मानसून में देरी की वजह से धान की बुआई कम हुई है। इसकी भरपाई के लिए किसानों के बीच जल्द ही दलहन फसलों के बीजों का वितरण किया जायेगा। वर्तमान सरकार ने हरा राशन कार्ड के तहत 20 लाख राशन कार्डधारकों को जोड़ा। अगले वर्ष 5 लाख नये लाभुकों को जोड़ा जायेगा।

**वितरण किया गया कृषि उपकरणः** कार्यक्रम में डॉ रामेश्वर उराँव, मंत्री द्वारा दो महिला मंडल बिरसा महिला मंडल कुडू और लोक महिला मंडल किस्को के बीच कृषि उपकरणों का वितरण किया गया जिसमें आटा चक्की मिल मशीन, मिनी ट्रैक्टर, रोटावेटर, पाइप व अन्य सामग्री शामिल हैं। कार्यक्रम में जिला परिषद उपाध्यक्ष विनोद उराँव, जिला परिषद सदस्य सेन्हा राधा तिर्की, जिला परिषद सदस्य पेशरार रूबी कुमारी, जिला परिषद सदस्य भंडरा राजमनी, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, समेत अन्य गणमान्य गण, पदाधिकारी व लाभुक उपस्थित थे।

## स्वच्छता ग्रामीणों का प्रथम दायित्व, बीमारी से मिलेगी निजात : योगगुरु दिलीप कुमार

**सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सेन्हा के सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया। पीएम के आवाहन को शत प्रतिशत स्वच्छता को धरातल पर उतारने के दिशा में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत सेन्हा शिव मंदिर प्रांगण और एनएच पथ के किनारे अभियान चलाया गया। जिसमें मुख्य रूप से योग अभ्यास के दिलीप कुमार, केदारनाथ साहू, रविंद्र, श्रवन, नीरज, बिनोद के अलावे अन्य ग्रामीण शामिल थे। स्वच्छता अभियान के दौरान योग गुरु दिलीप कुमार ने कहा स्वच्छता का दायित्व ग्रामीण क्षेत्र के प्रत्येक ग्रामीणों को होना चाहिए। इससे स्वच्छ समाज का निर्माण होगा और स्वच्छ समाज से स्वच्छ गांव पंचायत बनेगा।

## स्कूल के विद्यार्थियों ने निकाली रैली



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** रविवार को जेएमएस इंग्लिश मीडियम पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने स्वच्छ भारत अभियान के तहत लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक बनाने हेतु निकाली रैली। यह रैली जेएमएस इंग्लिश मीडियम स्कूल के प्रांगण से शुरू होकर विभिन्न इलाकों में लोगों को जागरूक बनाते हुए "मैंना बगीचा बाजार" में जाकर समाप्त हुई। इस दौरान बच्चों का "हम सभी का एक ही सपना, स्वच्छ भारत हो अपना" "स्वच्छता है एक सेवा, गंदगी है जानलेवा" जैसे नारों से आकाश गुंजायमान होता रहा। इस दौरान एडवोकेट सुषमा सिंह ने कहा कि स्वच्छ भारत की परिकल्पना तभी की जा सकती है जब सब मिलकर इसमें सहयोग करें जिससे सभी गांव, शहर, गलियां, नालियां साफ-सुथरी की जा सकें, जिससे बीमारी फैलने का खतरा कम हो और गंदगी की वजह से फैलने वाली बीमारियां जैसे डेंगू, मलेरिया, डायरिया, महामारी समेत कई बीमारियों से बचा जा सके। मौके पर प्राचार्या दीपा शिखर, संगम भारती, रानी प्रिया, सुजाता बखला, रिचा बखला, पिंकी, माना देवघरिया और आसमा उरांव का योगदान सराहनीय रहा।

## सीआरपीएफ के अधिकारियों और जवानों ने बड़ा तालाब में चलाया सफाई अभियान



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** भारत सरकार तथा सीआरपीएफ महानिदेशालय के निदेर्शानुसार लोहरदगा सीआरपीएफ 158 बटालियन के अधिकारियों और जवानों द्वारा लोहरदगा स्थित बड़ा तालाब के घाटों पर स्वच्छता ही सेवा अभियान के दौरान साफ सफाई कार्यक्रम चलाया गया। एक घंटा तक चले इस स्वच्छता अभियान के दौरान बड़ा तालाब के पूरे घाटों जहां पर की लोहरदगा जिले के नागरिक अपने विभिन्न सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों के लिए आते हैं, वहां की साफ सफाई की गई वही कुछ जगहों पर स्लैब व सीढ़िया टी थी उनको रिपेयर किया गया। तालाब से निकला कूड़ा करकट को कूड़ा डिस्पोजल की निर्धारित जगह पर उसको डिस्पोज किया गया। इस पूरे स्वच्छता ही सेवा अभियान में 158 बटालियन सीआरपीएफ के साथ बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने भी इसमें भाग लिया। कमांडेंट राहुल कुमार द्वारा यह भी आशा जतायी गयी कि इस प्रकार के अभियान से लोगों में एक प्रेरणा जागृत होगी। उन्होंने आम नागरिकों को इस अभियान में सीआरपीएफ बटालियन का सहयोग देने के लिए धन्यवाद दिया।

## 2024 के चुनाव में मजबूती प्रदान करें और किसी भी सूरत में हारना नहीं है : लखन उरांव



**कैरो(लोहरदगा)(आजाद सिपाही)।** कैरो भारतीय जनता पार्टी कैरो मंडल बुथ अध्यक्ष एवं बुथ शसक्तीकरण कार्यक्रम का द्वितीय दिन 01अक्टूबर दिन रविवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कैरो में मंडल अध्यक्ष लखन उरांव की अध्यक्षता में बुथ सशक्तिकरण कार्यक्रम की शुरूवात सर्वप्रथम पंड़ित दीनदयाल उपाध्याय जी की चित्र पर पुष्प अर्पित कर धूप दीप और वंदेमातरम के साथ किया गया। वहीं स्वतंत्रता सेनानी ननका साहू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मंडल स्तरीय बुथ अध्यक्षों के साथ पार्टी द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों के सफल निष्पादन हेतु बैठक कर निर्देशित किया गया। वही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आवाहन पर गांधी जयंती के एक दिन पूर्व समय लगभग 10 बजे स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन कर विभिन्न विद्यालयों सामूहिक स्थल, चौक-चौराहा की सफाई किया। बैठक में माटी कला बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष श्रीचंद प्रजापति, जिला उपाध्यक्ष नवीन कुमार टिंकू, जिला मीडिया प्रभारी पशुपतिनाथ पारस, मंडल अध्यक्ष लखन उरांव, विशेश्वर प्रसाद दीन सहित काफी संख्या में भाजपाई उपस्थित थे।

## लायंस क्लब, गुमला ने सदर अस्पताल में चलाया स्वच्छता अभियान



**गुमला (आजाद सिपाही)।** लायंस क्लब गुमला के द्वारा रविवार को सदर अस्पताल में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस आशय की जानकारी पीआरओ ला. हेमंत कुमार ने दी। यह कार्यक्रम स्वच्छ भारत अभियान के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। जिसमें साफ सफाई के साथ-साथ इस विषय में जागरूकता अभियान भी चलाया गया। क्लब के सदस्यों के द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत झाड़ू लगाकर साफ-सफाई की गयी। मौके पर अध्यक्ष शंकर लाल जाजोदिया ने कहा कि सबसे पहले सभी लोगों को खुद अपने घर और आसपास की सफाई करनी चाहिए। आसपास साफ-सुथरा रखने से मच्छर कम होंगे। अभी कई तरह के मच्छर वातावरण को प्रभावित कर रहे हैं। साफ सफाई से ही डेंगू, मलेरिया सहित अन्य तरह की बीमारियों से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि लायंस क्लब गुमला द्वारा आज 01 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक जिला गवर्नर के निर्देशानुसार कई तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। लायंस क्लब का मुख्य लक्ष्य सेवा कार्य है। कार्यक्रम में सचिव अशोक जायसवाल, कोषाध्यक्ष गुलाबचंद प्रसाद, लायंस मुरली मनोहर प्रसाद, ला. शिव लाल, ला. सत्येंद्र कुमार, ला. अशोक आनंद, ला. राजलक्ष्मी, ला. विशाल प्रसाद, किरण जयसवाल, अनुराधा प्रसाद, ला. सरस्वती देवी इत्यादि शामिल थे।

## गायत्री शक्तिपीठ ने स्वच्छता अभियान चलाया



**गुमला (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर गायत्री शक्ति पीठ ने स्वच्छता अभियान चलाया। इस स्वच्छता अभियान पर गायत्री शक्तिपीठ गुमला के द्वारा बड़ाइक मुहल्ला स्थित राधा कृष्ण मंदिर एवं गायत्री शक्तिपीठ के अंदर के प्रांगण एवं बाहर के स्थलों पर साफ- सफाई की गई। सर्वप्रथम प्रतिदिन की भांति यज्ञ एवं हवन किया गया। इसके पश्चात स्वच्छता अभियान के तहत सुबह 10 बजे से सफाई का कार्य प्रारंभ किया गया। इस सफाई अभियान की अध्यक्षता परिवर्जक बलिराम भगत एवं ब्रह्मदेव जी के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मीरा देवी, उर्मिला देवी, उषा देवी, प्रमोद सिंह, मीडिया प्रभारी सुनील कुमार दास, लक्ष्मी विश्वकर्मा, संदीप स्वरूप, ओम प्रकाश शर्मा, बलदेव गुप्ता, विमला देवी, विजय कुमार साहू, दीक्षा कुमारी, ललिता कुमारी, शोभा देवी, संगीता कुमारी, सोना देवी सहित अन्य लोग शामिल थे।

## स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत मुखिया ने ग्रामीणों के साथ चलाया स्वच्छता अभियान



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** स्वच्छ भारत मिशन स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत रविवार को बिशुनपुर पंचायत के मुखिया रामप्रसाद बड़ाईक की अगवाई में पंचायत सचिव लालमोहन साहू एवं ग्रामीणों ने पंचायत सचिवालय एवं इर्द-गिर्द सहित अपने गांव चिपरी में स्वच्छता अभियान चलाया। इस निमित्त ग्रामीण महिला-पुरुष झाड़ू लेकर निकले और मिलकर उन्होंने झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। मुखिया ने कहा मनुष्य जीवन में स्वच्छता का बहुत बड़ा महत्व है। यदि व्यक्ति स्वच्छता नहीं अपनाता तो गंदगी से होने वाली कई बीमारियों का शिकार हो जाता है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि सभी लोगों को स्वच्छता में विशेष रुचि लेकर अपने घर व आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने के लिए आगे आना चाहिए। यदि हम अपने घर और गलियों को स्वच्छ रखेंगे, तभी हमारा गांव पंचायत स्वच्छ रह पाएगा। इस मौके पर सुखराम उरांव, संगीता उरांव, प्रीति कुमारी, सालो देवी, अमीन उरांव, बधनी देवी, सुखमनिया देवी, नैना कुमारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## 4 अक्टूबर को शौर्य जागरण रथ यात्रा को लेकर विहिप बजरंग दल ने की बैठक



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल घाघरा प्रखंड के तत्वावधान में सेहल पंचायत में आगामी 4 अक्टूबर को होने वाले शौर्य जागरण रथ यात्रा को लेकर रविवार को सेहल गांव में बैठक की गई। बैठक में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल तथा मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी का चुनाव सेहल पंचायत के लिए किया गया। इसमें घाघरा प्रखंड विश्व हिंदू परिषद के बजरंग दल संयोजक निखिल गुप्ता, विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखंड मंत्री अजय कुमार गुप्ता, विश्व हिंदू परिषद प्रखंड के धर्म प्रचारक संतोष मणि मिश्रा, सह संयोजक पवन कुमार उरांव, सदस्य गौरव कुमार ठाकुर, अंश कुमार गुप्ता, अभिनव कुमार गुप्ता, सह मंत्री बजरंगी पासवान उपस्थित थे।

**कार्यक्रम : बसिया में पेसा कानून को लेकर आमसभा आयोजित**

# पेसा के तहत ग्रामसभा को शक्तिशाली और अधिकार संपन्न बनाया गया है : निकोलस

**जमीन अधिग्रहण और पुनर्वास के मामले में ग्राम सभा की सहमति की बाध्यता तय की गई है**

**ग्राम सभा को आदिवासियों की जमीन वापसी का अधिकार भी दिया गया है**



आजाद सिपाही संवाददाता

**बसिया।** प्रखंड के तालेसेरा स्कूल मैदान में रविवार को पेसा कानून को लेकर एक आम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें तालेसेरा जोलो, लुंगटू, राजस्व ग्राम के ग्रामीण उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता निकोलस मुंडा ने की।

मौके पर निकोलस मुंडा ने कहा कि पेसा रूल 2022 के तहत ग्राम सभा को शक्तिशाली और अधिकार संपन्न बनाया गया है। पेसा रूल में ग्राम सभा को जमीन पर भी अधिकार दिया गया है। जिसके तहत जमीन अधिग्रहण और पुनर्वास के मामले में ग्राम सभा की सहमति की बाध्यता तय की गई है। ग्राम सभा को आदिवासियों की जमीन वापसी का अधिकार भी दिया गया है। अगर कोई ग्राम सभा अपने क्षेत्राधिकार में आदिवासियों की जमीन गलत ढंग से लेने या उसके नासमझी का फायदा उठाकर लेने का मामला पाती है तो वह जमीन उसके असली मालिक को वापस कर देगी। जमीन के असली मालिक के जीवित नहीं होने की स्थिति में उसके वारिस को वापस कर देगी। जमीन वापसी में किसी तरह की परेशानी होने पर ग्राम सभा ऐसे मामले को जिले के उपायुक्त को सौंप देगी। पेसा रूल में ग्राम सभा की अनुमति के बिना अनुसूचित जनजाति के किसी भी तरह के जमीन के हस्तांतरण पर पाबंदी लगाई गई है। आदिवासियों की जमीन के हस्तांतरण से पहले उपयुक्त द्वारा ग्राम सभा से अनुसंशा लेने की बाध्यता तय की गई है।

मौके पर सुजीत टेटे, बली मिंज, राजेश इन्दवार, मुकूल मिंज, ओस्कार इन्दवार, संजय कुजूर, लुईसा सोरेंग, फादर विनोद बाड़ा, इगनेश सोरेंग आदि उपस्थित थे।

# 12 वर्षीय नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**आरोपी ने 27 सितंबर की शाम जबरन घर में घुसकर नाबालिग के साथ किया था दुष्कर्म : एसडीपीपी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के एक गांव में 27 सितंबर की शाम करीब 4:00 बजे एक बुजुर्ग व्यक्ति ने घर में घुसकर जबरन एक 12 वर्षीय नाबालिग के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। जिसे पीड़िता के परिजनों ने भी देखा। इसके बाद पीड़िता अपने परिजनों के संग थाना पहुंची और आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। एसडीपीओ गुमला मनीषचंद्र लाल ने रविवार को गुमला थाना में प्रेस वार्ता का आयोजन कर पूरे मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपी कालिंद्र उरांव ने 27 सितंबर की शाम करीब 4:00 बजे जबरन घर में घुसकर नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया था। एसपी के निर्देश पर एक छापामारी टीम का गठन किया गया जिसमें थाना प्रभारी विनोद कुमार, पुअनि सुदामा राम, खुशबू वर्मा सहित पुलिस बल के जवान शामिल थे। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को धर दबोचा। गिरफ्तार अभियुक्त को मीडिया के समक्ष प्रस्तुत करने के बाद जेल भेज दिया गया।

## बोलेरो ने खड़ी हाइवा में मारी टक्कर, एक की मौत, छह लोग घायल

गुमला (आजाद सिपाही)। शहर से 5 किमी दूर चंडाली के समीप बोलेरो ने खड़ी हाइवा ट्रक को टक्कर मार दी। जिससे बोलेरो मे सवार छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना में सुनिल कुमार मिंज (35) की मौत हो गई तथा जितेन्द यादव (32), रीना देवी (30), सुसमिता मिंज (15), शिवानी कुमारी (14) व एक और नबालिंग के साथ पांच लोगों को इलाज के बाद रांची रिम्स रेफर किया गया। घटना रविवार प्रातः चार बजे की है। जानकारी के अनुसार सारे लोग घाघरा थाना के संरगो नवाटोली के रहने वाले हैं। सभी लोग गुमला मेला में आए थे और मेला देख घर वापस जा रहे थे। घटना के बाद पुलिस को सूचना मिलने पर घटना स्थल पहुंच कर सभी लोगों को गुमला सदर अस्पताल पहुंचाया गया।

# चांदनी चौक दुर्गा पूजा समिति ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

**थानेदार अमित चौधरी ने महिला रक्तदाताओं को बुके देकर कियासम्मानित**



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** चांदनी चौक दुर्गा पूजा समिति के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन रविवार को पूजा समिति के कार्यालय कक्ष में किया गया। शिविर का शुभारंभ थानेदार अमित कुमार चौधरी व समिति के अध्यक्ष अमित नाग ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस दौरान पुरुष के साथ-साथ महिला रक्तदाताओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें करीब 50 यूनिट रक्तदान किया गया। मौके पर थानेदार अमित चौधरी ने महिला रक्तदाताओं को बुके देकर सम्मानित किया। साथ ही यह भी कहा कि समिति का यह काफी सराहनीय कार्य है। अध्यक्ष अमित नाग ने कहा कि समिति ने निर्णय लिया कि माता रानी की पूजा से पूर्व रक्तदान शिविर का आयोजन कर विषम परिस्थितियों में आम लोगों को आसानी से ब्लड मुहैया कराया जा सके।

रक्तदान शिविर में नीमा देवी, सावित्री देवी, अमित नाग, मनोज महापात्र, अरुण जायसवाल, गौतम साहू, अरुण पांडे, विजय साहू, श्याम साहू, राकेश ठाकुर, नीरज सिंह, पवन जायसवाल, रूपेश साहू, आशीष गुप्ता, नीरज जायसवाल, अमित ठाकुर, सौरभ जयसवाल, संजीव उरांव, शेखर जयसवाल, नवीन साहू, पवन सिंह, सुदामा गुप्ता, संजय शर्मा, अमिताभ सिंह, दीपक गुप्ता, सुरेश चौरसिया, प्रवीण साहू सहित कई नाम शामिल हैं।

## भाजपा घाघरा मंडल महिला, एसटी व अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष किये गये नियुक्त

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष श्याम किशोर पाठक ने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर घाघरा मंडल के महिला मोर्चा, एसटी मोर्चा व अल्पसंख्यक मोर्चा का मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया है। श्याम किशोर पाठक ने कहा कि पूर्व के तीनों मोर्चा के मंडल अध्यक्षों की कार्यशैली और पार्टी के प्रति शिथिलता बरतने वाले को लेकर उन्हें हटाते हुए नए मंडल अध्यक्ष की नियुक्ति की गई है। जिसमें महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष सह पंचायत समिति सदस्य सीमा देवी, एसटी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष हरिलाल भगत, अल्पसंख्यक मोर्चा के मंडल अध्यक्ष इश्तयाक हक को बनाया गया।

## घाघरा में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत स्वच्छता पखवाड़ा के निमित्त घाघरा प्रखंड कार्यालय परिसर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कर्मी, भाजपा सदस्य व जनप्रतिनिधियों ने स्वच्छता अभियान की शुरुवात की। प्रखंड कार्यालय परिसर में बीडीओ दिनेश कुमार, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा प्रभारी अरविंद कुशल एक्का, भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम किशोर पाठक, जनप्रतिनिधि सीमा देवी के नेतृत्व में कई जगहों पर साफ-सफाई कर स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। मौके पर भाजयुमो अध्यक्ष आशीष सोनी, डॉ अनिल कुमार, विनय ठाकुर, नीरज सिंह, अमित ठाकुर, पारस साहू, ज्ञान रंजन, अमित ठाकुर, सीमा देवी, पारस साहू, आलोक कुमार, हेमंती देवी, जानकी देवी, पूनम देवी सहित कई लोग शामिल थे।

**कार्यक्रम : विकास भारती बिशुनपुर ने लोहरदगा से चिंगरी तक कार्तिक उरांव साइकिल रेस का किया आयोजन**

# 54 किमी साइकिल रेस में सोमा और नीमा ने मारी बाजी

**जतरा टाना भगत स्मारक स्थल चिंगरी में विजेता प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित**



आजाद सिपाही संवाददाता

**बिशुनपुर।** गांधी जयंती एवं अमृत काल प्रवेश के अवसर पर विकास भारती बिशुनपुर के द्वारा आयोजित कौशल विकास महोत्सव के तहत लोहरदगा से चिंगरी तक 54 किमी कार्तिक उरांव साइकिल रेस का आयोजन किया गया। जिसका समापन समारोह सह पुरस्कार वितरण कार्यक्रम जतरा टाना भगत स्मारक स्थल चिंगरी में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक शिव शंकर उरांव, भाजपा एसटी मोर्चा केंद्रीय सदस्य भिखारी भगत, ग्राम स्वराज मंच के सचिव परसुराम महतो, मीडिया प्रभारी राजेंद्र मुंडा एवं संयुक्त सचिव महेंद्र भगत के द्वारा सामूहिक रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मौके पर शिव शंकर उरांव ने अपने संबोधन में कहा विकास भारती बिशनपुर के द्वारा पिछले 35 वर्षों से इस क्षेत्र के लिए साइकिल रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जो अपने आप में एक बहुत बड़ा प्रेरणा का कार्यक्रम है। क्षेत्र के बच्चे साल भर प्रेक्टिस कर खेल भावना को इस प्रतियोगिता में भाग लेकर अभिव्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा विकास भारती सचिन पद्मश्री अशोक भगत की प्रेरणा से यह प्रतियोगिता 40 वर्ष पूर्व शुरू की गयी थी, जो 35 वर्षों से लगातार आयोजन किया जा रहा है। इधर बालिका वर्ग में प्रथम पुरस्कार नीमा कुमारी पिता संतु उरांव गांव, जंगरा टोली, द्वितीय पुरस्कार संझो कुमारी पिता तुरिया उरांव, गांव नवडीहा घाघरा एवं तृतीय पुरस्कार नेहा टोप्पो पिता करमचंद भगत गांव कैमो पतराटोली लोहरदगा को साइकिल एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।

बालक वर्ग में प्रथम पुरस्कार विजेता सोमा उरांव पिता ठेबला उरांव, गांव सुरसा कोटारी, द्वितीय पुरस्कार विजेता तेतरु गोप पिता किसुन गोप, गांव सुरसा कोटारी, एवं तृतीय पुरस्कार विजेता बुद्धेश्वर उरांव पिता सनिया उरांव गांव सुरसा कोटारी को साइकिल एवं सर्टिफिकेट देते हुए अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया। वहीं सात अन्य बालक- बालिकाओं को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। जिसमें सीता कुमारी, फूल कुमारी, मनिका उरांव, मनीषा कुमारी, नीलम टाना भगत, दुलारी मिंज, स्नेहा तिर्की, बालक वर्ग में नेरल बेक, अर्पित कुजूर योगेंद्र लोहरा, सुमित उरांव, किशोर उरांव, मनीष गोप आदि को अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस साइकिल रेस में बालक वर्ग में 400 एवं बालिका में 40 लोगों ने भाग लिया था।

इस मौके पर वरीय वैज्ञानिक संजय कुमार पांडे अजीत उरांव पंकज सिंह मोतीलाल सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## विहिप बजरंग दल की बैठक में 7 अक्टूबर को राम जानकी रथ यात्रा के आगमन पर कार्यक्रम की चर्चा



**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के असरो गांव में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की बैठक प्रखंड मंत्री उदय कुशवाहा की अध्यक्षता में हुई। उदय कुशवाहा ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 7 अक्टूबर को अयोध्या से चलकर श्री राम जानकी रथ यात्रा सुबह 10 बजे सिसई पहुंचेगी। रथ यात्रा कुदरा स्थित मंदिर से मेन रोड होते हुए थाना तक पैदल यात्रा नगर भ्रमण करते हुए वापस रंजीत नारायण सिंह विद्या मंदिर पहुंचेगी, जहां एक सभा का आयोजन होगा। इस कार्यक्रम में 5000 से ऊपर सनातनी शामिल होंगे। सभा समापन और भोजन के उपरांत रामभक्त 8 अक्टूबर को रांची के धुर्वा मैदान में धर्म सभा के लिए प्रस्थान करेंगे। धर्म सभा में पूरे झारखंड से एक लाख से अधिक सनातनी शामिल होंगे। मौके पर विहिप गुमला सह मंत्री मनीष बाबू, धर्म रक्षक पूर्णिमा देवी, धर्म रक्षक सह प्रमुख नागेश्वर नाग, ग्राम प्रमुख राजेश साहू, पवन साहू, रामावतार दुबे, तुलसी साहू, संतोष गोप, तीर्थ यादव, सचिंद्र सिंह, बंधन लोहरा, कार्तिक उरांव, नारायण बारला, मुन्ना साहू, दिलीप गोप, प्रेम प्रजापति, सुखदेव प्रजापति, शिल्पा कुमारी, राखी देवी, विमला देवी, राधा देवी, सीता देवी, काजल कुमारी, सोनी देवी, सरस्वती देवी, बिरसमुनी देवी सहित सैकड़ों की संख्या में सरना सनातनी समाज के महिला-पुरुष उपस्थित थे।

## गांधी जयंती के अवसर पर तंबाकू सेवन नहीं करने की ली गयी शपथ



**बसिया (आजाद सिपाही)।** जिला तम्बाकू नियंत्रण कोषांग एवं सेंटर फॉर कैटलाईजिंग चेंज के द्वारा इस वर्ष गांधी जयन्ती के अवसर पर तम्बाकू के दुष्परिणामों को कम करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत रेफरल अस्पताल बसिया के कर्मियों एवं विद्यालय के शिक्षक, छात्रों द्वारा शपथ ली गयी कि मैं अपने जीवन में कभी भी तम्बाकू उत्पाद का प्रयोग नही करूंगा एवं इसके दुष्परिणाम के विषय पर अपने गांव के लोगों को जागरूक भी करूंगा। इसके साथ ही विद्यालयों के आरोग्य दूतों के द्वारा सभी छात्रों को तम्बाकू उत्पाद के दुष्परिणाम के बारे में भी बताया गया कि कैसे नशा की लत यदि लग जाये तो यह पूरा जीवन बर्बाद कर देता है। इसके ऊपर विशेष सत्र लिया गया कि किस तरह आज के युवा वर्ग तम्बाकू सेवन कर रहे हैं और कैंसर, रक्तचाप जैसी बिमारियों को न्योता दे रहें हैं। कार्यक्रम में रेफरल अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर राजेश कुमार के द्वारा शपथ दिलायी गयी। इस जागरूकता कार्यक्रम में बीपीएम संदीप साहू, विद्यालय के प्रधानाध्यापक, आरोग्य दूत, छात्र एवं सेंटर फॉर कैटलाईजिंग चेंज के समन्वयक मौजूद थे।

## स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत भाजपाइयों ने चलाया स्वच्छता अभियान



**सिसई (आजाद सिपाही)।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत रविवार सुबह से हो रही लगातार झमाझम बारिश के बीच पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ दिनेश उरांव के नेतृत्व में भाजपाइयों ने थाना चौक स्थित सन् 1971 की भारत-पाक युद्ध में शहीद हुए प्रखंड के वीर सपूत लोहरा उरांव की प्रतिमा परिसर में साफ-सफाई अभियान चलाया। मौके पर वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता लालमोहन साहू, सिसई मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण यादव, नन्दकिशोर सिंह, वसंत उरांव, जितेश्वर उरांव, संजय महतो, दीपक गुप्ता, रामनिवास उरांव, मनभरण उरांव, चरवा उरांव, सुखलाल राय, वसंत यादव, मनोहर नायक सहित भाजपा के कई पदाधिकारी व कार्यकर्त्ता गण शामिल थे। वहीं प्रखंड के सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों, ग्रामीण क्षेत्र के सार्वजनिक स्थलों में भी संबंधित अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की अगुवाई में गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत साफ-सफाई अभियान चलाया गया व स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने के साथ सभी को शपथ भी दिलायी गयी।

## स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन निर्माण में अनियमितता को लेकर ग्रामीणों ने कार्य बंद कराया



**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा प्रखंड के कोन्सा पंचायत गांव लतरा में स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन निर्माण में बरती जा रही अनियमितता को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश देखने को मिल रहा है। पंचायत क्षेत्र के ग्रामीणों ने भवन निर्माण कार्य स्थल पर जाकर काम बंद कराया। ग्रामीणों ने बताया कि हमारे गांव में जो स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन बन रहा उसमें जो ईंट का उपयोग हो रहा है वो बिल्कुल घटिया है। साथ ही इस निर्माण में कई खामियां भी हैं, जिसकी जांच की आवश्यकता है। सभी ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य बढ़िया कराया जाए चूंकि ये स्वास्थ विभाग का भवन है, जिसका निर्माण यदि ठीक नहीं हुआ तो कुछ ही दिनों ये भवन भी बीमार हो जाएगा और उपयोग के लायक भी नहीं रहेगा।

## सेवानिवृत्त सहायक अध्यापकों को दी गयी विदाई



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** सहायक अध्यापक संघ के अनिल भारती की अध्यक्षता में रविवार को राजकीय कृत मध्य विद्यालय बिशुनपुर में विदाई समारोह का आयोजन कर सेवानिवृत्त सहायक अध्यापक राम लखन गोप एवं सुरेश भगत को विदाई दी गई। मौके पर अनिल भारती ने कहा किसेवानिवृत्त शिक्षकों ने एक अच्छे आदर्श शिक्षक के रूप में कार्य किया। संघ के सचिव धर्मदेव खेरवार ने कहा जो व्यक्ति किसी सेवा में जाता है उसे एक दिन कार्य से मुक्त होना पड़ता है। लेकिन सेवा के दिनों में जो सेवा ईमानदारी से स्कूल में दिया जाता है वह हमेशा याद किए जाते हैं। इस मौके पर सुनील नगेसिया, कंचन कुमारी, संजीत कुमारी, संजीव महतो, मंजू कुमारी, सत्येंद्र लकड़ा, प्रभु दयाल रॉबर्ट, प्रदीप तिग्गा सहित प्रखंड के लगभग सभी सहायक अध्यापक व अध्यापिका उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 02 अक्टूबर, 2023
www.azadsipahi.in



**अभियान :** गांधी उद्यान में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शुरू हुआ स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा

# स्वच्छ रहें, स्वस्थ रहें: वीडी राम

- सांसद, नगर आयुक्त के नेतृत्व में हजारों लोगों ने लिया स्वच्छता का शपथ
- प्रभातफेरी निकाल स्वच्छता का दिया संदेश
- मेदिनीनगर नगर निगम एवं जिले के विभिन्न स्थलों पर चलाया गया स्वच्छता अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता



स्वच्छता जागरूकता पखवाड़ा कार्यक्रम में शामिल सांसद वीडी राम व अन्य।

**मेदिनीनगर।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का जिलास्तरीय आयोजन रविवार को मेदिनीनगर के गांधी उद्यान में हुआ। महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पलामू में उत्सव पूर्वक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मेदिनीनगर नगर निगम की ओर से आयोजित कार्यक्रम में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम व डीडीसी सह नगर आयुक्त रवि आनंद सहित अन्य वरीय अधिकारियों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा की शुरूआत की। इस अवसर पर हजारों लोगों ने स्वच्छता की शपथ ली। सांसद विष्णु दयाल राम ने सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई। कहा कि स्वच्छ रहें, स्वस्थ रहें। साथ ही सांसद के नेतृत्व में सांकेतिक रूप से स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसके बाद प्रभातफेरी निकालकर स्वच्छता का संदेश दिया गया। इधर, मेदिनीनगर नगर निगम कार्यालय, कचहरी रोड, कोयल नदी घाट, शाहपुर किला के पास सहित जिले के विभिन्न स्थानों पर लोगों ने श्रमदान कर साफ-सफाई की। गांधी उद्यान में आयोजित कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा देवी, जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, सहायक समाहर्ता रवि कुमार, प्रमंडलीय जनसंपर्क कार्यालय के उप निदेशक आनंद, केंद्रीय संचार व्यूरो, डाल्टनगंज के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव पुष्कर, नजारत उप समाहर्ता-सह-उप नगर आयुक्त परितोष प्रियदर्शी, जिला शिक्षा अधीक्षक मनोज कुमार, खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा, जेएसएलपीएस के डीपीएम विमलेश शुक्ला आदि जिले के जनप्रतिनिधि, वार्ड पार्षद, वरीय पदाधिकारी, कर्मचारी, समाज सेवी, स्वयंसहायता समूह की महिलाएं, नगर निगम के अन्य पदाधिकारी, कर्मचारी एवं काफी संख्या में आमलोग उपस्थित थे।

# लोकतंत्र की मजबूती में बुजुर्ग मतदाताओं का अहम योगदान : एसडीओ कमलेश नारायण

राष्ट्रीय वृद्ध दिवस पर बुजुर्ग मतदाताओं को एसडीओ ने किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता


वृद्ध मतदाता को सम्मानित करते निर्वाची पदाधिकारी सह एसडीओ कमलेश।

**हुसैनाबाद।** अंतरराष्ट्रीय बुजुर्ग दिवस के अवसर पर चुनाव आयोग के निर्देश पर रविवार को हुसैनाबाद प्रखंड परिसर में क्षेत्र के बुजुर्ग मतदाताओं को सम्मानित किया गया। निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीओ कमलेश्वर नारायण ने 21 बुजुर्ग महिला-पुरुष मतदाताओं को अंगवस्त्र व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। एसडीओ ने कहा कि वृद्ध मतदाता बदलते समय, सामाजिक, राजनीतिक एवं आर्थिक समीकरण के साक्षी हैं। इन्होंने विभिन्न चुनाव में मतदान कर अपनी सरकार का विकल्प तय करने और अपने एक वोट के मूल्य का वास्तविक अर्थ सिद्ध किया है। बुजुर्ग मतदाताओं की वजह से युवा मतदाता भी प्रेरित होकर मतदान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते है जिससे मतदान प्रतिशत में वृद्धि होती है। उन्होंने लोकतंत्र को मजबूत करने के लिये उनके प्रयासों की सराहना की। इस मौके पर सीआई अशफाक अहमद, पंचायत सेवक सूर्यदेव राम, कम्प्यूटर ऑपरेटर सुदामा चौहान आदि थे।

## नप अधिकारियों-कर्मचारियों ने किया श्रमदान, चलाया स्वच्छता अभियान



**विश्रामपुर/पलामू (आजद सिपाही)।** स्वच्छता पखवाड़ा के तहत रविवार को विश्रामपुर नगर परिषद के अधिकारियों द्वारा श्रमदान कर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसके तहत पंचमुखी मंदिर परिसर और गांधी चौक परिसर में नप अधिकारियों व कर्मचारियों ने खुद झाड़ू उठाया और परिसर की साफ-सफाई की। इसके अलावा नगर परिषद क्षेत्र के सभी बीस वार्डों में एक साथ विशेष स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। श्रमदान करने वालों में कार्यपालक पदाधिकारी दानिश अंसारी, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, नप के स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर राजन पांडेय, विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल, नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम, प्रभात कुमार, सिटी मिशन मैनेजर जितेंद्र सिंह, जेई मुकेश कुमार, अजीत टुडू, महिला समूह में कार्यरत सीआरपी इंदू देवी, ज्योति देवी, नीरा देवी, ज्ञानती कुमारी, रेखा देवी, वंदना देवी, रुखसार प्रवीन आदि मौजूद थीं।

## आयुष्मान भव: पखवाड़ा के तहत चला स्वच्छता अभियान

**विश्रामपुर/पलामू (आजद सिपाही)।** विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में आयुष्मान भव: पखवाड़ा के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसकी शुरूआत चिकित्सा प्रभारी डॉ राजेंद्र कुमार ने किया। इस दौरान सीएचसी परिसर की साफ-सफाई की गई। कूड़ा - कचरा को एक जगह एकत्रित कर उसे नष्ट किया गया। चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों ने सीएचसी परिसर को स्वच्छ रखने का संकल्प भी दोहराया। मौके पर वीरेंद्र पासवान आदि उपस्थित थे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया सफाई कर्मियों को सम्मानित



आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** गांधी जयंती से पूर्व रविवार को स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन के नेतृत्व में हरिहरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान भाजपाइयों ने श्रमदान कर सफाई कर्मियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया और परिसर की सफाई की। भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन ने कहा कि अपने घर एवं आसपास की साफ-सफाई करना हम सभी की व्यक्तिगत जिम्मेवारी है। अपने घर एवं गली मोहल्ले को स्वच्छ रख कर हम कई बीमारियों से बच सकते हैं। इस दौरान श्रमदान करने वालों में राजेश रंजन मिश्रा, दिनेश कुमार, मुकेश कुमार, शंभू यादव, विनोद पासवान, कृष्णा साव, बबलू कुमार, रोहित कुमार, राणा प्रताप, अनुज कुमार सिंह, टिंकू कुमार आदि कार्यकर्ता शामिल हैं। जबकि अनरवा देवी, धीरज कुमार, गांधी डोम, समुद्री देवी, प्रेम शिला, देवंती, दिलीप कुमार, पूनम देवी आदि लोगों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

## शौर्य जागरण यात्रा का श्रद्धालुओं ने किया स्वागत



**नीलांबर पितांबरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के तत्वाधान में शौर्य जागरण यात्रा का आयोजन रविवार को नीलांबर पितांबरपुर प्रखंड मुख्यालय में किया गया। रथ की अगुवाई कांग्रेस के पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह ने किया। वहीं, विधायक डॉ शशि भूषण मेहता भी महावीर मोड़ पर कार्यकर्ताओं के साथ रथ का स्वागत किया। वहीं बैरिया मोड़ से पूर्व विधायक देवेंद्र सिंह ने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ शौर्य जागरण रथ को लेकर प्रखंड मुख्यालय पहुंचे। सड़क के दोनों ओर सैकड़ो श्रद्धालुओं ने रथ पर रखे स्मृति चिन्ह का दर्शन किया। दूसरी ओर, बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद के नीलांबर पितांबरपुर प्रखंड समिति की ओर से रथ यात्रा को मीडिल स्कूल के प्रांगण में धर्म सभा का आयोजन किया गया था। वहां सैकड़ों श्रद्धालु रथ के दर्शन के लिए उपस्थित थे। इसी क्रम में विधायक डॉ शशि भूषण मेहता के नेतृत्व में रथ निर्धारित स्थल पर नहीं आकर सतबरवा की ओर रवाना हो गया। मंच पर मौजूद पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह ने विहिप और बजरंग दल के प्रखंड अध्यक्ष की उपस्थिति में कहा कि भगवान श्री राम के आदर्शों पर सभी को चलने की जरूरत है। 2024 में श्रीराम मंदिर का भव्य उद्घाटन होगा। अयोध्या से जो चलकर रथ यात्रा आया वह निर्धारित स्थल पर नहीं पहुंचा इसके लिए उन्होंने खेद प्रगट किया हैं।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### हुसैनाबाद में चलाया गया सफाई अभियान



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत हुसैनाबाद में रविवार को स्वच्छता अभियान चलाया गया। भाजपा नगर मंडल ने जेपी चौक से सिद्धनाथ गेट तक स्वच्छता अभियान चलाया, जिसमें प्रदेश कार्य समिति सदस्य विनोद कुमार सिंह, रविंद्र कुमार सिंह, राम प्रवेश सिंह, नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता, उरद्वार मंडल अध्यक्ष रामराज मेहता, उदयनाथ विश्वकर्मा, सांसद प्रतिनिधि अखिलेश्वर मेहता, श्रवण अग्रवाल, प्रेमतोष सिंह,छोटू सिंह, संतोष गुप्ता, रामेश्वर राम, विक्कू ठाकुर, रवि कुमार आदि मौजूद थे। इधर, नगर पंचायत की ओर से कार्यपालक पदाधिकारी विपुल शनि के नेतृत्व में सफाई अभियान चलाया गया। नपं के सभी वार्डो के दो-दो विशेष जगहों पर सफाई की गयी। पूर्व निर्धारित स्थलों पर नपं व सफाई कर्मी सक्रिय रहे। मौके पर हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण, कार्यपालक पदाधिकारी विपुल शनि, निवर्तमान पार्षद सुहैल आलम, राजेंद्र पाल, नगर प्रबंधक नजीबुल्लाह, रवि कुमार, रवि कुमार यादव, विकास कुमार, धीरज आदि आदि मौजूद थे। एसडीओ ने कहा कि सबकी जागरूकता व सहभागिता से ही इस मिशन में हमलोग सफल होंगें। डाककर्मियों ने स्वच्छता अभियान के तहत पूरे डाकघर परिसर की सफाई की।

### ढकचा, सलैया व खड़गपुर पंचायतों में भाजपा कार्यकर्ताओं ने चलाया स्वच्छता अभियान



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** भाजपा के प्रदेश व जिला पदाधिकारियों के निर्देश पर रविवार को हरिहरगंज मंडल अध्यक्ष बल्लु बलराम के अध्यक्षता में सलैया, ढकचा और खड़गपुर पंचायत में स्वच्छता अभियान चलाया गया। ढकचा पंचायत के संयोजक धनंजय सिंह, सलैया पंचायत में भाजपा मंडल मंत्री सनोज गुप्ता और खड़गपुर से विनय विश्वकर्मा के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस संबंध में मंडल अध्यक्ष बल्लु बलराम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पूरे देश में राष्ट्रपिता महत्मा गांधी के सपने को साकार करने के लिए भाजपा कार्यकर्ता स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। स्वच्छता अभियान में सलैया पंचायत के मुखिया कमला देवी, वकील प्रसाद सुरेन्द्र यादव, चन्दन साव, ललैश यादव, रंजय कुमार, गुडु कुमार, रामबली पाल, पप्पू गुप्ता, विजन विश्वकर्मा, डिंपल कुमार,राजेश चौधरी, सुरेन्द्र सिंह,अवधेश सिंह, सत्यम कुमार, मंदन विश्वकर्मा, नरोत्तम विश्वकर्मा, बसंत मेहता, शोभा देवी आदि शामिल थे।

### भाजपा नगर मंडल ने चलाया स्वच्छता अभियान



**विश्रामपुर/पलामू (आजद सिपाही)।** भाजपा के बिश्रामपुर नगर मंडल इकाई की ओर से जनता उच्च विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसके तहत भाजपा नेताओं - कार्यकर्ताओं ने परिसर की साफ-सफाई की। इस अभियान में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता ही स्वस्थ जीवन का मूलमंत्र है। अभियान में नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम,किरण शर्मा, किरण देवी, अर्चना देवी, बेबी देवी, सुनील चौधरी, संजय ठाकुर, शिवबंश मिश्रा, मनीष कुमार और विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल आदि शामिल हुए।

### स्वच्छ भारत अभियान को चिढ़ाता मलय नदी किनारे लगा हुआ कचरे का अंबार

**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)।** सतबरवा लक्ष्मण घाट में मलय नदी के किनारे कचरे का अंबार लगा हुआ है। ऐसा लग रहा है मानो स्वच्छ भारत मिशन को चिढ़ा रहा है। यह कचरे का अंबार सतबरवा से एकता गांव जाने वाली सड़क पर लगा हुआ है जो आधे से अधिक सड़क को ढक चुकी है। सतबरवा के एक तिहाई लोग अपने-अपने घरों से बोर में भरकर कचरा फेंक जाते हैं। पास में बना एक खटाल का गोबर भी फेंका जाता है जिस कारण इस रास्ते से गुजरने वाले राहगीर नाक बंद कर पार होते हैं। दूसरी ओर देखा जाए तो सतबरवा की लाइफ लाइन कहे जाने वाली मलय नदी का अस्तित्व खतरे में पड़ गई है। क्योंकि बारिश का पानी कचरे को बहाकर नदी में ले जा रही है। इस तरह नदी में पानी की जगह पॉलीथिन और कचरा भर चुका है। कुछ गलत मानसिकता वाले लोगों ने अपने घर को स्वच्छ और आसपास गंदगी फैलाने का ठेका ले रखा है।

# आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल में आयोजित शिविर में 207 दिव्यांगों को मिले कृतिम हाथ-पैर

आजद सिपाही) संवाददाता


दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन करते यूनिट हेड व अन्य।

**विश्रामपुर/पलामू।** ग्रासिम सामाजिक उत्तरदायित्व, महिला मंडल व रेहला ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में उदयपुर नारायण सेवा संस्थान के सहयोग से दिव्यांग लिंब एवं कैलिपर्स फिटमेंट शिविर का आयोजन रविवार को आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल परिसर में किया गया। जिसमें 207 दिव्यांगों को कृत्रिम हाथ-पैर प्रदान किया गया। शिविर का उद्घाटन ग्रासिम इंडस्ट्रीज के संस्थान प्रमुख अशोक गुप्ता, महिला मंडल अध्यक्ष मंजू गुप्ता, एचआर हेड अजीत तिवारी व नारायण सेवा समिति के नरेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से किया। अशोक गुप्ता ने कहा कि महिला मंडल और नारायण सेवा संस्थान के कर्मठ टीम के प्रयास से समाज कल्याण एवं दिव्यांगों के जीवन में उम्मीद की किरण लाने का यह पुनीत अवसर संभव हुआ। हम भविष्य में झारखंड के दिव्यांगों को हर संभव मदद पहुंचाने के लिए प्रयास करते रहेंगे। इससे पहले नारायण सेवा संस्थान के प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह ने इकाई प्रमुख अशोक गुप्ता, हितेंद्र अवस्थी, महिला मंडल अध्यक्षा मंजू गुप्ता, त्रिवेणी देवी गुप्ता, एचआर हेड अजीत तिवारी, फाइनेंस हेड शिवम पाठक, महेंद्र सचान, पावरप्लांट हेड दीपक शर्मा, सीएसआर के अनिल गिरी, प्राचार्य संजय खन्ना सहित कई अतिथियों को मेवाड़ी पगड़ी बांधकर और प्रतीक चिन्ह देकर अभिनंदन किया। शिविर की अध्यक्षता कर रही महिला मंडल की अध्यक्षा मंजू गुप्ता ने कहा कि औरों के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए हमारा वर्षों से प्रयास चल रहा था। हमारा यह प्रयास नारायण सेवा के संस्थापक कैलाश मानव और अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल के सहयोग से सफल हुआ। बताते चलें कि विगत छह अगस्त को मेजरमेंट शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें कुल 353 दिव्यांग पहुंचे थे। उनमें से 207 दुर्घटना के शिकार दिव्यांगों के कृत्रिम हाथ पैर के लिए माप लिए गए थे। वहीं 36 दिव्यांग शल्य चिकित्सा के लिए चिन्हित किये गए थे। शल्य चिकित्सा के लिए चिंहित रोगियों को उदयपुर भिजवाकर निःशुल्क ऑपरेशन होगा। इस दिन प्रदान किये गए मॉड्यूलर लिंब नारायण सेवा संस्थान की अनुभवी डॉक्टरों की टीम द्वारा लगाए गए एवं दिव्यांगों को कृत्रिम अंगों के इस्तेमाल को लेकर प्रशिक्षित भी किया गया। शिविर की सफलता में इनरव्हील क्लब, आदित्य बिरला पब्लिक स्कूल के शिक्षक, छात्र - छात्र व ग्रासिम इंडस्ट्रीज के कर्मचारियों ने अहम भूमिका निभाई। शिविर का संचालन डॉ सुतापा बोस ने किया। वहीं, मानव संसाधन प्रमुख अजीत तिवारी ने कहा कि ग्रासिम एवं स्कूल की पूरी टीम ने दिव्यांगों के लिए जिस तरह की व्यवस्था एवं सेवा की है वो काबिले तारीफ है। यह संस्थान हमेशा से ही जरूरतमंदों की सेवा करता है।

## स्पोर्ट्स



भारत ने एशियाइ खलों के आठवें दिन 15 पदक जीते हैं। खेलों के इतिहास में यह पहला अवसर है जब भारत ने एक साथ एक ही दिन में इतने पदक जीते हों। इससे पहले 2010 में एक दिन में 11 पदक जीते थे।

### एशियाई खेलों में 13 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा, भाला फेंक में तजिंदरपाल ने जीता स्वर्ण

# भारत ने पहली बार एक दिन में जीते 15 पदक

एजेंसी




**हांगझोऊ।** भारत ने एशियाई खेलों के आठवें दिन रविवार को 15 पदक जीते। खेलों के इतिहास में यह पहला अवसर है जब भारत ने इतने पदक एक ही दिन में जीत लिए। इससे पहले 2010 में भारत को एक दिन में 11 पदक मिले थे। हांगझोऊ एशियाई खेलों में भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम स्वर्ण पदक से चूक गई है। फाइनल में उसका सामना मजबूत चीन से था। अपने नाम के मुताबिक, चीन ने फाइनल में भारत को 3-2 से हरा दिया है। भारत को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। टीम इंडिया ने इस स्पर्धा में 37 साल बाद कोई पदक जीता है। यह पहली बार है जब भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम ने एशियाड में रजत जीता है। वहीं, भारत की एथलीट ज्योति याराजी ने 100 मीटर हर्डल रेस में रजत पदक जीता। वह 12.91 सेकंड के साथ तीसरे स्थान पर रही थीं, लेकिन दूसरे पायदान रहने वाली चीन की खिलाड़ी वू यानी को डिस्क्वालिफाई कर दिया गया। इस तरह याराजी का पदक कांस्य से रजत में बदल गया। डिस्कस थ्रो में भारत की सीमा पूनिया ने कांस्य पदक अपने नाम किया। उन्होंने 58.62 मीटर दूर थ्रो फेंककर कांस्य पदक जीता। चीन की बिन फेंग ने स्वर्ण पदक जीता। वहीं, जियांग झिचाओ ने रजत पर कब्जा किया। नंदिनी अगासारा ने 800 मीटर हेप्टाथेलॉन में कांस्य पदक हासिल किया। उन्होंने इस स्पर्धा के फाइनल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी किया। उन्होंने 2:15:33 का समय लिया। भारत के मुरली श्रीशंकर ने लॉन्ग जंप में रजत पदक जीता है। उन्होंने 8.19 मीटर के बेस्ट जंप के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। चीन के वांग जियानान ने 8.22 मीटर के बेस्ट जंप के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया। पुरुषों के 1500 मीटर दौड़ में भारत को दो पदक मिले। अजय कुमार सरोज ने रजत पदक पर कब्जा किया। वहीं, जिनसॉन जॉनसन ने उनसे पीछे रहे और उन्हें कांस्य से संतोष करना पड़ा। कतर के मोहम्मद अल गरनी ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। तजिंदरपाल सिंह तूर ने भाला फेंक में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीत लिया। वह लगातार दूसरे एशियाई खेलों में स्वर्ण जीतने में सफल हुए हैं। तजिंदर ने 2018 जकार्ता एशियाई खेलों में भी पहला स्थान हासिल किया था। अविनाश साबले ने 3000 मीटर स्टीपलचेज में स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। उन्होंने 8:19:53 मिनट का समय निकाला। इस प्रतियोगिता में यह भारत का 12वां स्वर्ण पदक है।

### भारतीय महिला हॉकी टीम सेमीफाइनल में

**हांगझोऊ (एजेंसी)।** एशियाई खेलों के महिला हॉकी टीम स्पर्धा में भारत और दक्षिण कोरिया के बीच रविवार को खेला गया मुकाबला 1-1 से ड्रॉ हो गया। इस नतीजे के बाद टीम इंडिया सेमीफाइनल में पहुंच गई है। वह तीन मैचों के बाद ग्रुप में शीर्ष पर है। उसके तीन मैचों में सात अंक हैं। वहीं, कोरिया के भी तीन मैचों के बाद इतने ही अंक हैं, लेकिन गोल अंतर में वह काफी पीछे है। भारत का ग्रुप में आखिरी मुकाबला हॉन्गकॉन्ग से होगा। उसके तीन मैचों में शून्य अंक हैं। कोरिया ने मैच में शुरूआती बढ़त हासिल की। 12वें मिनट में चो येजिन ने पेनल्टी स्ट्रोक पर पहला गोल किया। भारत को पहला गोल तीसरे क्वार्टर में मिला। दीप ग्रेस एक्का ने 44वें मिनट में शानदार गोल किया। भारत ने मैच को 1-1 की बराबरी पर ला दिया। इसके बाद मुकाबले में एक भी गोल नहीं हुआ।

# धानबाद के सांसद पीएन सिंह और विधायक राज सिन्हा ने भी थामा झाड़ू, सफाई अभियान में किया श्रमदान

**जिला भाजपा के सभी 17 मंडलों में मनाया गया स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम, चलाया गया सफाई अभियान**

आजाद सिपाही टीम





**धनबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम धनबाद भाजपा के सभी 17 मंडलों में मनाया गया। इसके तहत धनबाद सदर भाजपा की ओर से मानस मंदिर जगजीवन नगर के पास सफाई अभियान चलाया गया। इसके अलावे सांसद पशुपतिनाथ सिंह और धनबाद विधायक राज सिन्हा द्वारा अलग-अलग क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाया गया। धनबाद जिला महानगर अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी विचार एवं कुशल नेतृत्व में चल रहे स्वच्छ भारत अभियान ने आम जन मानस के हृदय में स्वच्छता को लेकर अभूतपूर्व जागरूकता उत्पन्न की है। हमें इस मिशन को और भी सफल बनाना है। वहीं, पूर्व जिला अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार ने कहा हमारा देश हो स्वच्छ, यही हो प्रत्येक भारतवासी का लक्ष्य। प्रदेश कार्य समिति सदस्य रमेश राही ने कहा कि प्रधानमंत्री ने स्वच्छता को एक मुहिम बना दिया है जिसका गुणगान आज पूरा विश्व कर रहा है। सफाई अभियान में जिला उपाध्यक्ष और धनबाद सदर के प्रभारी मानस प्रसून, जिला उपाध्यक्ष संजय झा, जिला मंत्री कन्हैया पांडे, मिल्टन पार्थसारथी, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष रीता प्रसाद, मदन तिवारी, उमेश सिंह, राजाराम दत्ता, सत्येंद्र मिश्रा, शुभेंदु भट्टाचार्य, दीपक सिंह, संतोष सिंह व लक्ष्मण मिश्रा आदि मौजूद थे।

## भाजपा चास नगर उत्तरी ने शक्ति केंद्रों पर चलाया स्वच्छता अभियान



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** भाजपा चास नगर उत्तरी के कार्यकर्ता महावीर मंदिर बड़कुल्ली पर इकट्ठे हुए। जहां मंदिर परिसर व पुराना बांध में नगर अध्यक्ष पन्नालाल कान्दू के नेतृत्व में श्रमदान कर साफ-सफाई की गयी। भाजपा जिला महामंत्री सह नगर प्रभारी संजय त्यागी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने जो स्वच्छता का संदेश दिया है। उससे घर-घर में स्वच्छता के प्रति जागरूक आयेगी। यदि स्वच्छता होगी तो ही आदमी स्वस्थ होगा। गौरतलब हो कि नौ साल पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी नागरिकों से सामूहिक रूप से स्वच्छता के लिए एक घंटे श्रमदान की अपील की थी। मौके पर पन्नालाल कान्दू, झन्तु दे, राजेश घोषाल, बुद्धेश्वर घोषाल, अरविंद राय, हरेकृष्ण, कमल कांत आचार्य, नंदलाल कांदू, राजू कांदू, राहुल कुमार, सेंटी कांदू, गुलाब महतो, दिनेश महतो, राहुल कांदू, पिंटू पाल, सुजीत बाउर, पलटू बाउरी और हीरा बाउरी आदि मौजूद थे।

## समाज में रहनेवाले हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है साफ-सफाई: बीडीओ

**स्वच्छता पखवाड़ा के तहत एग्यारकुंड बीडीओ के नेतृत्व में चलाया गया सफाई अभियान**

आजाद सिपाही संवाददाता



**चिरकुंडा।** स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत एग्यारकुंड बीडीओ विनोद कुमार कर्मकार के नेतृत्व में रविवार को शिवलीवाडी पूर्व पंचायत अंतर्गत शंकर टॉकीज कुमारधुबी से मैथन मोड तक सफाई अभियान चलाया गया। बीडीओ ने कहा कि नमामि गंगे परियोजना के तहत स्वच्छता पखवाड़ा में प्रखंड के विभिन्न जनप्रतिनिधि, समाज सेवी और स्थानीय नागरिकों द्वारा झाड़ू लगा कर सफाई अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि श्रमदान के माध्यम से सभी ने लोगों को संदेश देने की कोशिश की कि नदी की साफ-सफाई हमारा कर्तव्य और जिम्मेदारी है। इसके लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। बीडीओ ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है कि लोग साफ सफाई को अपनी आदत में शुमार करें। स्वच्छ पर्यावरण एवं आदर्श जीवन शैली के लिए हम अपने स्तर से कदम उठाए। कार्यक्रम के जरिए लोगों को प्रेरित किया जाएगा कि स्वच्छता समाज में रहने वाले हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। लोग इसकी शुरूआत अपने घर, कार्यालय से कर सकते हैं। वहीं, अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ निरसा-3 तीन इकाई के अध्यक्ष प्रमोद कुमार झा ने कहा कि इन्हीं उद्देश्यों की पूर्ति एवं स्वच्छता के प्रण के साथ स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम की शुरूआत हुई है। अभियान में सीओ कृष्ण कुमार मरांडी, कुमारधुवी थाना प्रभारी संदीप यादव, शिवलीबाड़ी पूर्व के मुखिया तनवीर आलम, चंचला देवी, उप प्रमुख विनोद कुमार दास, भोला यादव, शिवकुमार अग्रवाल, बहादुर मुर्मू, मनोज रावत, विवेक कुमार आदि उपस्थित थे।

## भारतीय रेलवे ने शुरू की 14 मिनट चमत्कार योजना

**- पूरे देश में वंदे भारत ट्रेनों को 14 मिनट के रिकॉर्ड समय में किया गया एक साथ साफ**
**- रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव के मार्गदर्शन और निर्देशन में भारतीय रेलवे ने पहली बार हासिल की ऐतिहासिक उपलब्धि**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मुंबई।** भारतीय रेलवे ने एक अक्टूबर को स्वच्छता पखवाड़ा के हिस्से के रूप में रेल, संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव के कुशल मार्गदर्शन और निर्देशन में अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में पूरे देश में अलग-अलग स्थानों पर खड़ी वंदे भारत ट्रेनों की एक साथ 14 मिनट के रिकॉर्ड समय में सफाई की गई। यह उपलब्धि भारतीय रेल के इतिहास में पहली बार हासिल की गई। उक्त अभियान में सभी जोनों के महाप्रबंधक, सभी मंडलों के मंडल रेल प्रबंधक, प्रमुख विभागाध्यक्ष और वरिष्ठ अधिकारी अपने-अपने जोन/मंडलों में इस कार्यक्रम में शामिल हुए। मध्य रेल ने अन्य अंतिम टर्मिनल स्टेशनों पर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन रेक की गुणवत्तापूर्ण सफाई के लिए इस नई 14 मिनट की चमत्कारिक योजना को अपनाया। यह नई योजना रविवार (एक अक्टूबर) से लागू की गई है। यह अभ्यास सीएसएमटी में सोलापुर-सीएसएमटी-सोलापुर वंदे भारत एक्सप्रेस, साईंनगर शिरडी में सीएसएमटी-साईनगर शिरडी-सीएसएमटी वंदे भारत एक्सप्रेस और नागपुर में बिलासपुर-नागपुर-बिलासपुर वंदे भारत एक्सप्रेस पर आयोजित किया गया था। सीएसएमटी के प्लेटफॉर्म नंबर 8 पर ट्रेन के आगमन और सभी यात्रियों के उतरने के बाद 12.42 बजे सफाई अभियान शुरू हुआ। इसे रिकॉर्ड 14 मिनट के भीतर 12.56 बजे पूरा किया गया। 3 टीमों- टीम ए, बी और सी में 44 सफाई कर्मचारियों द्वारा की जाने वाली सफाई प्रक्रिया प्लेटफॉर्म पर ट्रेन के आगमन के बाद शुरू हुई। इन टीमों का गठन शौचालयों, रैक, पैनल, सीटों, फर्श और कोच के बाहरी हिस्से सहित अंदरूनी हिस्सों की गहरी सफाई करने के लिए किया गया है। 8 कर्मचारियों वाली टीम-ए को शौचालय में पैन सीट, ग्लास आदि की सफाई के लिए नियुक्त किया गया है और यदि कोई कचरा है तो उसे इकट्ठा किया जाएगा। 32 कर्मचारियों वाली टीम-बी को कोचों में सीटों की सफाई, स्नैक टेबल, साइड पैनल की सफाई और कोच के फर्श की सफाई के लिए नियुक्त किया गया है। 4 कर्मचारियों वाली टीम-सी को सभी कोचों की खिड़कियों की सफाई के लिए नियुक्त किया गया है। यह सब 14 मिनट के रिकॉर्ड समय में किया जाएगा। बैग में कचरा इकट्ठा करने के लिए 2 मिनट, सीटों और स्नैक टेबल की सफाई के लिए 3 मिनट, पैनल और कोच की सफाई के लिए 3 मिनट और कोच के फर्श की सफाई के लिए 6 मिनट का समय निर्धारित है। चुनौतीपूर्ण होते हुए भी, भारतीय रेलवे ने इस उल्लेखनीय उपलब्धि को हासिल करने के लिए नवीन दृष्टिकोण, तकनीक और उपकरणों को अपनाया है। इससे पहले 28 सितंबर को लोकमान्य तिलक टर्मिनस में कैरिज एंड वैगन (सीएंडडब्ल्यू), रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), इंजीनियरिंग और वाणिज्य सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारियों के सहज सहयोग से एक सफल परीक्षण किया गया था।

## डीसीए के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर शाहबाज नदीम को मिला क्रिकेट रत्न सम्मान

# सफलता अर्जित करने की भूख होनी जरूरी है : शाहबाज नदीम

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनबाद।** सफलता अर्जित करने के लिए आपके अंदर भूख होनी चाहिए। आपको पता होना चाहिए कि लक्ष्य क्या है और इसे हासिल करने के लिए पूरे समर्पण के साथ जुट जाएं। उक्त बातें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर शाहबाज नदीम ने धनबाद के उभरते क्रिकेटरों से कही। वे रविवार को धनबाद क्रिकेट संघ (डीसीए) के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में युवा क्रिकेटरों को संबोधित कर रहे थे। रणधीर वर्मा स्टेडियम स्थित डीसीए कार्यालय में आयोजित समारोह में नदीम ने उभरते क्रिकेटरों से कहा कि आधारभूत संरचना की कमी आपके लिए बहाना नहीं बनना चाहिए। जब उन्होंने खेलना शुरू किया तो सिर्फ टाटा डिगवाडीह स्टेडियम में ही टर्फ विकेट था। आज तो पांच-छह मैदानों में टर्फ विकेट है। वहीं, डीसीए के अध्यक्ष मनोज कुमार ने अपने संबोधन में पिछले सत्र में धनबाद की उपलब्धियां गिनाई और इसका श्रेय पूरी टीम के सहयोग व समर्पण को दिया। कहा कि सात वर्षों के बाद एक बार फिर धनबाद को रणजी मैच के आयोजन का अवसर मिला है। हम अपना स्टेडियम तैयार करने के लक्ष्य को लेकर चल रहे हैं। कहा कि आज शाहबाज नदीम हमारे बीच हैं। उन्हें विश्वास है कि नदीम की उपस्थिति युवाओं को बेहतर करने के लिए प्रेरित करेगी। निवर्तमान मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल, धनबाद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार सहाय, जेएससीए के पूर्व उपाध्यक्ष संजय सिंह, बीसीसीएल की खेल अधिकारी किरणरानी नायक, डीसीए सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार सिंह ने भी अपने-अपने विचार रखे। समारोह का संचालन कर रहे जेएससीए के कार्यकारिणी सदस्य विनय कुमार सिंह ने अतिथियों व खिलाड़ियों का स्वागत किया। इसके बाद डीसी वरूण रंजन ने शाहबाज नदीम को क्रिकेट रत्न से सम्मानित किया। सत्र 2022-23 के लिए क्रिकेटर आफ द ईयर एवं सत्र में सर्वाधिक मैचों में अंपायरिंग करने वाले को सम्मानित किया गया। बाद में सत्र 2022-23 के विभिन्न टूर्नामेंटों में चैंपियन व उपविजेता रही टीमों को ट्राफियां प्रदान की गयी। डीसीए के वरीय उपाध्यक्ष साधवेंद्र सिंह, डॉ नीतू सहाय, डॉ रीना वर्णवाल, पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल, डीसीए के ललित जगनानी, संतोष कुमार सिंह, अनिल सिंह, मनोज कुमार सिंह, मनीष वर्द्धन, उत्तम विश्वास, अशोक चौरसिया, द्वारिका तिवारी, राजन सिन्हा, संजीव राणा, जावेद खान, सुनील कुमार, राजन सिन्हा, दिवेन तिवारी व अन्य ने जेएससीए टूर्नामेंट में चैंपियन बने अंडर-16 व महिला टीम के सदस्यों को सम्मानित किया।इसके पूर्व महासचिव उत्तम विश्वास ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।अध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि फरवरी में एक रणजी मैच की मेजबानी धनबाद को मिली है।

### धनबाद जिले में विकसित करेंगें खेल की मूलभूत संरचनाएं, डीसीए अधिकारियों से हो रही बात: डीसी

**इससे पूर्व डीसी वरूण रंजन ने कहा कि धनबाद में खेल की मूलभूत संरचनाएं विकसित करेंगे। डीसीए के पदाधिकारियों के साथ इस विषय पर संक्षिप्त चर्चा भी हुई है। हम उनके साथ मिलकर जिले में खेल सुविधाएं बढ़ाएंगे, ताकि यहां रणजी, दलीप और ईरानी ट्राफी जैसे बड़े मैचों का आयोजन हो सके। युवा क्रिकेटरों को हम तराशने का प्रयास करेंगे, जिससे यहां से नदीम जैसे कई और खिलाड़ी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले व राज्य का नाम रोशन कर सकें।**


## मध्य रेल महाप्रबंधक ने बड़े पैमाने पर श्रमदान कर चलाया सफाई अभियान



आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर मध्य रेल ने 16 सितंबर से दो अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा मनाते हुए रविवार को बड़े पैमाने पर श्रमदान कर साफ-सफाई की। इस देशव्यापी स्वच्छता अभियान के एक भाग के रूप में रविवार को सामुदायिक दिवस मनाया गया। मध्य रेल के महाप्रबंधक नरेश लालवानी ने स्वच्छता अभियान का नेतृत्व किया। इस दिन छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस पर मुंबई मंडल के प्रमुख विभागाध्यक्षों और शाखा अधिकारियों के साथ श्रमदान कर साफ-सफाई की। उन्होंने उदाहरण पेश करते हुए प्लेटफॉर्म 18 के पास पीडी 'मेलो रोड प्रवेश द्वार पर सकुर्लेटिंग व गार्डन एरिया और सीएसएमटी हेरिटेज बिल्डिंग में व्यक्तिगत रूप से सफाई किया। वहीं, अपर महाप्रबंधक एके श्रीवास्तव और प्रधान सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर सुनील कुमार, प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर विवेक कुमार गुप्ता, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण), मध्य रेलवे, प्रधान विभागाध्यक्ष, मुख्यालय और शाखा के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मध्य रेल के मुंबई मंडल के अधिकारियों ने भी इस अभियान में भाग लिया और महाप्रबंधक के साथ श्रमदान किया। मध्य रेल ने प्रधानमंत्री के एक अक्टूबर को श्रमदान करने के आह्वान पर अच्छा प्रतिसाद दिया। मध्य रेल के मुंबई मंडल पर 155 स्थानों पर श्रमदान गतिविधियां आयोजित की गईं। इसी तरह के स्वच्छता कार्यक्रम पुणे, सोलापुर, भुसावल और नागपुर मंडल में आयोजित किए गए, जहां मंडल रेल प्रबंधक और अन्य शाखा अधिकारियों के साथ-साथ कर्मचारियों और अन्य स्वयंसेवकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत पूरे मध्य रेलवे में कुल 900 कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## ट्रेलर-ट्रक की भिड़ंत ट्रेलर चालक की मौत



**नावाडीह/बेरमो (आजाद सिपाही)।** डुमरी फुसरो मुख्य मार्ग के चपरी मोड़ के समीप ट्रक एवं ट्रेलर के बीच हुई भीषण टक्कर में ट्रेलर चालक की मौत हो गई। उसकी पहचान संजय सिंह (45) के रूप में हुई है। वह बिहार के पटना जिले के पालीगंज सिकरियां का रहने वाला था। घटना शनिवार की रात 11 बजे की बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक ट्रेलर नावाडीह से फुसरो की ओर जा रहा था। जबकि ट्रक बोकारो से सीमेंट लेकर नावाडीह की ओर जा रही था। इसी बीच दोनों की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। हादसे के बाद ट्रेलर चालक करीब तीन घंटो तक अपने वाहन के केबिन में ही फंसा रहा। लोगों से जान बचाने की गुहार लगाता रहा। लेकिन रात और बारिश होने के कारण उसे निकाला नहीं जा सका। अंततः उसकी मौत हो गई। रविवार की सुबह ट्रेलर का केबिन काटकर चालक के शव को बाहर निकाला गया। उधर, घटना के बाद सड़क जाम हो गयी। जिसके लगभग तीन किलोमीटर तक सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। इसकी सूचना पाकर नावाडीह थाना प्रभारी दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे लिया। क्रेन के माध्यम से सड़क से टेलर और ट्रक को हटा कर सड़क जाम हटाने में सफल रहे ।

## पनवेल में दो से छह अक्टूबर की मध्यरात्रि तक ट्रैफिक ब्लॉक

### कई ट्रेनों की समय सारिणी में किया बदलाव

आजाद सिपाही संवाददाता




**मुंबई।** मध्य रेल शनिवार से डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के लिए अप और डाउन दो नई लाइनों के निर्माण के लिए उपनगरीय यार्ड रीमॉडलिंग कार्य के लिए पनवेल में सप्ताहांत की छुट्टियों के दौरान एक प्रमुख ब्लॉक का परिचालन करेगा। उसके बाद पनवेल पर ईएमयू स्टेबलिंग साइडिंग नंबर 1, 2, 3, 4 और 10 के कमीशनिंग के लिए दो अक्टूबर की रात से छह अक्टूबर की मध्यरात्रि (पांच दिनों) तक के लिए रात 12.30 बजे से 5.30 बजे तक परिचालित ब्लॉक करेगा। इस कारण इन पांच दिनों की अवधि में बेलापुर और पनवेल स्टेशनों के बीच उपनगरीय सेवाएं रद्द रहेंगी। मध्य रेल मुख्यालय की ओर से रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया गया कि दो अक्टूबर से छह अक्टूबर तक डाउन हार्बर लाइन पर पनवेल के लिए आखिरी लोकल ट्रेन 10.58 बजे सीएसएमटी से रवाना होगी और 12.18 बजे पनवेल पहुंचेगी। वहीं, डाउन ट्रांस-हार्बर लाइन पर पनवेल के लिए आखिरी लोकल ट्रेन दो से छह अक्टूबर तक ठाणे से रात 11.32 बजे रवाना होगी और 12.24 बजे पनवेल पहुंचेगी। ब्लॉक अवधि के दौरान अप हार्बर लाइन पर पनवेल से रवाना होने वाली आखिरी लोकल ट्रेन निर्धारित समय के अनुसार होगी। अप ट्रांस-हार्बर लाइन पर पनवेल से निकलने वाली आखिरी लोकल ट्रेन दो से छह अक्टूबर तक पनवेल से रात 10.15 बजे रवाना होगी और 21.07 बजे ठाणे पहुंचेगी। ब्लॉक अवधि के दौरान सीएसएमटी से पनवेल के लिए ब्लॉक के बाद पहली लोकल ट्रेन निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होगी। तीन अक्टूबर से सात अक्टूबर तक ठाणे से पनवेल के लिए ब्लॉक के बाद पहली लोकल ट्रेन ठाणे से सुबह 06.20 बजे रवाना होगी और 07.12 बजे पनवेल पहुंचेगी। जबकि अप हार्बर लाइन पर पनवेल से सीएसएमटी की ओर ब्लॉक के बाद पहली लोकल ट्रेन सुबह 05.40 बजे पनवेल से रवाना होगी और 06.59 बजे सीएसएमटी पहुंचेगी। तीन से 7 अक्टूबर तक अप ट्रांस-हार्बर लाइन पर पनवेल से ठाणे की ओर ब्लॉक के बाद पहली लोकल ट्रेन सुबह 06.13 बजे पनवेल से रवाना होगी और 07.05 बजे ठाणे पहुंचेगी। रेलवे ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे सूची देखकर अपनी यात्रा योजना बनाएं।

## न्यूज रील्स

### केरल हाइकोर्ट ने रखा बच्ची का नाम

कोच्चि। केरल के कोच्चि में तीन साल की बेटी के नाम को लेकर माता-पिता के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। दोनों के बीच एक नाम पर सहमति नहीं बनी तो मामला कोर्ट पहुंचा। केरल हाइकोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए बच्ची का नाम तय किया। कोर्ट ने कहा कि बच्चे के नाम में देरी से उसके भविष्य पर असर पड़ रहा था। वह सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से पिछड़ रही थी। माता-पिता की लड़ाई से जरूरी बच्चे का हित है।

### एटीएस जवान को अपराधियों ने मारी गोली

पटना। पटना में अपराधियों ने बिहार एटीएस के एक जवान को गोली मार दी है। गोली जवान के पेट में लगी है। इस कारण जवान गंभीर रूप से घायल हो गया है। इलाज के लिए उसे पीएमसीएच ले जाया गया है। घायल जवान का नाम रवि कुमार सोनार है। गोरखा बटालियन के इस जवान की पोस्टिंग एटीएस में पटना स्थित डॉग स्क्वॉयड में है। रवि अपनी टीम के साथ गाड़ी में सवार होकर रांची जा रहा था, उसी वक्त यह घटना घटी।

# एम्स भुवनेश्वर ने स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया

## कार्यकारी निदेशक डॉ आशुतोष विश्वास ने किया नेतृत्व

**विशेष रूप से, छात्रों और कर्मचारियों ने बांध पर एक शौचालय सुविधा की भी सफाई की, जो सभी के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** एम्स भुवनेश्वर ने आयुष्मान भव स्वच्छता ही सेवा अभियान के अनुरूप आज डेरास बांध पर एक महत्वपूर्ण स्वच्छता श्रम दान (स्वच्छता अभियान) चलाया। ओडिशा के लोगों का प्रिय यह सुरम्य पर्यटन स्थल प्राकृतिक सुंदरता समेटे हुए है, जिसे संरक्षित करने के लिए एम्स भुवनेश्वर समर्पित है। कार्यकारी निदेशक डॉ. आशुतोष विश्वास के नेतृत्व में, राष्ट्रीय संस्थान के छात्र, संकाय और कर्मचारी इस व्यापक स्वच्छता पहल के लिए एक साथ आए। स्वच्छ पर्यावरण के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के दृष्टिकोण की भावना में, एम्स भुवनेश्वर कचरा-मुक्त वातावरण बनाए रखने के लिए पूरे दिल से प्रतिबद्ध है। कार्यकारी निदेशक डॉ. आशुतोष विश्वास ने टिप्पणी की, ₹हम अपने शैक्षणिक संस्थान और आसपास के क्षेत्रों की स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए स्वच्छता ही सेवा अभियान में सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं।₹ एम्स भुवनेश्वर ने डेरास बांध को प्राचीन बनाए रखने के महत्व के बारे में पर्यटकों और स्थानीय लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाकर इसे एक कदम आगे बढ़ाया है। आज, जब पूरा देश प्रधानमंत्री के आह्वान पर एक घंटे के स्वच्छता अभियान में एकजुट हुआ, एम्स भुवनेश्वर भी इसमें शामिल हुआ और इस उद्देश्य के लिए एक घंटे के श्रमदान (स्वैच्छिक श्रम) का योगदान दिया। विशेष रूप से, छात्रों और कर्मचारियों ने बांध पर एक शौचालय सुविधा की भी सफाई की, जो सभी के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण है। अभियान में कार्यकारी निदेशक डॉ. आशुतोष विश्वास के अलावा, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. दिलीप कुमार परिदा, डॉ. मनोज कुमार मोहंती, डॉ. सौभाग्य कुमार जेना, डॉ. प्रभास रंजन त्रिपाठी, डॉ. अशोक कुमार जेना, डीडीए( की सक्रिय भागीदारी देखी गई। प्रभारी रस्मी रंजन सेठी, साथ ही उत्साही छात्र और कर्मचारी। एम्स भुवनेश्वर हमारे प्राकृतिक खजाने की स्वच्छता और संरक्षण में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है और समाज के सभी सदस्यों को ऐसी पहल में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करता है।

## सोआ टाइम्स वर्ल्ड रैंकिंग में लगातार सुधार हो रहा है

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही )। टाइम्स हायर एजुकेशन (टीएचई) वर्ल्ड रैंकिंग-2024 में यूनिवर्सिटी ऑफ एजुकेशन एंड रिसर्च (सोआ) को 801-1000 ब्रैकेट में स्थान दिया गया है। 2023 में सोआ विश्व रैंकिंग में 1001-1200 रेंज में था, जबकि पिछले वर्ष यह 1201 प्लस ब्रैकेट में था। टीएचई. रैंकिंग उच्च शिक्षा में उत्कृष्टता का आकलन करने के लिए 5टी प्रमुख मापदंडों पर आधारित है। ये मापदंड शिक्षण, अनुसंधान पर्यावरण, अनुसंधान गुणवत्ता, उद्योग और अंतर्राष्ट्रीय दृष्टिकोण (अंतर्राष्ट्रीय कर्मचारी, छात्र और अनुसंधान सहयोग) हैं। 2023 राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) रैंकिंग में, सोआ को देश में विश्वविद्यालय श्रेणी में 15वां स्थान दिया गया था, जबकि इसके चिकित्सा विज्ञान संकाय (चिकित्सा विज्ञान संस्थान और कुछ अस्पताल) 16वें स्थान पर थे और इसके इंजीनियरिंग संकाय (ई) संस्थान (तकनीकी शिक्षा और अनुसंधान) को 27वां स्थान दिया गया।

# सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति 56 सेट के पंडाल में दिखेगा चंद्रयान-3 का प्रारूप

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति 56 सेट हर वर्ष की भांति इस वर्ष 2023 अपना 61वीं वर्षगांठ भव्य रूप से मनाने जा रही है। समिति के संस्थापक सदस्य कपिल देव सिंह के नेतृत्व में एक आम बैठक का आयोजन कर यह निर्णय लिया गया है। समिति इस वर्ष अपनी 61वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में चंद्रयान 3 का प्रारूप बनाने जा रही है, जो आकर्षण का केंद्र होगा। इसे कोलकाता के कारीगर बना रहे हैं। आकर्षक विद्युत साज सज्जा लगायी जायेगा। **कमिटी का भी विस्तार किया गया है:** संस्थापक - कपिल देव सिंह। मुख्य संरक्षक- आलोक दुबे। संरक्षक- कमलेश प्रसाद, गोपाल तिवारी, किशोर कुमार (बबलू भैया), दीपक सिन्हा, रितेश थापा, संजय सिंह, शशि भूषण सिंह, विजय मंडल, फनिंदर नाथ वर्मा (बुल्लू भैया), बीएन झा, मनोज सिंह। अध्यक्ष- गोपी दुबे। उपाध्यक्ष- जैदेव गुरुंग, मुकुंद, अजीत राय, रमेश तिवारी, राकेश बर्मा, महेंद्र प्रसाद, मनोज तिवारी, अभय सिंह, कुमार नितिन, राजा सोनार। सचिव - विजय कुमार गुप्ता सह सचिव- दिलीप कुमार (चिमन), विवेक सिंह, दीपक ठाकुर, आस्विन कुमार (गोलू), शशि कांत (गोलू)। कोषाध्यक्ष- नीरज कुमार (बाबू) मुख्य पुजारी- उदय शंकर मिश्रा। पूजा देख रेख -कमलेश झा , मेहुल कुमार, शशि कांत। प्रोग्राम इंचार्ज- अश्विनी कुमार (गोलू), मोहित कुमार (मोलू), विवेक सिंह। विशेष आमंत्रित सदस्य - सरोज कुमार सिंह, मुकुंद कुमार सिन्हा ( मुक्कू), पंकज तिवारी, नवीन सिंह (रिंटू), राकेश पांडेय,अमित पांडे, रवि कुमार, मिथलेश झा, राहुल जयसवाल, अवध झा, प्रिंस, विनोद, रंजन झा। सदस्य - रविंद्र कुमार, अजय थापा, सन्नी कुमार, आयुष कुमार, प्रशांत कुमार, सौरभ सिंह, राहुल कुमार, प्रेम कुमार, ऋषिकेश कुमार, आकाश कुमार, शिवम कुमार। उक्त आशय की जानकारी अध्यक्ष गोपी दुबे ने दी है।

### हॉकी टूर्नामेंट भुवनेश्वर में हुआ संपन्न


**भूवनेश्वर।** पूर्व तट रेलवे, खुर्दा रोड रेलवे जोन के सहयोग से 27 से 30 सितंबर 2023 तक आयोजित चार दिवसीय 29वां वार्षिक रेलवे सुरक्षा बल हॉकी टूनार्मेंट किट स्टेडियम में शनिवार को संपन्न हो गया है। उत्तर रेलवे की आरपीएफ हॉकी टीम ने दक्षिण पूर्व रेलवे आरपीएफ हॉकी टीम को 2-0 गोल से हराकर चैंपियनशिप ट्रॉफी हासिल की। दक्षिणी रेलवे के श्री विनोद कुमार मैन ऑफ द टूनार्मेंट रहे और उत्तर रेलवे के श्री सुखविंदर सिंह मैन ऑफ द मैच रहे। विशिष्ट अतिथियों में पूर्व तट रेलवे के कई वरिष्ठ अधिकारियों के साथ प्रमुख विभागीय अधिकारी भी शामिल थे।





| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |







# संबलपुर मंडल में स्वच्छता पखवाड़ा आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**संबलपुर।** स्वच्छता ही सेवा स्वच्छता पखवाड़ा -2023 का आयोजन 16 सितंबर से 02 अक्टूबर-2023 तक पूर्व तट रेलवे के संबलपुर मंडल में किया जा रहा है। इस स्वच्छता पखवाड़े के दौरान अलग-अलग दिनों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है । संबलपुर मंडल ने 1 अक्टूबर 2023 को राइट डाइक, हीराकुद में एक बड़े पैमाने पर स्वच्छता अभियान चलाया, जिसमें अधिकारियों और कर्मचारियों और वैदिक इंटरनेशनल स्कूल, संबलपुर के छात्रों और शिक्षकों के साथ महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि के रूप में एक घंटे का श्रमदान दिया। इस अवसर पर संबलपुर के मंडल रेल प्रबंधक श्री विनीत सिंह, संबलपुर के अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री प्रकाश कुमार पटेल सहित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों तथा वैदिक इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों और शिक्षकों ने श्रमदान में शामिल हुए। संबलपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों और कार्यशालाओं में भी श्रमदान किया गया। संबलपुर के मंडल रेल प्रबंधक श्री विनीत सिंह ने रेलवे कर्मचारियों और अधिकारियों को स्वच्छ जागरूकता पर स्वच्छता शपथ दिलाई। स्वच्छ संवाद पर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और सतत विकास की संभावना पर एक संगोष्ठी काआयोजन किया गया। स्वच्छ स्टेशन अभियान पर स्टेशन पर स्वच्छता अभियान, मशीनरी और वस्तुओं की उचित सफाई और उपलब्धता तथा सफाई कर्मचारियों के लिए सुरक्षात्मक उपकरणों का इस्तेमाल आदि सुनिश्चित किया गया है। मंडल से चलने वाली ट्रेनों के साथ-साथ मंडल से गुजरने वाली ट्रेनों में साफ-सफाई कि गयी। इस अभियान के दौरान स्वच्छ रेलगाड़ी पर कोच, शौचालय, बर्थ, वॉश बेसिन, दर्पण, बिजली के उपकरणों की सफाई सुनिश्चित की गई। स्वच्छ पटरी पर रेलवे ट्रैक की सघन सफाई किया जा रहा है। स्वच्छ परिसर पर संबलपुर मंडल के विभिन्न कार्यालयों, रेलवे अस्पताल, स्वास्थ्य इकाई, कोचिंग डिपो, क्रू लॉबी, रेलवे कॉलोनियों, रनिंग रूम, वेटिंग रूम, रेस्ट हाउस आदि में गहन स्वच्छता अभियान चलाया गया। कैंटीन, फूड स्टॉल, पैंट्री कार, चाय की दुकानों और अन्य खानपान इकाइयों में 'स्वच्छ आहार' के अवसर पर सघनसफाई अभियान चलाया गया। स्वच्छ प्रसाधन पर मंडल में शौचालयों की गहन सफाई। स्वच्छ नीर अभियान के दौरान सभी जल प्रतिष्ठानों, फिल्टर संयंत्रों, जल आपूर्ति के स्त्रोतों का गहन निरीक्षण किया गया ताकि विभिन्न स्टेशनों पर आपूर्ति किए जाने वाले पानी की गुणवत्ता की आपूर्तिसुनिश्चित की जा सके। स्वच्छ स्पर्धा पर स्वच्छता के बारे में संबलपुर मंडालों के कर्मचारियों के बीच एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।


















# ओड़िशा के केंद्रीय विश्वविद्यालय ने स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम मनाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम 1 अक्टूबर, 2023 को ओडिशा केंद्रीय विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर में आयोजित किया गया है। यह कार्यक्रम 'राष्ट्रपिता' महात्मा गांधी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि देने के लिए स्वच्छता पखवाड़ा - स्वच्छता ही सेवा 2023 के हिस्से के रूप में आयोजित किया गया है। विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफेसर चक्रधर त्रिपाठी ने इस अवसर पर स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम को पूरे उत्साह के साथ लागू करने के लिए अपनी शुभकामनाएं दी हैं। प्रभारी कुलसचिन प्रोफेसर एनसी पांडा के निर्देश पर परिसर में कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि हमारे पर्यावरण को स्वच्छ रखना एक कदम है और यह जीवन भर जारी रहना चाहिए। उन्होंने छात्रों से इसे एक कार्यक्रम के रूप में आसपास के क्षेत्रों के आम लोगों तक ले जाकर मिशन को मजबूत करने का आग्रह किया। स्कूल ऑफ बायोडायवर्सिटी एंड कंजर्वेशन ऑफ नेचुरल रिसोर्सेज कंजर्वेशन की डीन प्रोफेसर एस के पलिता ने विश्वविद्यालय के छात्रों और कर्मचारियों को स्वच्छता को बढ़ावा देने और प्रदूषण मुक्त परिसर के लिए काम करने के लिए प्रेरित किया। डॉ. कपिला खेमुंडू, एसोसिएट प्रोफेसर और प्रमुख, समाजशास्त्र विभाग ने विश्वविद्यालय में कार्यक्रम का समन्वय किया और छात्रों और कर्मचारियों से स्वच्छता को अपने जीवन के एक स्थायी आदर्श के रूप में लेने और स्वच्छ वातावरण और व्यक्तिगत स्वच्छता के बारे में जागरूकता पैदा करने की दिशा में काम करने का आग्रह किया। इस अभियान को बनाए रखने के लिए, विशेष रूप से स्वच्छ वातावरण के मद्देनजर, विश्वविद्यालय के सभी विभागों जैसे शिक्षाविदों, प्रशासन और संबंधित क्षेत्रों और पास के गांव नुआगुड़ा की सड़कों को साफ और स्वच्छ किया गया था। नुआगुडा गांव और विश्वविद्यालय के आसपास घास हटाने, जंगली झाड़ियों को काटने, खुले स्थानों, और मैदानों से पॉलिथीन बैग हटाने की व्यवस्था की गई थी।










आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**